CMYK

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर,सोमवार, 11 सितंबर 2023 । वर्ष – 33 । अंक –133 । पृष्ठ –12 । मूल्य –





जी-20 ने एकता का संदेश दिया : मैक्रों पृष्ठ 3

■ शाहरूख की हिम्मत का कमाल है 'जवान'
■ 2024 के पहले हिंदू भावनाएं भड़काने की संघ- पृष्ठ 4

■ जी-20 सम्मेलन में फर्राटेदार हिन्दी में बोली अमेरिकी अधिकारी
■ रूस के डेन्यूब के पास बड़े पैमाने पर हमले करने के संकेत नहीं : नाटो पृष्ठ 9

मैं अभी भी सकारात्मक और प्रेरित हूं : सबालेंका पृष्ठ 10

## G-20 शिखर सम्मेलन

# 'शांति के संदेश' के साथ G-20 का समापन

## प्रधानमंत्री मोदी ने नवम्बर में एक वर्चुवल सत्र आयोजित करने का भी दिया सुझाव

### मोदी ने ब्राजील को सौंपी जी-20 की कमान अगले साल जुलाई-अगस्त में होगा आयोजन

– विंध्यवासिनी त्रिपाठी

**नई दिल्ली, 10 सितम्बर ( देशबन्धु )।** देश की राजधानी दिल्ली में दो दिनों के तक दुनिया के शीर्ष देशों के समागम सम्मेलन के बाद जी-20 समूह की बैठक खत्म हो गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक श्लोक के माध्यम से पूरी दुनिया में शांति एवं सौहार्द की प्रार्थना करते हुए इसके समापन की घोषणा की और दिसम्बर से इसकी मेजबानी की जिम्मेदारी ब्राजील को सौंप दी। इसके साथ उन्होंने सदस्य देशों के सामने नवम्बर माह में एक वर्चुवल सत्र आयोजित करने का भी सुझाव दिया। अपने समापन भाषण में प्रधानमंत्री ने कहा कि दो दिनों तक चली बैठक में सदस्य देशों के समाम सुझाव और प्रस्ताव आए। ऐसे में जबकि भारत के पास अभी नवम्बर 2023 तक जी-20 की अध्यक्षता है,तो वे चाहते हैं कि जो सुझाव आए हैं,उनकी एक बार फिर से समीक्षा की जाए। उन्होंने प्रस्ताव दिया कि नवम्बर के आखिर में जी-20 समूह का एक वर्चुवल सत्र आयोजित किया जाए। इससे पहले उन्होंने ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा को जी-20 की अध्यक्षता सौंपते हुए पारम्परिक गैवल( एक प्रकार का हथौड़ा ) सौंपा और शुभकामनाएं दी। ब्राजील 1 दिसम्बर 2023 से औपचारिक रूप से इस समूह का अध्यक्ष बन जाएगा और अगले साल जुलाई-अगस्त में अपने देश में जी-20 सम्मेलन का आयोजन करेगा।

#### G-20 नेताओं ने दी महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि

जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने आये विश्व नेताओं ने आज राजघाट जाकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की समाधि पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अमेरिका के राष्ट्रपति जोसेफ आर बिडेन, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज़, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो , चीन के प्रधानमंत्री ली चियांग, इटली की प्रधानमंत्री जिओर्जियो मेलोनी, इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो, जर्मनी के चांसलर ओलोफ शोल्ज, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों, रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव तथा अन्य राष्ट्राध्यक्ष/शासनाध्यक्ष और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रमुख राजघाट पहुंचे। राजघाट पहुंचने पर सभी मेहमान नेताओं का अंगवस्त्र पहना कर स्वागत किया गया।

#### राष्ट्राध्यक्षों की पत्नियों को भाए छत्तीसगढ़ के पकवान

छत्तीसगढ़ के बस्तर का मिलेट विशेषकर रागी से बने लड्डू जी-20 में आए राष्ट्राध्यक्षों और उनकी पत्नी को काफी भाया। विभिन्न देशों के प्रमुखों की प्रथम महिलाओं और जीवनसाथियों को नई दिल्ली के पूसा रोड पर आईएआरआई परिसर में एक कृषि प्रदर्शनी के लिए विशेष निमंत्रण दिया गया। छत्तीसगढ़ के बस्तर से आई महिलाओं ने मिलेट से बनने वाले पकवानों को विशेष तौर पर तैयार किया था। बस्तर ज़िले के बास्तानर ब्लॉक से पहुंचीं संगीता कश्यप ने बताया कि उन्होंने मिलेट के लड्डू, रागी कुकीज़, रागी चकली, कोदो-कुटकी आदि मिलेट से तैयार होने वाले पकवान बनाए थे।




#### डिसिल्वा ने भारत का जताया आभार

इस मौके पर जी-20 का कुशलतापूर्वक भव्य आयोजन करने और शिखर सम्मेलन में उत्कृष्ट कार्य के लिए डिसिल्वा ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र को बधाई दी। साथ ही उभरती अर्थव्यवस्था के हितों से जुड़े मुद्दों को आवाज देने के लिए भारत के प्रयासों के प्रति आभार भी जताया। उन्होंने कहाकि वे एक ऐसी दुनिया में रह रहे हैं,जहां धन अधिक केंद्रित है,जहां लाखो लोग अभी भूखे सोते हैं,जहां सतत विकास को हमेशा खतरा रहता है,जिसमें सरकारी संस्थान अभी वास्विकता को प्रतिबिंबित करते हैं। इन सभी समस्याओं का सामना तभी कर सकते हैं,जब तमाम असमानताओं को खत्म करेंगे।

### भरत मंडपम में जलभराव का वीडियो वायरल जरा सी बारिश में तैरता दिखाई दिया विकास: कांग्रेस

भारी बारिश के बाद भारत के जी20 शिखर सम्मेलन के आयोजन स्थल भारत मंडपम में पानी भर जाने की तस्वीरें वायरल हो गईं, इसके बाद कांग्रेस को केंद्र सरकार पर निशाना साधने का मौका मिल गया। उन्होंने कहा, एक बारिश ने खोखले विकास के दावे को उजागर कर दिया है। लेकिन सरकार की ओर से इसका खंडन किया गया। कांग्रेस ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल से जलमग्न भारत मंडपम का वीडियो संलग्न करते हुए कहा, खोखला विकास मॉडल उजागर हो गया। भारत मंडपम जी20 के लिए तैयार किया गया था और 2,700 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे। एक ही बारिश ने दावों की पोल खोल दी। कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने भी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, 3,000 करोड़ रुपए की लागत से बना भारत मंडपम थोड़ी सी बारिश में तैरता नजर आया, मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं कि दिन में ज्यादा बारिश न हो और जी20 शिखर सम्मेलन सकुशल संपन्न हो गया। मोदी सरकार ने गरीबों को पर्दे से ढक दिया है, लेकिन कोई भी दिखावा उसके कुकर्मों को नहीं ढक सकता।' सुरजेवाला ने कहा, वैसे भी, मोदी सरकार में आयोजनों और उद्घाटनों के बाद कुछ नहीं टिकता।

### आस्ट्रेलिया का फर्स्ट लेडी को बस्तर की महिलाओं की ओर से मिलेट का उपहार




**रायपुर।** बस्तर का मिलेट विशेषकर रागी से बने लड्डू जी-20 में आये राष्ट्राध्यक्षों और उनकी पत्नी को काफ़ी भाया। अवसर था जी-20 देशों में भाग लेने वाले प्रमुखों की प्रथम महिलाओं और जीवनसाथियों को 9 सितंबर को पूसा रोड पर आईएआरआई परिसर में एक कृषि प्रदर्शनी के लिए विशेष निमंत्रण दिया गया। बस्तर का मिलेटछत्तीसगढ़ के बस्तर से आयी महिलाओं ने मिलेट से बनने वाले पकवानों पर विशेष तैयारियां की थी। बस्तर ज़िले के बास्तानर ब्लॉक से आयी संगीता कश्यप ने बताया कि उन्होंने मिलेट के लड्डू, रागी कुकीज़, रागी चकली, कोदो-कुटकी आदि मिलेट से तैयार ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## सार संक्षेप

### मोरक्को में भूकंप से मरने वालों की संख्या दो हजार से अधिक हुई

**रबात, 10 सितम्बर ( एजेंसियां )।** मोरक्को में शुक्रवार की रात आये शक्तिशाली भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़कर दो हजार से अधिक हो गयी है। इस बीच मोरक्को में शनिवार से तीन दिन का राष्ट्रीय शोक की घोषणा की गयी है। मोरक्को के किंग मोहम्मद चतुर्थ ने विनाशकारी आपदा पर कल बैठक बुलाई। बैठक में राष्ट्रीय शोक की घोषणा की गयी। शाही कार्यालय की ओर से जारी बयान के अनुसार राष्ट्रीय शोक के दौरान सभी सार्वजनिक स्थलों पर झंडे आधे झुके रहेंगे। देश के गृह मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के मुताबिक भूकंप से मरने वालों की संख्या बढ़कर 2012 हो गयी है जबकि 2059 लोग घायल हुए हैं , जिनमें 1404 की हालत गंभीर है। भारत, अमेरिका, अरब लीग, मिस्र, संयुक्त अरब अमीरात, फिलिस्तीन, सऊदी अरब, कतर, ट्यूनीशिया, अल्जीरिया, लेबनान, लीबिया ,ईरान, तुर्किये, इजराइल, फ्रांस और जर्मनी तथा अन्य देशों एवं अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने मोरक्को को सहायता की पेशकश की है।

### भाजपा का उद्देश्य केवल अमीरों को बढ़ावा देना : प्रियंका


**जयपुर।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने रविवार को कहा कि भाजपा की नीतियों का उद्देश्य केवल अमीरों को बढ़ावा देना है। उनका देश के गरीबों या मध्यम वर्ग के लोगों से कोई लेना-देना नहीं है। प्रियंका गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने काफिले पर करोड़ों रुपये खर्च करते हैं जबकि वह खुद को धरती पुत्र कहते हैं। प्रियंका गांधी ने राजस्थान के टोंक में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विदेश जाते हैं और अपने उद्योगपति दोस्तों के लिए सौदे करते हैं। भाजपा की नीतियों का उद्देश्य केवल अमीरों को बढ़ावा देना है और उनका गरीबों या मध्यम वर्ग से कोई लेना-देना नहीं है।

### आरक्षण मुद्दे पर शिंदे ने आज बुलाई सर्वदलीय बैठक

**जालना।** मराठवाड़ा क्षेत्र के साथ-साथ महाराष्ट्र के अन्य हिस्सों में मराठा आरक्षण का मुद्दा गहराने के बीच मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने इस मुद्दे को सुलझाने के लिए सोमवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। सूत्रों के मुताबिक बैठक सोमवार को 'सह्याद्री गेस्ट हाउस' में होगी। इससे पहले सात सितंबर को श्री शिंदे ने मराठों को आरक्षण प्रदान करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की थी।

वहीं, राज्य सरकार ने मराठा आरक्षण

## भाजपा, आरएसएस का हिंदूत्व से कोई लेना-देना नहीं : राहुल



**पेरिस, 10 सितम्बर ( एजेंसियां )।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि भाजपा और आरएसएस का हिंदूत्व से कोई लेना-देना नहीं है और वे सत्ता पाने के लिए कुछ भी करेंगे। फ्रांस के पेरिस में साइंसेज पीओ यूनिवर्सिटी में छात्रों और संकाय सदस्यों के साथ बातचीत के दौरान एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, मैंने गीता पढ़ी है। मैंने कई उपनिषद पढ़े हैं और कई हिंदू किताबें पढ़ी हैं। भाजपा जो करती है उसमें हिंदू जैसा कुछ भी नहीं है। बिल्कुल कुछ भी नहीं।

केरल के वायनाड संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले गांधी ने कहा, मैंने कहीं भी किसी हिंदू किताब में नहीं पढ़ा है, किसी विद्वान हिंदू व्यक्ति से नहीं सुना है कि आपको उन लोगों को आतंकित करना चाहिए या उन्हें नुकसान पहुंचाना चाहिए जो आपसे कमजोर हैं। भाजपा और आरएसएस का हिंदू धर्म से कोई लेना-देना नहीं है। वे किसी भी कीमत पर सत्ता हासिल करना चाहते हैं और सत्ता पाने के लिए वे कुछ भी करेंगे। सरकार पर कटाक्ष करते हुए गांधी ने कहा, भाजपा और आरएसएस जो करने की कोशिश कर रहे हैं, मुझे लगता है कि उसका मुकाबला करने की जरूरत है। इसके लिए राजनीतिक कल्पनाशक्ति की आवश्यकता है। ऐसा किया जाना बहुत ज़रूरी है। भाजपा और आरएसएस निचली जातियों, अन्य पिछड़ा वर्ग ( ओबीसी), आदिवासियों और अल्पसंख्यक समुदायों की अभिव्यक्ति और भागीदारी को रोकने की कोशिश कर रहे हैं। मेरे लिए, जहां किसी दलित या मुस्लिम या किसी के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है या उस पर हमला किया जा रहा है, यह वह भारत नहीं है जो मैं चाहता हूं। मुझे नहीं लगता कि जिस प्रकार की राजनीतिक कल्पना की आवश्यकता है, वह वर्तमान में मौजूद है। हमें उस राजनीतिक कल्पना को फिर से बनाने की जरूरत है जो समस्या का समाधान करेगी। सांसद ने कहा कि उनके लिए यह भारत की केंद्रीय समस्या है जो किसी भी अन्य समस्या से बड़ी है। उन्होंने कहा, हिंदू राष्ट्रवादी शब्द, यह गलत शब्द है, वे हिंदू राष्ट्रवादी नहीं हैं, उनका हिंदू धर्म से कोई लेना-देना नहीं है। यूरोप के छह दिवसीय दौरे पर निकले कांग्रेस नेता राहुल गांधी रविवार को नीदरलैंड पहुंच गए हैं। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के सचिव वीरेंद्र वशिष्ठ ने कहा, केरल के वायनाड से सांसद राहुल गांधी का विज्नहेवन में लीडेन विश?वविद्यालय में एक कार्यक्रम में शिरकत करने की योजना है।

- कांग्रेस नेता ने कहा, सत्ता पाने के लिए कुछ भी कर सकते हैं भाजपा-आरएसएस
- पेरिस में छात्रों और संकाय सदस्यों के साथ की बातचीत

## कांग्रेस की सूची से भाजपा हो जाएगी क्लीन बोल्ड : दीपक बैज



**रायपुर, 10 सितम्बर ( देशबन्धु )।** प्रदेश कांग्रेस में प्रत्याशी चयन की कवायद चल रही है। इस बीच कांग्रेस की पहली सूची और टिकट वितरण को लेकर दीपक बैज का बयान सामने आया है। बैज का कहना है कि कांग्रेस की लिस्ट देखकर भाजपा क्लीन बोल्ड हो जाएगी। वह 21 प्रत्याशियों की लिस्ट जारी करके फंस गई है। रायपुर हेलीपेड पर पत्रकारों से चर्चा के दौरान बैज ने ये बात कही।

उन्होंने कहा कि प्रत्याशी चयन के मामले में कांग्रेस सही समय में सही फैसला लेगी। भाजपा दूसरी सूची भी जारी करने वाली थी, लेकिन बड़े नेताओं के कार्यक्रम को देखकर डरी हुई है। बैज का कहना है कि 21 प्रत्याशियों की सूची जारी कर बीजेपी फंस गई हैं, क्योंकि उनके कार्यक्रमों में बहुत सारे विरोध देखने को मिल रहे हैं, लेकिन कांग्रेस में ऐसी स्थिति नहीं है। बीते दिनों मंत्री गुरु रुद्र कुमार का रायपुर में विरोध हुआ था, इसके अलावा मोहन मरकाम का विरोध करने भी कार्यकर्ता पहुंचे थे।

**21 प्रत्याशियों की सूची जारी कर भाजपा फंसी**

#### दावेदारों में कोई अंतर्कलह नहीं है

टिकट के ऐलान से पहले ही दावेदारों के प्रदर्शनों को कांग्रेस के अंतर्कलह से जोड़े जाने पर कहा कि कांग्रेस लोकतांत्रिक पार्टी है। दावेदारों को आवेदन करने से कहीं रोका नहीं गया और उनके बीच कोई अंतर्कलह नहीं है। ब्लॉक स्तर से प्रदेश स्तर तक आवेदन आया है। उन्होंने कहा कि हमारे पास सूची आ गई है और पैनल भी तैयार है। कहीं अंतर्कलह नहीं है। टिकट एक को मिलेगा और सभी को साथ मिलकर प्रत्याशी को जिताने का काम करना है।

#### 21 प्रत्याशियों के नाम नहीं जानते रमन सिंह

भाजपा पर निशाना साधते हुए दीपक बैज ने कहा कि 15 साल सरकार में ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## आदित्य-एल1 ने तीसरी कक्षा में किया प्रवेश



**चौथी कक्ष में प्रवेश के लिए 15 सितम्बर का समय निर्धारित**

चेन्नई, 10 सितम्बर ( एजेंसियां )। सूर्य अध्ययन के लिए भेजे गये भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ( इसरो ) के पहले सौर खोजी मिशन आदित्य-एल1 ने सफलतापूर्वक तीसरी कक्षा में प्रवेश कर लिया है। इसरो ने आज यहां बताया कि रविवार तड़के 0230 बजे इसरो टेलीमेट्री, ट्रैकिंग और कमांड नेटवर्क ( आईएसटीआरएसी ) ने आदित्य एल 1 सफलतापूर्वक अगली कक्ष में पहुंचाया। अभियान के दौरान मॉरीशस, बेंगलुरु, एसडीएससी-शार और पोर्ट ब्लेयर में इसरो के ग्राउंड स्टेशनों ने उपग्रह पर नजर बनाये रखी गई। उन्होंने बताया कि नयी कक्ष 296 किमी गुणा 71767 किलोमीटर है। अगली चौथी कक्ष में प्रवेश के लिए 15 सितंबर तड़के दो का समय निर्धारित किया गया है। उल्लेखनीय है कि भारत ने दो सितम्बर को अपने पहले सूर्य मिशन आदित्य एल1 को सूर्य और अंतरिक्ष के अध्ययन के लिए प्रक्षेपित किया था। यह सूर्य मिशन पृथ्वी के सबसे नजदीक इस तारे की निगरानी करेगी और सोलर विंड जैसे अंतरिक्ष के मौसम की विशेषताओं का अध्ययन करेगा।

## चंद्रबाबू नायडू को 22 तक न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**विजयवाड़ा, 10 सितम्बर ( एजेंसियां )।** आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा की एक अदालत ने रविवार को कौशल विकास निगम घोटाला मामले में टीडीपी सुप्रीमो और आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू को 22 सितंबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। लंबी बहस और दिन भर के तनाव के बाद एसीबी कोर्ट ने फैसला सुनाया।

तेलुगु देशम पार्टी ( टीडीपी ) सुप्रीमो, जिन्हें शनिवार सुबह सीआईडी ने गिरफ्तार किया था, को राजमुंदरी सेंट्रल जेल में स्थानांतरित किए जाने की संभावना है। अदालत का आदेश टीडीपी के लिए एक बड़ा झटका है, जिसके नेता अनुकूल फैसले की उम्मीद कर रहे थे। कोर्ट के आदेश के तुरंत बाद नायडू के वकीलों ने जमानत याचिका दायर की। यह फिलहाल स्पष्ट नहीं था कि याचिका पर तुरत सुनवाइ होगी या नहीं। सुबह करीब छह बजे शुरू हुई बहस करीब छह घंटे तक जारी रही। जहां अभियोजन पक्ष ने नायडू की 15 दिन की न्यायिक हिरासत की मांग की, वहीं टीडीपी नेता के वकील ने इसका विरोध किया। दोपहर करीब तीन बजे दलीलों की सुनवाई पूरी हो गई। इसके बाद नायडू, उनके वकील, परिवार के सदस्य और टीडीपी नेता उत्सुकता से फैसले का इंतजार कर रहे थे।

### टीडीपी प्रमुख ने खुद रखी दलीलें

टीडीपी प्रमुख ने स्वयं न्यायाधीश के समक्ष दलीलें रखी थीं। उन्होंने अपनी गिरफ्तारी को अवैध और राज्य में सत्तारूढ़ वाईएसआर कांग्रेस पार्टी सरकार द्वारा राजनीतिक प्रतिशोध की कार्रवाई बताया।

**शिक्षा नीति** *बदलाव के बारे में समझाने के लिए बोर्ड ने सैम्पल जारी किए, सैंपल पेपर को आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किया*

## सीबीएसई बोर्ड परीक्षा पैटर्न में होगा बदलाव

**नई दिल्ली, 10 सितम्बर (एजेंसियां)। सीबीएसई की बोर्ड परीक्षा पैटर्न में कई महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिल सकते हैं। सीबीएसई ने यह बदलाव अगले वर्ष 2024 में होने वाली बोर्ड परीक्षाओं में करने का फैसला किया है। छात्रों को बदलाव के बारे में समझाने के लिए बकायदा नए सैम्पल पेपर भी रिलीज कर दिए गए हैं।**

एक्सपर्ट के मुताबिक, जो छात्र अगले वर्ष बोर्ड परीक्षा में शामिल होने जा रहे हैं, वे छात्र जारी किए गए इन सैम्पल पेपर्स की मदद से इन बदलावों को जान सकते हैं। सीबीएसई के यह सैंपल पेपर छात्रों को अभी से जानकारी देंगे कि आने वाली परीक्षा में किस प्रकार के सवाल पूछे जाएंगे। प्रश?नों के अलावा छात्रों को यह भी पता लग सकेगा की परीक्षा में किस प्रकार की मार्किंग रहेगी। सीबीएसई ने अपने यह नए सैंपल पेपर आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किए हैं। बोर्ड परीक्षा में सबसे बड़ा बदलाव यह है कि अब 50 प्रतिशत सवाल कंपीटेंसी बेस्ड होंगे। वर्ष 20 24 में बोर्ड परीक्षा देने वाले छात्र सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट से इन सैंपल पेपर का पीडीएफ डाउनलोड कर सकते हैं। वर्ष 20 24 से लागू होने वाले सीबीएसई परीक्षा में एनालिटिकल, कॉन्सेप्ट बेस्ड सवाल ज्यादा आएंगे।

विशेषज्ञों के मुताबिक, इसके अलावा एमसीक्यू, शॉर्ट आंसर्स सभी में सवालों की वेरायटी यही रहेगी। तकरीबन 50 प्रतिशत सवाल एमसीक्यू, और एक से दो मार्क्स के रूप में बदल दिए गए हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के मुताबिक, अब बोर्ड परीक्षाओं का उद्देश्य छात्रों में विषयों की समझ का मूल्यांकन करना होगा। विशेषज्ञों का मानना है कि इस नई पद्धति से कोचिंग और याद रखने की आवश्यकता में कमी आएगी। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने बताया कि बोर्ड परीक्षाओं के अलावा स्कूली शिक्षा पद्धति में और भी कई महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। इन बदलावों के अंतर्गत11वीं और 12वीं कक्षा में पढ़ाई के दौरान विषयों का चयन सीमित नहीं रहेगा। आने वाले दिनों में छात्रों को 11वीं और 12वीं कक्षा में अपनी पसंद के विषय चुनने की सुविधा मिलेगी।




### कम से कम दो भाषाएं पढ़नी होगी

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के मुताबिक, कक्षा 11 और 12 के छात्रों को कम से कम दो भाषाएं पढ़नी होंगी। मंत्रालय का कहना है कि 11वीं और 12वीं कक्षा में पढ़ाई जाने वाली इन भाषाओं में से एक भारतीय भाषा होनी चाहिए।

## छत्तीसगढ़ ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड





# राजधानी में 2000 से अधिक योग साधकों ने किया सेतुबंध आसन का प्रदर्शन

### छत्तीसगढ़ योग आयोग द्वारा नागरिकों को स्वस्थ जीवन शैली के लिए प्रेरित करने सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम

### मुख्यमंत्री बघेल ने उपलब्धि पर दी शुभकामनाएं

**रायपुर**,10 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ ने सेतुबंध आसन के प्रदर्शन के लिए गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम सुनहरे अक्षरों में दर्ज करा लिया है। राजधानी रायपुर के बूढ़ापारा स्थित स्वर्गीय बलबीर जुनेजा इंडोर स्टेडियम में आज प्रदेशभर से आए 2000 से अधिक योगाभ्यासियों ने तिरंगे रंग का प्रतिरूप बनाते हुए एक साथ वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए सेतुबंध आसन का सामूहिक प्रदर्शन किया।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस उपलब्धि पर शुभकामना संदेश में कहा है कि 'छत्तीसगढ़ जब तक करेगा योग, तब तक रहेगा निरोग'। उन्होंने कहा कि सेतुबंध आसन मन और शरीर को ब्रिज की तहत जोड़ता है। गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के एशिया हेड डॉ. मनीष विश्नोई ने रिकार्ड बनने की घोषणा करते हुए छत्तीसगढ़ योग आयोग को प्रोविजनल सर्टिफिकेट प्रदान किया।

छत्तीसगढ़ योग आयोग द्वारा लोगों को योग के महत्व के प्रति जागरूक करने और स्वस्थ जीवन शैली के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में श्री प्रदीप शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ योग आयोग द्वारा गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराना एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। श्री ज्ञानेश शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने लोगों के स्वास्थ को प्राथमिकता में रखते हुए छत्तीसगढ़ योग आयोग को महती जिम्मेदारी सौंपी। इसे पूरा करते हुए आयोग द्वारा प्रदेश में लगभग 50 नियमित नि:शुल्क योगाभ्यास केन्द्र शुरू किये गए हैं। सभी संभागों के योगसाधकों में प्रशिक्षण देकर गांव-गांव तक योग का प्रचार किया जा रहा है।

संसदीय सचिव विकास उपाध्याय ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग तन, मन और धन को सुरक्षित रखता है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशानुसार आम नागरिकों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए उनके विधानसभी क्षेत्र के 90 प्रतिशत से अधिक वार्डों में नि:शुल्क योग केन्द्र खोले गए हैं। डॉ. किरणमयी नायक ने कहा कि सभी योगसाधक 10-10 लोगों को योग सिखाएं। अगले वर्ष बड़ी संख्या में एक बार फिर सभी रिकॉर्ड बनाएंगे। सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में सेतुबंध आसन के साथ-साथ अन्य आसनों, प्राणायामो तथा ध्यान का अभ्यास भी किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल की उपाध्यक्ष श्रीमती चित्ररेखा साहू, छत्तीसगढ़ योग आयोग के सदस्यगण राजेश नारा, रविन्द्र सिंह, गणेश योगी, संस्कृत विद्यामंडलम के अध्यक्ष डॉ. सुरेश शर्मा, आईजी रतनलाल डांगी, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के साधकगण सहित बड़ी संख्या में योग प्रशिक्षक और साधकगण और बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री के बिलासपुर प्रवास पर हवाई सुविधा जनसंघर्ष समिति उन्हें हवाई सुविधा के विकास और विस्तार के लिए ज्ञापन सौंपेगी

### सांसद अरूण साव और केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह से भी अनुरोध करेगी समिति

**बिलासपुर,** 10 सितम्बर (देशबन्धु)। हवाई सुविधा जनसंघर्ष समिति ने आगामी 28 सितम्बर 2023 को होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रवास के दौरान उनसे मुलाकात कर उन्हें बिलासपुर में हवाई सुविधा के विकास और विस्तार हेतु ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया है। इस मुलाकात के लिए समिति के द्वारा प्रधानमंत्री कार्यालय से संपर्क किया जाएगा। वहीं इस हेतु स्थानीय सांसद और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव और केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह से भी अनुरोध करने का निर्णय भी समिति ने लिया है। केंद्र सरकार के सामने निम्न मामले लंबित होने से बिलासपुर एयरपोर्ट का विकास और विस्तार प्रभावित हो रहा है।


सेना के नाम की 1012 एकड़ जमीन जिसे वापस करने की सहमति रक्षा मंत्रालय दे चुका है और राज्य सरकार इस हेतु 90 करोड़ की राशि भी जमा कर चुकी है परंतु जमीन की वापसी लंबित है। बिलासपुर एयरपोर्ट को पुन: उड़ान योजना में शामिल कर बिलासपुर से महानगरों के मार्ग पर एयरलाइनर कंपनियों को आमंत्रित करने हेतु टेंडर, बिलासा बाई केंवट एयरपोर्ट को 4 सी एयरपोर्ट के रूप में विकसित करने एकमुश्त राशि मंजूर करना।

गौतलब है कि नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। और इसके कारण बिलासपुर में हवाई सुविधा का विकास बाधित हो रहा है। इसी तरह रक्षा मंत्रालय के जमीन वापसी प्रकरणों में अनावश्यक देरी देखी जाती है। सेना के ट्रेनिंग सेंटर के लिए 2011 में 2012 एकड़ जमीन एयर पोर्ट के चारों ओर अधिग्रहित की गई थी और इसके तहत एयरपोर्ट को सेना विकसित भी करनरे वाली थी। परंतु बाद में यह प्रोजेक्ट ड्राप हो गया और जमीन आज तक खाली पड़ी है। उक्त जमीन की आवश्यकता बिलासा बाई केंवट एयरपोर्ट के रनवे को बढ़ने के लिए है क्योंकि इसके बिना बिलासपुर में बाईंग और एयरबस जैसे बड़े विमान नहीं उतर सकते। समिति ने कहा कि जब इस मसले पर सहमति हो चुकी है तो फिर अब भूमि हस्तांतरण में देरी क्यों की जा रही है। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने केंद्र सरकार से एयरपोर्ट विकास के मामले को राजनैतिक चश्मे से ना देखने की अपील की है और कहा है कि प्रधान मंत्री से इस मसले पर त्वरित निर्देश देने की मांग की जायेगी और इस मुलाकात के लिए केंद्रीय राज्य मंत्री रेणुका सिंह साथ ही स्थानीय सांसद से भी अपील की है कि इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करते हुए बिलासपुर के साथ किये जा रहे भेदभाव को समाप्त कराये।




हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति का महाधरना आज भी जारी रहा और आगमन के क्रम से देवेंद्र सिंह ठाकुर, अनिल गुलहरे, केशव गोरख, दीपक कश्यप, अशोक भंडारी, राकेश शर्मा, रवि बनर्जी, मनोज श्रीवास, कमल सिंह ठाकुर, समीर अहमद, गोपी राव, रामकुमार वस्त्रकार, रंजीत सिंह खनूजा, किशोरी लाल गुप्ता, अकील अली, प्रेमदास मानिकपुरी, प्रभात कुमार गुप्ता, विजय शर्मा, मोहसीन अली, नरेश यादव, चंद्रप्रकाश जायसवाल, मनोज तिवारी, शाहबाज अली, और सुदीप श्रीवास्तव शामिल थे।

## कृष्णापुरम आवासीय टाउनशिप में विश्वस्तरीय सुविधाएं



**बिलासपुर,10 सितंबर** ( देशबन्धु) ।बिल्हा मोड़ हिर्री थाना के पास कृष्णापुरम आवासीय टाउनशिप का निर्माण किया जा रहा हैं यहाँ लोगो के लिए 1 ; 2; 3; ओर 4 बीएचके का मकान के साथ प्लाट भी उपलब्ध कराया जा रहा है इस प्राजेक्ट में अनेक सुविधाये प्रदान की जा रही है। 26 एकड़ की एक भव्य टाउनशिप है। इंसमे विश्वस्तरीय सुविधाएं जैसे भव्य प्रवेश द्वार सुरक्षित बाउण्ड्रीवाल स्विनीग पुल क्लब हाउस जिम जोगिग ट्रेक मंदिर बच्चों के लिए प्ले ग्राउंड शापनिग मॉल बैडमिंटन कोर्ट पानी बिजली सड़क सीसीटीवी के साथ ही हरियाली से सुसज्जित परिसर खुद की टांसफार्मर है । डायरेक्टर राजेन्द्र सिंह राजपूत ने बताया कृष्णापुरम आवासीय टाउनशिप अपने ग्राहकों को बुकिंग पर लकी ड्रा में जितने का सुनहरा मौका दे रही है वही सीसी रोड का निर्माण हो गया है 5000 ट्री प्लांटेशन किया जा रहा है इस प्रोजेक्ट में तमाम वो सुविधाएं मौजूद है जो लोगो से रोजमर्रा से जुड़ा हुआ है प्रोजेक्ट में फ्लैट व मकान बहुत ही किफायती दरों में उपलब्ध होने के कारण इसकी खूब पूछ परख हो रही है।

## मटकी फोड़ में प्रथम स्थान पाने वाले दल को 5 हजार नकद



**तखतपुर, 10 सितम्बर** (देशबन्धु)। आजाद नगर द्वारा आयोजित मटकी फोड़ कार्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले दल इंडियन दल को म 5 हजार रूपए का नगद पुरस्कार विधायक श्रीमती रश्मि सिंह ओर से दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र पाण्डेय ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने विभिन्न लीलाओं के माध्यम से हम सभी को यह सीख दिए कि कोई भी चीज इस जीवन में स्थायी नही है हर चीज नाशवर है और यदि कुछ है तो ईश्वर और उसकी भक्ति ही है जिसके माध्यम से व्यक्ति मोछ प्राप्त करता है। आजाद नगर की ओर से आयोजित मटका फोड़ प्रतियोगिता में 7 दल भाग लिया जिसमें प्रथम इंडियन दल, द्वितीय शिव शंकर दल, तृतीय महाकाल दल, गणेश स्वीट्स के द्वारा शील्ड प्रदान किया। अली मोबाइल के द्वारा दूसरा पुरस्कार 3 हजार रूपए, रजा पोल्टी फॉर्म वेदप्रकाश ठेकेदार तखतपुर के द्वार आयोजक समिति 5 हजार रूपए , रितेश सीसी टीवी कैमरे के द्वारा 3 हजार रूपए भेट की। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा मुन्ना श्रीवास , जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र पांडेय , पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अजय देवांगन, नगर कांग्रेस अध्यक्ष बिहार देवांगन, पार्षद मुकीम अंसारी,लक्ष्मी यादव, कांग्रेस नेता अभिषेक पांडे, एडरमैन चंद्रप्रकाश देवांगन, घनश्याम जांगड़े, पवन पांडेय,सुनील जांगड़े,बबलू गुप्ता, निलेश धनकर ,आयुष ठाकुर ,सत्यम ताम्रकार, राजवीर, आयोजक समिति के अध्यक्ष सुखदेव कुर्रे , अजय ध्रुव ,कैलाश,दीपेश,राहुल,नरेश, कलेश्वर,आयुष, श्रीचन्द ,समीर,संदीप, शैलेन्द सौरभ, सौरव, गौरव, अरिहंत ,रितेश,सुमित,आकाश सहित अन्य उपस्थित रहे।

# यादव समाज अपनी शैक्षणिक एवं कौशल योग्यता से विशेष स्थाना रखता है- हर्षिता

### धर्म अधर्म की लड़ाई में सदैव धर्म की जीत हुई

**तखतपुर, 10 सितम्बर (देशबन्धु)।** यादव समाज का शौर्य सनातन काल से प्रासंगिक रहा है धर्म अधर्म की लड़ाई में सदैव धर्म की जीत हुई है श्रीकृष्ण जन्माष्टमी हमें आपसी सौहार्द्र के साथ धर्म रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहना सिखाती है। पूर्व महिला आयोग अध्यक्ष श्रीमती हर्षिता पाण्डेय ने यादव समाज द्वारा आयोजित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी समारोह के अवसर पर संदेश देते हुए कहा कि सर्व यादव समाज द्वारा नगर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन रखा इस आयोजन में मुख्य रूप से उपस्थित अतिथियों ने अपने अपने विचार रखे। श्रीमती हर्षिता पाण्डेय ने कहा कि यादव समाज अपनी शैक्षणिक एवं कौशल योग्यता से विशेष स्थान रखता है हमेशा धर्म रक्षा एवं समाज के लिए यह समाज आगे रहता है। प्रदेश कांग्रेस सचिव संतोष कौशिक ने कहा कि यादव समाज शिक्षा के साथ अनेक क्षेत्रों में अपना कौशल का प्रदर्शन कर पचरम लहराया है समाज की उन्नति एवं तरक्की के लिए यादव समाज की अग्रणी भूमिका है। भविष्य में भी सामुहिक एकता एवं समरसता के साथ और अच्छा कार्य करते रहेंगे। यादव समाज प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदू ने कहा कि समाज की एकता एवं आपसी भाई चारे को बनाए रखने के लिए समय समय पर ऐसे आयोजन होना चाहिए जिससे सभी को एक मंच पर आने का अवसर प्राप्त होता है आमंत्रित सभी अतिथियों एवं समाज प्रमुखों ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दी।




जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र पाण्डेय ने कहा कि यादव समाज की गौरवशाली इतिहास रहा है मैं हमेशा समाज के लिए अपनी सहयोग एवं शुभकामनाएं देता रहूंगा। कार्यक्रम की शुरूआत युवा दल द्वारा बाईक रैली निकाली गई। मंचीय कार्यक्रम उपरांत शाम को सर्व यादव समाज द्वारा नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो सांस्कृतिक भवन से नगर के विभिन्न मार्गो में भ्रमण किया। जगह जगह शोभायात्रा का स्वागत किया गया।

इस अवसर पर रामचंद्र यादव, लक्ष्मी यादव, विश्वनाथ यादव, अजय यादव, सरजू यादव, आत्मा यादव, अनिल यादव, कल्ला यादव, गोलू यादव, गोपाल यादव, देवारी लाल यादव, रामरतन यादव, मतवार यादव, पंकज यादव, डग्गा यादव, कुशल यादव, सागर यादव, विक्की यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

## महिला मटकी फोड़ कार्यक्रम में शामिल हुई डॉ. उज्वला

**बिलासपुर,10 सितंबर** ( देशबन्धु) ।महिला मटकी फोट प्रतियोगिता का आयोजन मराठा सेवा संघ प्रणित जिजाऊ ब्रिगेड बिलासपुर द्वारा किया गया। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि के रूप में आम आदमी पार्टी की प्रदेश संयुक्त सचिव डॉ.उज्वला कराड़े शामिल हुई। प्रतियोगिता मराठा समाज की महिलाओ ने आंख में पट्टी बांधकर मटकी फोड़ने के प्रतिस्पर्धा में भाग लिया। इस कार्यक्रम में मराठा समाज ने भगवान कृष्ण के जयकारों के साथ माहौल भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम के दौरान मटकी फोड़ टीम के सदस्यो ने मौजूद हर श्रद्धालु का उत्साह बढ़ाया। इससे पहले हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों ने सभी को बांधे रखा।इस अवसर पर डॉ. उज्वला ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों में बच्चो को भी शामिल करें ताकि सनातन धर्म-संस्कृति के संरक्षण की अलख जगाई जा सके। सनातन धर्म और संस्कृति का संरक्षण तब भी संभव है जब हम भावी पीढ़ी को इससे रूबरू कराएंगे। बालक-बालिकाओं की बचपन से ही ऐसे धार्मिक आयोजनों में भागीदारी सुनिश्चित करने से भावी पीढ़ी में धर्म, संस्कृति और राष्ट्र भक्ति के स्थायी भाव जागृत होंगे। आयोजन स्थल पर कृष्ण भगवान की जयकारों, नंद घर आयो आनंद भयो से लेकर हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैयालाल की नारे लगे। कार्यक्रम के अंत में डॉ. उज्वला ने सफल आयोजन के लिए महिला टीम को बधाई दी।कार्यक्रम में देवेंद्र कुर्रे जिला उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ आम आदमी पार्टी बिलासपुर आयोजन, समिति के समस्त पदाधिकारी एवं भारी मात्रा में श्रद्धालु मौजूद रहे।



प्रथम पृष्ठ का शेष

### आस्ट्रेलिया का फर्स्ट लेडी को बस्तर की महिलाओं की ...

होने वाले पकवान बनाए थे। 'ऑस्ट्रेलिया की फ़र्स्ट लेडी को उन्होंने मिलेट से बनाए पकवानों की टोकरी उपहार में दी। 'फर्स्ट लेडी को बस्तर की महिलाओं ने बस्तर आने का निमंत्रण भी दिया। महिलाओं के साथ आयी 'छत्तीसगढ़ कृषि विभाग की नोडल अधिकारी रुक्मणी कोट्टम ने बताया कि पूसा में छत्तीसगढ़ कृषि विभाग द्वारा स्टाल भी लगाया गया था'। विभाग की ओर से स्टाल में बांस से बने उत्पाद जैसे सूपा, टुकनी, टोकरी, तुमा, छतरी के साथ-साथ मिलेट से बने उत्पाद भी रखें। जो कि यहाँ आने वाले आगंतुकों को काफ़ी पसंद आए। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ की ढोकराकला और नैचुरल डाई से बने कोसा के स्टॉल भी आगंतुकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र थे।

### कांग्रेस की सूची से भाजपा हो जाएगी क्लीन बोल्ड...

रहने के बाद भी रमन सिंह को 21 प्रत्याशियों के नाम नहीं पता है। ना ही धरमलाल कौशिक उन्हें जानते हैं। भाजपा में दावेदारों के बीच हो रहे विरोध को लेकर दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस कहीं भी ऐसी स्थिति से गुजरने वाली नहीं है।

*24 घंटे निकाल सकते हैं परिवर्तन यात्रा*

दीपक बैज ने कहा कि हमारी सरकार में बस्तर क्या है, इसे पूरा प्रदेश जानता है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं को चिंता करने की जरूरत नहीं है। ये भाजपा की नहीं, बल्कि कांग्रेस की सरकार है। भाजपा नेताओं से कहना चाहता हूं कि सरकार गंभीर है, और वे 24 घंटे परिवर्तन यात्रा निकाल सकते हैं। बस्तर में कहीं कोई दिक्कत नहीं है और डरने की जरूरत नहीं है।

## छात्राओं को साइकिल वितरण आज

**तखतपुर, 10 सितम्बर (देशबन्धु)।** शासकीय कन्या उत्तर माध्यमिक विद्यालय तखतपुर में 11 सितम्बर को दोपहर 12 बजे से सरस्वती योजना अंतर्गत छात्राओं को साईकिल वितरण किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक श्रीमती रश्मि सिंह प्रमुख रूप से उपस्थिति रहेंगी।

# पत्रकार राकेश शर्मा के निधन पर माधवराव सप्रे प्रेस क्लब भवन में पत्रकारों ने दी श्रद्धांजलि

### श्रद्धांजलि सभा में पत्रकारों ने मुख्यमंत्री से दिवंगत पत्रकार राकेश शर्मा के परिजनों को मुआवजा एवं सहायता राशि देने की मांग रखी

**पेंड्रा** 10 सितम्बर (देशबन्धु)। जिले के पत्रकारों ने माधव राव सप्रे प्रेस भवन में एल्डरमैन एवं पत्रकार राकेश शर्मा के निधन पर शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पत्रकारों ने दिवंगत पत्रकार राकेश शर्मा के परिजनों को मुआवजा देने की मांग की। पेंड्रा नगर के हंसमुख एवं मिलनसार व्यक्ति रहे नगर पालिका परिषद के एल्डमेन एवं पत्रकार राकेश शर्मा रक्षाबंधन के दिन इंदिरा उद्यान बायपास मार्ग से अरपा उद्गम मार्ग जा रहे थे कि एक अज्ञात मोटरसाइकिल की ठोकर से सड़क पर गिर गए, सिर में मामूली चोट आई थी। इलाज के लिए अपोलो अस्पताल बिलासपुर लें गए थे। इलाज के दौरान उनका अपोलो अस्पताल में परीक्षण के बाद डेंगू बुखार से पीड़ित बताया, जिसका इलाज चल रहा था ईलाज के दौरान हृदय गति रुकने से उनका निधन हो गया ।



पत्रकारों ने प्रेस क्लब भवन में राकेश शर्मा के आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया एवं 2 मिनट का मोन धारण कर परिवार के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए इसे एक अपूर्णीय क्षति बताते हुए परिवार को इस कठिन दुख से उबरने की ईश्वर से शक्ति देने की प्रार्थना की। शोक सभा में उपस्थित सभी पत्रकारों ने सड़क दुर्घटना में मृत राकेश शर्मा के परिवार जनों को आर्थिक सहायता दिया जाए।

शोक सभा में जिले के इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के पत्रकार बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# सतनामी समाज ने धूमधाम से निकाली शोभायात्रा

**तखतपुर, 10 सितम्बर** (देशबन्धु)। गुरु बालक दास जी की जयंती के अवसर पर सतनामी समाज तखतपुर के द्वारा नगर में बड़े ही धूम- धाम से शोभा यात्रा निकाली गई।

सतनाम भवन में बाबा गुरु घासीदास जी की पूजा अर्चना कर गुरु बालक दास जी की छाया चित्र पर द्वीप प्रज्वलित कर की गई। कार्यक्रम में समाज प्रमुखों के द्वारा गुरु बालक दास जी की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। सतनामी समाज युवा सुनील जांगड़े ने बाबा जी के उपदेश, शौर्य, पराक्रम पर प्रकाश डाला, उन्होंने कहा कि बालक दास जी ने सदैव समाज को मजबूत, एकता के सूत्र में बांधने का प्रयास किया, अपना सम्पूर्ण जीवन समाज को समर्पित किया। इसीलिए उन्हें बलिदानी राजा कहा जाता है। शोभा यात्रा सतनाम भवन से प्रारंभ हुई, इस शोभायात्रा में समाज के युवा डी. जे. की धुन पर थिरकते हुए नजर आए, वंही विभिन्न स्थानों से आये हुए अखाड़े दल के युवाओं का प्रदर्शन आकर्षण का मुख्य केन्द्र रहा। कार्यक्रम का संचालन राकेश डहरे,एवं शशिकांत जांगड़े एवं आभार प्रदर्शन सुखदेव कुर्रे ने किया। शोभायात्रा का स्वागत विभिन्न स्थानों पुराना बस स्टैंड, पड़रिया मार्ग में सर्व आदिवासी समाज द्वारा नितिन प्रधान के नेतृत्व में महामाया चौक में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्ना श्रीवास के नेतृत्व में शोभा यात्रा का स्वागत किया गया तत् पश्चात शोभायात्रा मंडी चौक से वापस सतनाम भवन पहुंच कर समापन हुई। इस अवसर पर प्रदीप लहरे,सुनील जांगड़े,भागचंद कुर्रे भाकचंद जांगड़े पी . आर. बंजारे,संदीप खांडे, नरेन्द्र जांगड़े,राकेश डहरे, शशिकांत जांगड़े,धरम चतुर्वेदी, होरीलाल माथुर,सुखदेव कुर्रे, अखिलेश कोशले, शैलेन्द्र आहूजा,संतोष बंजारे,अनुमलिक चतुर्वेदी, नरेश रात्रे, हीरालाल जांगड़े, अनिल जांगड़े, करमचंद रात्रे,ऋषि चतुर्वेदी,नरेन्द्र रात्रे, रामेश्वर रात्रे, सतीश कुर्रे, आदर्श बंजारे,प्रकाश नवरंग, संदीप अनंत, नरेश पात्रे, सहित सैकड़ों सामाजिक जन उपस्थित रहे।



**NECC**

| 11.09.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 4.95 | 85 | 165 |
| चिल्हर | 6.00 | 100 | 190 |

डिलीवरी 5.10 सैकड़ा
दर्जन अंडा 70 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.
CSPFA

# देश

**उवाच** "

केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने पिछले नौ वर्षों में 100 लाख करोड़ रुपए का ऋण लिया है, जो आजादी के बाद से पिछली सभी सरकारों द्वारा लिए गए कुल ऋण राशि का लगभग दोगुना है।

–नाना पटोले,एमपीसीसी के अध्यक्ष



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 28 | 24 |
| मुंबई | 29 | 27 |
| कोलकाता | 31 | 28 |
| चेन्नई | 33 | 29 |

# जी-20 ने एकता का संदेश दिया : मैक्रों

**नई दिल्ली,** 10 सितम्बर (देशबन्धु)। जी–20 के दो दिवसीय शिखर सम्मेलन में शिरकत करने पहुंचे फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने प्रधानमंत्री

- **अफ्रीकी देशों के ऋण पुनर्गठन के लिए उभरते देशों से की अधिक प्रतिबद्धताओं की की उम्मीद**
- **जी-20 शिखर सम्मेलन में शिरकत करने पहुंचे मैक्रो ने मोदी का जताया आभार**

का आभार जताया। मैक्रों कहा कि जी–20 शिखर सम्मेलन ने एकता का संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि भारत अपने सिद्धांतों के प्रति वफादार है और उसने एकजुटता व शांति का संदेश देने के लिए समूह की मेजबानी के लिए अपनी पूरी कोशिश की। जबकि रूस अभी भी यूक्रेन पर अपनी आक्रामकता जारी रखे हुए है। उन्होंने कहा, हम वैश्विक शासन में गहराई से सुधार का समर्थन करते हैं। सुरक्षा परिषद, (यूएनएससी), विश्व बैंक और आईएमएफ को जनसांख्यिकी व अर्थव्यवस्था के संदर्भ में वास्तविकता को प्रतिबिंबित करना होगा।

हम उपलब्ध साधनों को बढ़ाना चाहते हैं। हम विश्व बैंक को फिर से भरना चाहते हैं। फ्रांस इसका समर्थन कर रहा है, ताकि उभरते देश बड़ी भूमिका निभा सकें। मैक्रों ने कहा, हम अफ्रीकी देशों के ऋण पुनर्गठन के लिए उभरते देशों से अधिक प्रतिबद्धताओं की उम्मीद करते हैं। हम और अधिक काम करने के लिए तैयार हैं। आज हमने यह कहा है कि यह एक ही एजेंडा है कि दुनियाभर से अधिक से अधिक वित्तपोषण को जुटाना। फ्रांस ने अपनी प्रतिबद्धताओं को आगे बढ़ाया है और हम विकास परियोजनाओं के लिए आबंटित हमारे सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 0.5 फीसदी तक पहुंच गए। हम चाहते हैं कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी ऐसा ही हो। भारत–फ्रांस रक्षा संबंधों पर फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों ने कहा, अतिरिक्त अनुबंध और खरीद आने वाले महीनों और वर्षों में होंगी।



**भारत अपने सिद्धांतों के प्रति वफादार है व उसने एकजुटता व शांति का संदेश देने के लिए समूह की मेजबानी के लिए अपनी पूरी कोशिश की : इमैनुएल मैक्रों**

### भारत दुनिया में एक असाधारण महत्वपूर्ण अर्थव्यवस्था : ट्रूडो

भारत–कनाडा संबंधों पर कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा हम मानते हैं कि भारत दुनिया में एक असाधारण महत्वपूर्ण अर्थव्यवस्था है और जलवायु परिवर्तन से लड़ने से लेकर नागरिकों के विकास और समृद्धि तक हर चीज में कनाडा का एक महत्वपूर्ण भागीदार है। हम काम करना जारी रखेंगे। खालिस्तानी आतंकवादियों और विदेशी हस्तक्षेप पर उन्होंने कहा, दोनों मुद्दे सामने आए। वर्षों से पीएम मोदी के साथ हमने उन दोनों मुद्दों पर कई बार बातचीत की है। कनाडा हमेशा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, विवेक की स्वतंत्रता और शांतिपूर्ण विरोध की स्वतंत्रता की रक्षा करेगा और यह हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

साथ ही हम हिंसा को रोकने और नफरत को कम करने के लिए हमेशा मौजूद हैं। मुझे लगता है कि कुछ लोगों के काम पूरे समुदाय या कनाडा का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। इसका दूसरा पक्ष यह है कि हमने कानून के शासन का सम्मान करने के महत्व पर जोर दिया है और हमने विदेशी हस्तक्षेप के बारे में बात की है।

### यूक्रेन में रूसी आक्रामकता के मुद्दे को कमजोर करने से जी–20 में सहयोग की नींव हिल रही है : किशिदा

जी–20 शिखर सम्मेलन द्वारा दिल्ली घोषणा को अपनाने के एक दिन बाद, जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने कहा कि इसमें रूस का उल्लेख नहीं है और पिछले साल की बाली घोषणा से एक प्रमुख विचलन में यूक्रेन संकट को यूक्रेन में युद्ध के रूप में वर्णित किया गया है। जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने कहा कि आज जब दुनिया जटिल संकट का सामना कर रही है, अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग के प्रमुख मंच के रूप में जी–20 में सहयोग तेजी से महत्वपूर्ण होता जा रहा है। यूक्रेन पर रूस की आक्रामकता जी–20 में सहयोग की नींव को हिला रही है। आगे चलकर यह विश्व अर्थव्यवस्था पर भारी प्रभाव डालेगा। जापानी प्रधानमंत्री ने कहा कि जी–20 शिखर सम्मेलन की बैठकों के दौरान, उनके देश ने यूक्रेन में सैनिकों की तत्काल वापसी और स्थायी शांति का आह्वान किया।

जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने कहा कि पूरी बैठकों के दौरान जापान ने रूसी सैनिकों की तत्काल वापसी के लिए दबाव डाला था। यूक्रेन में न्यायसंगत और टिकाऊ शांति की बात कही थी। हमने अपनी स्थिति को रेखांकित किया कि रूस के परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने की बात तो दूर, इसकी धमकी देना भी बिल्कुल अस्वीकार्य है। मैंने संघर्ष के बीच कमजोर लोगों को वैश्विक समुदाय से सहायता के महत्व पर भी प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने भारत की जी–20 अध्यक्षता की सराहना करते हुए कहा कि इस वर्ष के अध्यक्ष के रूप में भारत के नेतृत्व में हम जी–20 नेताओं की घोषणा पर सहमत होने में सक्षम थे जो वास्तव में एक सार्थक उपलब्धि है। जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने कहा कि पिछले पांच दिन में मैंने जकार्ता में आसियान–संबंधित शिखर सम्मेलन और जी–20 नई दिल्ली शिखर सम्मेलन में भाग लिया।

सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण, मैं दोनों सम्मेलनों के अध्यक्ष के रूप में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको और यहां प्रधानमंत्री (नरेंद्र) मोदी तथा दोनों सरकारों के सदस्यों के प्रति अपना गहरा सम्मान और सराहना व्यक्त करता हूं।

## भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में किया सुधार का आह्वान

**नई दिल्ली।** विश्व में बहुपक्षवाद को मजबूत करने और संयुक्त राष्ट्र सहित सभी बहुपक्षीय संस्थानों में सुधार के आह्वान के साथ जी–20 शिखर सम्मेलन रविवार को संपन्न हो गया और भारत ने जी–20 समूह की अध्यक्षता ब्राजील को सौंप दी। मोदी ने सुरक्षा परिषद में सुधार की वकालत करते हुए कहा कि आज हर वैश्विक संस्था को अपनी प्रासंगिकता बढ़ाने के लिए सुधार करना आवश्यक है। इसी सोच के साथ हमने कल ही अफ्रीकी संघ को जी–20 का स्थायी सदस्य बनाने की ऐतिहासिक पहल की है। इसी तरह, हमें बहुपक्षीय विकास बैंकों के कार्यक्षेत्र का विस्तार भी करना होगा। इस दिशा में हमारे फैसले तत्काल और प्रभावी भी होने चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नवंबर में जी–20 के नेताओं के एक वर्चुअल शिखर बैठक बुलाने की बात कही और सभी नेताओं से उसमें शिरकत करने की अपील की। इससे पहले अपने संबोधन में मोदी ने कहा कि कल हमने एक पृथ्वी और एक परिवार सत्रों में व्यापक चर्चा की। मुझे संतोष है कि आज जी–20, एक पृथ्वी, एक परिवार और एक साझा भविष्य के विज़न को लेकर, आशावादी प्रयासों का प्लेटफॉर्म बना है। यहां हम ऐसे भविष्य की बात कर रहे हैं, जिसमें हम ग्लोबल विलेज से आगे बढ़कर वैश्विक परिवार को हकीकत बनता देखें। एक ऐसा भविष्य, जिसमें देशों के केवल हित ही नहीं जुड़े हों, बल्कि हृदय भी जुड़े हों। उन्होंने ने कहा कि तेजी से बदलते विश्व में हमें परावर्तन के साथ–साथ सातत्य और स्थिरता की भी उतनी ही जरूरत है। उन्होंने आह्वान किया कि हमें प्रण लेना चाहिए कि हरित विकास करार, सतत विकास लक्ष्यों पर कार्ययोजना, भ्रष्टाचार रोधी उच्चस्तरीय सिद्धांत, डिजीटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा और बहुपक्षीय बैंकों में सुधार के अपने संकल्पों को सिद्धि तक लेकर जाएंगे। संयुक्त राष्ट्र के गठन से आज तक दुनिया हर लिहाज से बहुत बदल चुकी है। परिवहन हो, संचार हो, स्वास्थ्य, शिक्षा, हर क्षेत्र का कायाकल्प हो चुका है। ये नयी वास्तविकताएं हमारे नये वैश्विक ढांचे में प्रतिबिंबित होनी चाहिए। ये प्रकृति का नियम है कि जो व्यक्ति और संस्था समय के साथ स्वयं में बदलाव नहीं लाती है, वो अपनी प्रासंगिकता खो देती है। हमें खुले मन से विचार करना होगा कि आखिर क्या कारण है कि बीते वर्षों में अनेक क्षेत्रीय मंच अस्तित्व में आए हैं, और वो प्रभावी भी सिद्ध हो रहे हैं।




# रूस को अलग–थलग करने का कोई भी प्रयास निश्चित रूप से विफल होगा : एर्दोगन

**नई दिल्ली,** 10 सितम्बर (एजेंसियां)। दिल्ली जी–20 नेताओं के शिखर सम्मेलन में तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयब एर्दोगन ने रविवार को काला सागर अनाज पहल को तत्काल बहाल करने का आह्वान किया गया, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि विकासशील और कम विकसित देशों, विशेष रूप से अफ्रीका के देशों को नुकसान न हो। उन्होंने कहा कि रूस को अलग–थलग करने की कोई भी पहल निश्चित रूप से विफल होगी। जी–20 शिखर सम्मेलन के समापन के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद संवाददाताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, हमारा मानना है कि रूस को अलग–थलग करने वाली कोई भी पहल निश्चित रूप से विफल होगी। इसकी सफलता की बहुत कम संभावना है। हमारा मानना है कि कोई भी कदम जो काला सागर में तनाव बढ़ा सकता है, उससे बचा जाना चाहिए। वैश्विक खाद्य सुरक्षा, खाद्य आपूर्ति सुरक्षा का समर्थन करने के लिए हम खाद्य आपूर्ति सुरक्षा अध्ययन समूह, रूस, यूक्रेन, साथ ही संयुक्त राष्ट्र और हमारे साथ लाने जा रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आने वाले हितधारकों के साथ हम लगातार बातचीत करते रहेंगे।



- **तुर्की के राष्ट्रपति ने काला सागर अनाज पहल को तत्काल बहाल करने का किया आह्वान**

### खाद्य व ऊर्जा सुरक्षा को बनाए रखने के महत्व पर दिया जोर

शिखर सम्मेलन में अपनाई गई दिल्ली घोषणा में कहा गया कि जी–20 ने रूसी खाद्य उत्पादों को बढ़ावा देने पर रूस और संयुक्त राष्ट्र के बीच समझौता ज्ञापन के पूर्ण, समय पर और प्रभावी कार्यान्वयन का आह्वान किया। साथ ही, विश्व बाजारों में उर्वरक और यूक्रेनी बंदरगाहों से अनाज और खाद्य पदार्थों के सुरक्षित परिवहन पर पहल की अपील की गई। घोषणा में कहा गया, इस संदर्भ में, खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा को बनाए रखने के महत्व पर जोर देते हुए हमने प्रासंगिक बुनियादी ढांचे पर सैन्य विनाश या अन्य हमलों को रोकने का आह्वान किया। रूस ने 17 जुलाई को कहा था कि वह उस समझौते में अपनी भागीदारी को रद्द कर देगा, जिसने युद्ध के कारण उत्पन्न खाद्य संकट से निपटने के लिए अनाज को यूक्रेन से अफ्रीका और एशिया में ले जाने की अनुमति दी थी, जिससे कीमतें आश्चर्यजनक स्तर तक पहुंच गईं।

रूस ने कहा था कि रूस से संबंधित काला सागर समझौते का हिस्सा लागू होने के बाद वह इस समझौते का सम्मान करेगा। इस बीच एर्दोगन ने भारत को धन्यवाद देते हुए कहा मैं राष्ट्रपति पद के शानदार और बेहद सफल कार्यकाल के लिए भारत को धन्यवाद देता हूं। मैं मुझे, मेरे जीवनसाथी और मेरे पूरे तुर्की प्रतिनिधिमंडल को दिखाए गए भव्य आतिथ्य के लिए पीएम मोदी को धन्यवाद देना चाहता हूं। इस साल, हमारा विषय था एक विश्व, एक परिवार और एक भविष्य। और शिखर सम्मेलन के पहले सत्र में, हमने उन पर्यावरणीय चुनौतियों के बारे में बात की थी जिनका सामना हमारा ग्रह वर्तमान में कर रहा है। जलवायु परिवर्तन, जैविक विविधता का नुकसान और विशेष रूप से व्यापक प्रदूषण का आयाम है। यह चुनौतियों की तिकड़ी है जिसे हम अब और भी अधिक गहराई से महसूस कर सकते हैं।

## भारत एशिया में हमारे सबसे बड़े व्यापार साझेदारों में से एक

तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयब एर्दोगन ने कहा कि भारत एशिया में हमारे सबसे बड़े व्यापार साझेदारों में से एक है और इस साझेदारी में काफी संभावनाएं हैं। प्रस्तावित भारत–यूएई–यूरोप आर्थिक गलियारे पर एर्दोगन ने कहा कि जहां तक गलियारे को लेकर हमारे काम की बात है तो इसमें सबसे पहले खाड़ी देश शामिल हैं. इराक भी इसका हिस्सा है। तुर्की के माध्यम से एक गलियारा खोलने का मतलब होगा खाड़ी को ऊपर उठाना और इसे यूरोप में पूरे रास्ते खोलना और इसे पूरे यूरोप में बांधना। अब, ऐसे गलियारे के संबंध में विशेष रूप से संयुक्त अरब अमीरात, इराक और तुर्की संवेदनशील और तेज़ तरीके से कार्य कर रहे हैं। हमें उम्मीद है कि हम इस परियोजना को लागू करने में सक्षम होंगे। हम इस पर काम कर रहे हैं, और जैसा कि हम बोलते हैं, हमारे मंत्री विदेशी संबंध और परिवहन मंत्री मिलकर काम करते हैं। और हम आने वाले कुछ महीनों में इसे लागू करने में सक्षम होने का प्रयास करेंगे। मोदी ने एर्दोगन से मुलाकात के बाद एक्स पर पोस्ट किया, राष्ट्रपति ञ्चआरटीईरडोगन से मुलाकात की। हमने भारत और तुर्किये के बीच व्यापार और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के तरीकों के बारे में बात की।

## जी–20 शिखर सम्मेलन में होते तो मजबूती से रखते अपनी बात : यूलिया क्लीमेंको

**नई दिल्ली।** यूक्रेनी सांसद यूलिया क्लीमेंको ने कहा कि यूक्रेन की बात यूक्रेन के बिना ही कर दी गई। जबकि इस समय युद्ध की असली स्थिति क्या है, यह हम ज्यादा और सटीक तरीके से बता सकते हैं, लेकिन हमारी बात सुने बिना ही जी 20 ने इस पर अपना मत व्यक्त कर दिया। यूलिया ने कहा कि जी–20 की इस शीर्ष स्तरीय बैठक में यूक्रेन को न बुलाया जाना दुखद है। यदि हमें इस बैठक में बुलाया गया होता तो हम अपनी बात ज्यादा मजबूती के साथ रखते। विशेषकर जब इस बैठक में रूसी राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने न आने की स्पष्ट जानकारी दे दी थी, यूक्रेन को बुलाने पर कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए थी। इसे (यूक्रेन को जी 20 में न बुलाने को) बहुत अच्छा कूटनीतिक कदम नहीं कहा जा सकता। चर्चा है कि नई दिल्ली घोषणा पत्र के मसौदे पर अंतिम रूप से सर्वानुमति बनाने के लिए हरियाणा में 3 सितंबर को एक उच्च स्तरीय बैठक हुई थी। इसमें शुरूआती दौर में कुछ सदस्य देशों के द्वारा कुछ मुद्दों पर अपनी आपत्तियां जाहिर की गई थी। इसके बाद इसे संशोधित रूप में पेश किया गया जिसे सर्वानुमति से स्वीकार कर लिया गया। इसमें यूक्रेन मामले पर रूस के रुख का मुद्दा भी शामिल था। जी–20 नई दिल्ली घोषणा पत्र में चार बार यूक्रेन शब्द का उपयोग किया गया। घोषणा पत्र में यूक्रेन के विरुद्ध युद्ध जैसे शब्दों के स्थान पर यूक्रेन में चल रहे युद्ध शब्द का इस्तेमाल किया गया। इसे जी–20 के मसौदे पर रूस–चीन सहित सभी देशों से सर्वानुमति पाने के लिए भारत द्वारा नरम रुख अपनाना कहा जा रहा है। यूलिया क्लीमेंको ने कहा कि अंतिम रूप से घोषित नई दिल्ली घोषणा पत्र अपेक्षाओं के अनुरुप नहीं रहा है। यह अपेक्षाकृत कमजोर है। यह रूस को युद्ध अपराधी के रूप में पेश भी नहीं कर सका है। यूक्रेन के लोगों की अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहा है। यूक्रेन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने भी इसी तरह का रुख जाहिर किया है। माना जा रहा है कि रूस के साथ अपने लंबे ऐतिहासिक संबंधों के कारण भारत ने घोषणा पत्र में शब्दावली को लेकर काफी सतर्कता बरती। जबकि पिछले वर्ष बाली में नवंबर 2022 में हुई जी–20 की बैठक में रूस के विरुद्ध कड़े शब्दों का उपयोग किया गया था।



## सार संक्षेप

### कश्मीर में दो कुख्यात तस्कर की संपत्ति जब्त

**श्रीनगर।** केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में पुलिस ने रविवार को नार्कोटिक ड्रग एडं साइकोट्रॉपिक सबस्टांस अधिनियम के तहत कुख्यात ड्रग तस्कर दंपति की संपत्ति जब्त की। पुलिस ने बताया कि बांदीपोरा के वार्ड नंबर पांच के निवासी दो कुख्यात ड्रग तस्कर खुर्शीद अहमद वाजा और उसकी पत्नी पोशा बेगम की 56.6 लाख रुपए की संपत्ति जब्त कर ली गई है।

### किसान आत्महत्या रोकने में सरकार विफल : पाटिल

**मुंबई।** महाराष्ट्र में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी-शरद पवार समूह) की राज्य इकाई के अध्यक्ष जयंत पाटिल ने रविवार को राज्य सरकार पर किसानों की आत्महत्या की बढ़ती संख्या को रोकने में विफल रहने का आरोप लगाया। पाटिल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स'पर लिखा, वर्तमान राज्य सरकार चाहे कितनी भी कोशिश कर लें, अपने सिर पर लगे किसान आत्महत्या के कलंक को नहीं मिटा सकती। उन्होंने याद दिलाया कि राज्य विधानसभा में दिए अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने घोषणा की थी कि महाराष्ट्र किसान आत्महत्याओं से मुक्त होगा लेकिन इसके विपरीत, मराठवाड़ा में किसान की आत्महत्याएं नहीं रुक रही हैं।

### देश को अच्छा बनाने के लिए इंडिया को जिताएं : स्टालिन

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के.स्टालिन ने रविवार को कहा कि अगर देश को अच्छा बनाना है तो विपक्ष के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन को 224 के लोकसभा चुनाव में सभी 4 सीटों पर (तमिलनाडु में 39 और पुदुचेरी में एक सीट) जीत दिलानी होगी।

## मध्य प्रदेश में में चल रहा घोटाला जी-18 : कमलनाथ

**भोपाल,**10 सितम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में पक्ष–विपक्ष को लेकर आरोप प्रत्यारोप को लेकर सियासत जारी है। इसी कड़ी में कमलनाथ ने ट्वीट कर भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने रविवार को ट्वीट किया कि दिल्ली में जी–20 हुआ। एमपी में भाजपा सरकार के राज में घोटाला (जी)–18 चल रहा है। पीसीसी चीफ कमलाथन ने ट्वीट किया कि दिल्ली में जी–20 हुआ, पर मध्य प्रदेश में भाजपा सरकार के राज में जी–18 चल रहा है। एमपी में भाजपा के कुशासन के साल तो पूरे हो गए हैं 18, और राज तो घोटालों (जी) का ही चल रहा है। नाथ ने आगे लिखा कि 225 महीने की सरकार में 225 से ज्यादा तो महा घोटाले हो गए हैं, और छोटे घोटालों की तो गिनती नहीं हैं। शिवराज सरकार का जी–18 घोटालों (जी) से भरपूर 18 साल।



### देश में भी वासुदेव कुटुम्बकम की भावना बनी रहे

दिग्विजय सिंह के भाई और चाचौड़ा से विधायक लक्ष्मण सिंह ने भी ट्वीट कर बड़ी नसीहत दी है। उन्होंने लिखा कि जी–20 का अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन भारत में वासुदेव कुटुम्बकम की भावना से संपन्न होना गौरव की बात है। इसके साथ साथ हमारे अपने देश में भी वासुदेव वासुदेव कुटुंबकम की भावना बनी रहे, जाति, धर्म में देश न विभाजित हो, यह सुनिश्चित करना भी आवश्यक है।

## नगालैंड विधानसभा का सत्र आज से

**कोहिमा,** 10 सितम्बर (एजेंसियां)। नगालैंड विधानसभा के सोमवार से शुरू होने वाले मानसून सत्र में पूर्वोत्तर राज्य में वन संरक्षण (संशोधन) अधिनियम और समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के कार्यान्वयन के खिलाफ प्रस्ताव पारित होने की संभावना है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। विधानसभा सूत्रों ने कहा कि 14वें विधानसभा सत्र में, जिसमें तीन बैठकें होंगी, सरकार नया नगरपालिका विधेयक लाएगी। 1 सितम्बर को शीर्ष आदिवासी निकायों और नागरिक समाज संगठनों (सीएसओ) के साथ राज्य सरकार की परामर्शी बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया था कि सरकार वन संरक्षण (संशोधन) अधिनियम और यूसीसी के कार्यान्वयन के खिलाफ राज्य विधानसभा में प्रस्ताव अपनाएगी। सभी महत्वपूर्ण सलाहकार बैठक में नगालैंड में प्रचलित प्रथागत कानूनों और विशेष संवैधानिक प्रावधानों पर विचार करते हुए नए नगरपालिका विधेयक को पेश करने का भी निर्णय लिया गया। नगालैंड में नगर निगम चुनाव पहली बार 2004 में हुए थे और नगर निकायों का कार्यकाल 2009–10 में समाप्त हो गया था।



- **यूसीसी, वन अधिनियम के खिलाफ प्रस्ताव पारित होने के आसार**

# जम्मू–कश्मीर में लोकतांत्रिक अधिकारों की बहाली के लिए हों चुनाव : अल्ताफ बुखारी

**श्रीनगर,** 10 सितम्बर (एजेंसियां)। जम्मू–कश्मीर में अपनी पार्टी के अध्यक्ष अल्ताफ बुखारी ने रविवार को केंद्र सरकार से आग्रह किया कि केंद्र शासित प्रदेश में लोगं के लोकतांत्रिक अधिकारों की बहाली के लिए बिना किसी देरी के विधानसभा चुनाव कराया जाए। दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग में एक जनसभा को संबोधित करते हुए, बुखारी ने केंद्र सरकार से बिना किसी देरी के यहां तत्काल विधानसभा चुनाव कराने का आग्रह किया। बुखारी ने मोदी सरकार से आग्रह किया कि जम्मू–कश्मीर के लोगों के संवैधानिक अधिकारों को बहाल किया जाए, जिसमें विधानसभा चुनाव के माध्यम से अपने प्रतिनिधि चुनने का अधिकार भी शामिल है। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा 5 अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 के अधिकांश प्रावधानों को समाप्त करने से बहुत पहले से ही राजनीतिक राजवंश के नेता इस क्षेत्र की राजनीतिक और संवैधानिक स्थिति को खत्म करने के लिए जिम्मेदार रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये लोग वर्षों और दशकों से इस क्षेत्र और यहां के लोगों के हितों को नुकसान पहुंचाने में आत्मसंतुष्टि महसूस करते रहे हैं।



- **केंद्र सरकार से तत्काल विधानसभा चुनाव कराने का किया आग्रह**

बुखारी ने वादा किया कि अगर अपनी पार्टी को आगामी विधानसभा चुनावों में लोगों की सेवा करने का जनादेश प्राप्त होता है, तो वह जम्मू–कश्मीर के सामाजिक–राजनीतिक और आर्थिक परिदृश्य को बेहतर बना देंगे।

### लोगों के संवैधानिक अधिकारों को बनाए रखना अनिवार्य

अल्ताफ बुखारी ने कहा कि जम्मू–कश्मीर में लंबे समय से चल रही उथल–पुथल और अस्थिरता को देखते हुए, केंद्र शासित प्रदेश में लोकतंत्र और लोकतांत्रिक मूल्यों की मजबूती के लिए लोगों के संवैधानिक अधिकारों को बनाए रखना अनिवार्य है। अपनी पार्टी के अध्यक्ष ने लोगों से पारंपरिक दलों, विशेष रूप से उन लोगों के झांसे में नहीं आने की अपील की, जो राजवंश पर आधारित हैं। उन्होंने कहा कि अनंतनाग जिले को राजनीतिक रूप से जागरुक होने का गौरव प्राप्त है, क्योंकि यहां के लोग हमेशा अपनी राजनीतिक गतिविधियों में जीवंत रहे हैं।

**बदलाव** *2024 में होने वाली सीबीएसई का बोर्ड परीक्षाओं को लेकर बड़ा फैसला*

# परीक्षा पैटर्न से लेकर मार्किंग स्कीम तक में किया बदलाव

**नई दिल्ली, 1 सितम्बर (एजेंसियां)। सीबीएसई की बोर्ड परीक्षा पैटर्न में कई महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिल सकते हैं। सीबीएसई ने यह बदलाव अगले वर्ष 224 में होने वाली बोर्ड परीक्षाओं में करने का फैसला किया है। छात्रों को बदलाव के बारे में समझाने के लिए बकायदा नए सैम्पल पेपर भी रिलीज कर दिए गए हैं। एक्सपर्ट के मुताबिक।**

जो छात्र अगले वर्ष बोर्ड परीक्षा में शामिल होने जा रहे हैं, वे छात्र जारी किए गए इन सैम्पल पेपर्स की मदद से इन बदलावों को जान सकते हैं।

सीबीएसई के यह सैंपल पेपर छात्रों को अभी से जानकारी देंगे कि आने वाली परीक्षा में किस प्रकार के सवाल पूछे जाएंगे। प्रश्नों के अलावा छात्रों को यह भी पता लग सकेगा की परीक्षा में किस प्रकार की मार्किंग रहेगी। सीबीएसई ने अपने यह नए सैंपल पेपर आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किए हैं। बोर्ड परीक्षा में सबसे बड़ा बदलाव यह है कि अब 50 प्रतिशत सवाल कंपीटेंसी बेस्ड होंगे। वर्ष 2024 में बोर्ड परीक्षा देने वाले छात्र सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट से इन सैंपल पेपर का पीडीएफ डाउनलोड कर सकते हैं। वर्ष 20 24 से लागू होने वाले सीबीएसई परीक्षा में एनालिटिकल, कॉन्सेप्ट बेस्ड सवाल ज्यादा आएंगे। विशेषज्ञों के मुताबिक, इसके अलावा एमसीक्यू, शॉर्ट आंसर्स सभी में सवालों की वेरायटी यही रहेगी। तकरीबन 50 प्रतिशत सवाल एमसीक्यू, और एक से दो मार्क्स के रूप में बदल दिए गए हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के मुताबिक, अब बोर्ड परीक्षाओं का उद्देश्य छात्रों में विषयों की समझ का मूल्यांकन करना होगा।




- **सीबीएसई के नए सैंपल पेपर से मिलेगी जानकारी**
- **छात्रों में विषयों की समझ का मूल्यांकन करना होगा परीक्षाओं का उद्देश्य**

विशेषज्ञों का मानना है कि इस नई पद्धति से कोचिंग और याद रखने की आवश्यकता में कमी आएगी। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने बताया कि बोर्ड परीक्षाओं के अलावा स्कूली शिक्षा पद्धति में और भी कई महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। इन बदलावों के अंतर्गत11वीं और 12वीं कक्षा में पढ़ाई के दौरान विषयों का चयन सीमित नहीं रहेगा। आने वाले दिनों में छात्रों को 11वीं और 12वीं कक्षा में अपनी पसंद के विषय चुनने की सुविधा मिलेगी। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के मुताबिक, कक्षा 11 और 12 के छात्रों को कम से कम दो भाषाएं पढ़नी होंगी।

मंत्रालय का कहना है कि 11वीं और 12वीं कक्षा में पढ़ाई जाने वाली इन भाषाओं में से एक भारतीय भाषा होनी चाहिए।

बिलासपुर, सोमवार 11 सितम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## जी-20 में कही बातें देश में तो लागू हों

जी-20 के बहुत ही भव्य दो दिवसीय सम्मेलन का रविवार को समापन हुआ जिसके दौरान अनेक अच्छी-अच्छी बातें कही गयीं। 'वसुधैव कुटुम्बकम्' से लेकर महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने, जलवायु परिवर्तन सम्बन्धी चिंताओं से लेकर ग्लोबल साऊथ पर काम करने के निश्चयों के साथ भागीदार हुए देशों के राष्ट्राध्यक्ष लौट तो गये हैं परन्तु कुछ सवाल भी लेकर गये हैं। इनमें सम्भवत: सबसे प्रमुख यही होगा कि विश्व का नेतृत्व करने का आकांक्षी भारत क्या इन अच्छी-अच्छी बातों का स्वयं अपने देश में अमल कर रहा है। बेशक, सारे मुद्दों का संबंध देश की आंतरिक नीति व प्रणाली से नहीं है लेकिन एक अच्छे समाज के जो अनिवार्य गुण हैं क्या उन्हें पाने का प्रयास यह महादेश कर रहा है? दिल पर हाथ रखकर अगर जवाब टटोला जाये तो शायद वहां बहुत बड़ा 'ना' ही मिलेगा। खासकर, भारत को कई तरीकों से और अनेक अवसरों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 'लोकतंत्र की जननी' कहा जाना कितना विश्वसनीय रह गया है, यह भी इस मौके पर देखा जाना चाहिये।

'वसुधैव कुटुम्बकम्' पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का काफी जोर रहता है पर उसका अमलीकरण पहले देश के भीतर तो हो। भारतीय जनता पार्टी के शासन काल में जहां एक ओर वर्णवाद बढ़ा है वहीं साम्प्रदायिकता में भी बेतहाशा इज़ाफ़ा हुआ है। अगड़े-पिछड़ों का झगड़ा जो मोदी राज में देखा गया है वह कम से कम आजाद भारत में तो कभी भी नहीं देखा गया था। बेशक, भारतीय समाज में वर्ण व्यवस्था के कारण बड़ा विभाजन पहले से है जहां कथित ऊंची-निचली जातियों के बीच टकराव होते रहे हैं लेकिन सरकारों ने कभी उसे बढ़ावा नहीं दिया व उन्हें खत्म करती आई हैं। विश्व देख रहा है कि भारत की सरकार में सत्तारुढ़ पार्टी इन्हें बढ़ावा देती है तथा संरक्षित भी करती है।

जो संकीर्णता इस दौरान भारत देख रहा है वह अभूतपूर्व है। दुनिया का ऐसे भारत से परिचय नहीं था। बहुत शोर-शराबा किये बगैर भारत की इसलिये वैश्विक स्वीकार्यता थी क्योंकि उसका केन्द्रीय भाव मानवीय संवेदना थी। मौजूदा भारत संकीर्ण, है क्रूर भी- ऐसा समाज जो बहुत थोड़े से लोगों का है। सदियों से रहते आये अल्पसंख्यक, जिन्होंने एक दूजे का सुख-दुख में साथ निभाया, स्वतंत्रता की लड़ाई मिलकर लड़ी, आजादी पाने की प्रक्रिया से उपजे दर्द को एक सा झेला और संघर्ष करते हुए जो हासिल किया उसका वितरण बगैर भेदभाव के आपस में किया। अचानक एक वर्ग बाहरी हो गया जिन्हें यहां से चले जाना चाहिये। वे पिछले 9 वर्षों से देश की तमाम समस्याओं के मूल कारण बने हुए हैं और आये दिन उनसे देशभक्ति के प्रमाणपत्र मांगे जाते हैं। कष्टों में पड़ी मानवीयता को बरसों से सहानुभूति और सहायता देने वाला भारत केवल मोदी एवं उनकी पार्टी के वोटरों का होकर रह गया है। अपने भीतर के समाज को ही उदार न बना सकने वाला देश आखिर सारी दुनिया को कैसे अपने आगोश में ले सकता है? भारत में बढ़ती जातीयता व धार्मिक विद्वेष की हकीकत दुनिया को ज्ञात हो चुकी है। मणिपुर, नूंह, जयपुर-मुंबई एक्सप्रेस में हुए खूंरेज़ हादसे तो हाल के हैं, पिछला लगभग एक दशक भारत की ऐसी कई कहानियों का काल रहा है जो दुनिया भर में गई हैं। हास्यास्पद यह है कि इस मौके पर लिखे अपने लेख में वसुधैव कुटुम्बकम की बात करने वाले प्रधानमंत्री अपने मंत्रियों को सनातनी वाला मुद्दा गरमाये रखने की अपील करते हैं।

पिछले कुछ समय से देश को 'मदर ऑफ डेमोक्रेसी' साबित करने पर आमादा पीएम शायद इस बात को नहीं जानते कि दुनिया का सबसे बड़े बड़ा लोकतंत्र धीरे-धीरे दम तोड़ रहा है। समतामूलक एवं न्यायपूर्ण समाज क्षरित हो गया है। बन्धुत्व और धर्मनिरपेक्षता लापता हो गई है। आर्थिक, सामाजिक तथा राजनैतिक तीनों ही स्तरों पर गैर बराबरी चरम पर है; और इसके लिये जिम्मेदार सरकार ही है। इसके पीछे वह विचारधारा है जो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा प्रवर्तित एवं संपोषित है। सुनियोजित तरीके से अमीरी-गरीबी की खाई को बढ़ाया गया है। समाज बदहाल है और विभाजित भी। राजनैतिक वर्चस्व के लिये वे सारे हथकण्डे अपनाये जाते हैं जो वास्तविक मायनों में जनतंत्र में भरोसा रखने वाली कोई सरकार नहीं अपना सकती।

अगर इन उदात्त बातों को देश में क्रियान्वित करने की कोशिशें मोदी सरकार नहीं करती तो यही माना जायेगा कि जनता के टैक्स के पैसों से आयोजित इस विलासितापूर्ण आयोजन का मकसद केवल सियासी है। जिस वसुधैव कुटुम्बकम् के सिद्धांत का बारंबार उल्लेख होता आया है, यदि उसके अमल की अपने देश में ही मंशा नहीं है तो यही माना जायेगा कि यह बेहद खर्चीली कवायद सिर्फ इसलिये की गई है कि इससे ब्रांड मोदी को और दमकाया जाये ताकि उसका उपयोग केन्द्र सरकार की आगामी चुनावों में कर सके।

ऐसा नहीं कि भारत में पहले कोई बड़ा अंतरराष्ट्रीय आयोजन न हुआ हो। इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्री रहने के दौरान हुए गुट निरपेक्ष देशों के सम्मेलन में भारत का कूटनयिक दबदबा बुलंदियों पर था। आपस में टकराते दो देश भी उसके एक जैसे कायल थे। अपनी आंतरिक कमजोरियों के बावजूद भारत की ताकत अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बड़े रूप में पहचानी जाती थी। मौजूदा वैदेशिक नीति केवल बड़े देशों से हथियारों व कबाड़ बनती टेक्नालॉजी की खरीदी, मेहमानों को झप्पी से गले लगना, उन्हें सोने-चांदी के बर्तनों में खाना खिलाने तक रह गई है। भारत की बातों को दुनिया नतमस्तक होकर सुने, इसके लिये ज़रूरी है कि वह बड़े देशों का पिछलग्गू न बने। इन महाशक्तियों के समकक्ष उसे बैठना है तो वह गुट निरपेक्ष आंदोलन को फिर से खड़ा करे। पहले अपने नागरिकों को सशक्त बनाये। गोदी मीडिया की अतिरंजित हेडलाइनों और चकाचौंध आयोजन को ही सफलता का पैमाना मानना शायद खुद को कमजोर करना है।

## शाहरूख की हिम्मत का कमाल है : जवान

आज के इस दौर में जहां सच लिखना, बोलना, दिखाना तो दूर की बात है झूठ न बोलना भी एक अपराध हो गया हो वहां जवान जैसी फिल्म बनाना वाकई एक बड़ी हिम्मत की बात है।

क्या नहीं कहा है फिल्म में! सब तो कह दिया। सबसे बड़ी बात जिस पर यह सरकार चल रही है वह भी कि धर्म के नाम अब वोट मत देना। और दूसरी ऐसी ही बड़ी बात कि नेक्स्ट स्टेज कारपोरेट को खुद सरकार बनाना होगा। नेता इसके लिए तैयार हो गए हैं।

इसके बाद अब और क्या बचता है?

हमें लगता है जी-20 की वजह से फिल्म पर कार्रवाई नहीं की गई। अब इस पर बैन भी लगीया जा सकता है। जी-20 में जो अन्तरराष्ट्रीय नेता आए थे उनमें से अधिकांश क्रिश्चियन और मुसलमान थे। अगर उनके सामने फिल्म को मुद्दा बनाया जाता तो उनकी उत्सुकता जाग सकती थी कि ऐसा फिल्म में क्या दिखाया गया है। वे फिल्म देख सकते थे। और अगर ऐसा हो जाता तो उन्हें भारत की जो सच्ची तस्वीर मिलती वह उससे बहुत उलट होती जो उन्हें बताने की कोशिश की जा रही थी।

फिल्म में जो शाहरूख खान धर्म का नाम लेता है तो फिर उनका ध्यान इस पर जाता कि मणिपुर में जो हो रहा है और जिसे होने दिया जा रहा है वह धर्म के नाम पर ही हो रहा है। वहां चर्चों को जलाया जा रहा है। और ईसाइयों को मारा जा रहा है। बाकी देश में भी मुसलमानों के खिलाफ इतनी नफरत फैला दी गई है कि सिर्फ नाम सुनते ही लोग रिएक्शन करने लगते हैं। हर चीज में इस्लाम को निशाना बनाया जाता है और नफरत फैलाने वाले लोग उसी के आधार पर ध्रुवीकरण करते हैं।

कल तो जो सामान्य लोग हिन्दू-मुसलमान की बात भी नहीं करते थे वे भी आज हर बात में यही मुद्दा ले आते हैं। पहले पुल होते थे। सिर्फ हिन्दू-मुसलमान ही नहीं सभी समुदायों के बीच की दूरियां पाटने को। मेल-मिलाप की बातें होती थीं। एक दूसरे पर सवाल नहीं किए जाते थे। इंसान एक है कहकर सबको साथ लिया जाता था।

अभी जी-20 के सारे नेता बापू की समाधि पर पहुंचे। मोदी सरकार के लिए बहुत तकलीफदेह बात होती होगी। जिन गांधी के खिलाफ इतना प्रचार कर रहे हैं वह खतम होने के बदले और लोकप्रिय होते चले जा रहे हैं। राहुल गांधी ने अपने यूरोप दौरे पर गलत नहीं कहा कि लड़ाई गांधी और गोडसे की है।

वैसे तो देश में हमेशा से गांधी की हत्या के बाद से गोडसे को बचाने की कोशिश होती रही। हत्या के बदले संघ परिवार के लोग इसे वध कहते रहे। वध का मतलब होता है हत्या का जस्टिफिकेशन। उसे उचित ठहराना। पिछले साढ़े 9 सालों में इस काम को और तेज कर दिया गया। भोपाल की लोकसभा सदस्य प्रज्ञा सिंह सहित कई और बड़े नेता गोडसे को महान बताने लगे। और इस प्रक्रिया में कुछ लोग गांधी को गाली भी देने लगे। मगर जब दुनिया भर के अन्तरराष्ट्रीय नेता भारत आए तो वे गांधी की समाधि पर ही पहुंचे। किसी ने नहीं कहा कि हम गोडसे को श्रद्धांजलि देना चाहते हैं उसके लिए कहां ले चलेंगे! ऐसा तो नहीं है कि यह लोग गोडसे के बारे में अन्तरराष्ट्रीय नेताओं को उस समय नहीं बताते होंगे जब इनकी उनके साथ वन टू वन ( अलग से) बात होगी। वन टू वन बातचीत का बड़ा हिस्सा अनौपचारिक होता है। एक दूसरे के घर परिवार से लेकर सब तरह की होती हैं। तो क्या गोडसे जो इनका सबसे बड़ा हीरो है उसकी तारीफें ये विदेशी नेताओं के सामने नहीं करते होंगे? लेकिन वे प्रभावित नहीं होते। एक हत्यारे को हमारे यहां तो इन्होंने हीरो बनाने में कुछ हद तक सफलता पा ली मगर दुनिया में हत्यारे को हत्यारा ही माना जाता है।

तकलीफ तो बहुत होती होगी कि इतनी कोशिशें करने के बावजूद दुनिया, जिसका वे खुद को गुरु भी कहने लगे हैं, बात गांधी और नेहरू की ही करती है. गोडसे जिसका पिछले साढ़े 9 सालों में इतना प्रचार और तारीफ की उसे कोई नहीं पूछ रहा। सब इकट्ठा होकर गांधी की समाधि पर पहुंच रहे हैं। और ग्रुप फोटो भी खिंचवा रहे हैं।

मोदी सरकार आने के बाद यह पहला अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलन था। और गोडसे बिल्कुल ही चर्चा में नहीं आ पाया। जबकि इस दौरान देश में कई जगह उसकी पूजा की गई, मूर्ति लगाई गई। जय जयकार की गई। गांधी को जो मुंह में आया वह गाली दी गई। और इनमें इनकी विचारधारा के संत साधु तो थे ही सांसद और मंत्री भी थे।

साढे 9 साल में यह देश बहुत बदल गया है। और यही फिल्म जवान में दिखाया गया है। किसानों की आत्महत्या, उनसे फसल खराब हो जाने के बावजूद जबर्दस्ती कर्जा वसूली, दूसरी तरफ बड़े उद्योगपतियों के कर्जे माफ। फिल्म देखकर सबकी समझ में आ रहा है कि कहानी किसकी है। देश में किन उद्योगपतियों के कर्जे माफ किए जा रहे हैं। और किसानों के साथ कैसे अत्याचार हो रहे हैं।



शकील अख्तर

> इस दौर में जब पत्रकार, साहित्यकार समझौते कर रहे हैं। तब केवल मनोरंजन के लिए फिल्म बनाने वाले मुंबई के फिल्म वालों से तो कोई अपेक्षा थी ही नहीं। वहां तो सरकारी अजेंडे को आगे बढ़ाने वाली फिल्में कश्मीर फाइल्स, केरला फाइल्स, गदर टू जैसी प्रोपेगंडा फिल्में बन रही थीं। जवान को आप प्रोपेगंडा फिल्म नहीं कह सकते।

कोरोना में जब मनमाने लॉकडाउन के बाद मजदूरों को पैदल हजारों किलोमीटर दूर उनके गांवों की तरफ खदेड़ा गया तो हमने इस त्रासदी के बारे में लिखते हुए कहा था कि दुनिया के इतिहास में सरकार द्वारा बनाई गई ऐसी किसी और त्रासदी का जिक्र नहीं मिलता। केवल दोनों विश्व युद्धों में ही ऐसी मानवीय त्रासदी देखने को मिली थी।

लेकिन उन के बारे में विश्व साहित्य और विश्व सिनेमा में कई अच्छी किताबें और फिल्म देखने में आईं। उसी समय हमने लिखा था कि-कोई बड़ी कृति शायद इन लाखों मजदूरों के जिनमें औरतें, बच्चे, बुजुर्ग, बीमार सब थे-के महीनों पैदल चलते चले जाने पर आए।

जब दौर बहुत प्रतिकूल हो तो आप कलात्मक्ता और विचार के इस स्तर को पैमाना नहीं बना सकते जो सामान्य समय में होता है। मुश्किल समय में बात कहना ही बड़ी बात होती है।

जवान फिल्म को इसी तरह देखा जाना चाहिए। अगर शोरशराबा, मारधाड़, रंग रोशनी, शाहरुख का नायकत्व और साउथ की फिल्म तकनीक नहीं होती तो क्या लोग इतनी बड़ी तादाद में थियेटरों में पहुंचते?

थियेटर में बैठा हुआ हर शख्स शाहरूख के फिल्म के आखिरी हिस्से में दिए टी वी संदेश को दिल से सुनता रहा। धर्म पर वोट मत दो, जाति पांति पर वोट मत दो, को सहमति के साथ सुनता रहा। आज के दौर में कैसे भी हो इतना बड़ा संदेश शाहरूख खान ने लोगों तक पहुंचा दिया।

हिम्मत का काम है। सेना को किस तरह कमजोर किया जा रहा है जैसे नाजुक विषय को भी बिना पुलवामा का नाम लिए सामने रख दिया। गोरखपुर में किस तरह आक्सीजन सिलेंडर न होने की वजह से बच्चे तड़प-तड़प कर मरे। और उनके लिए आक्सीजन सिलेंडर का इंतजाम करने वाले डॉक्टर को कैसे बदनाम किया गया? जेल भेजा गया, यह भी बिना डा1. कफील का नाम लिए प्रभावी तौर पर दिखा दिया गया।

देश के लिए लड़ने वालों, काम करने वालों के पूरे परिवार को किस तरह तबाह किया जाता है। पत्नी तक को फांसी पर चढ़ा दिया जाता है, यह दर्दनाक मगर हकीकत के बहुत पास का मंजर भी दिखाया गया है।

इस दौर में जब पत्रकार,साहित्यकार समझौते कर रहे हैं। तब केवल मनोरंजन के लिए फिल्म बनाने वाले मुंबई के फिल्म वालों से तो कोई अपेक्षा थी ही नहीं। वहां तो सरकारी अजेंडे को आगे बढ़ाने वाली फिल्में कश्मीर फाइल्स, केरला फाइल्स, गदर टू जैसी प्रोपेगंडा फिल्में बन रही थीं।

जवान को आप प्रोपेगंडा फिल्म नहीं कह सकते। प्रोपेगंडा सरकार का होता है। ताकतवर का होता है। जनता का नहीं होता। जनता की तो आवाज होती है। जवान जनता की आवाज ही है।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार है )**

## 2024 के पहले हिंदू भावनाएं भड़काने की संघ-भाजपा की रणनीति

■ **सुशील कुट्टी**

हर प्रधानमंत्री देश को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर उतना दु:साहसी और निरंकुश नहीं होता जितना भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु के खेल मंत्री उदयनिधि की सनातन धर्म के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी पर 'उचित प्रतिक्रिया' के लिए जनता का आह्वान करने के लिए किया जो भड़कावा या उकसावा जैसा ही था, जो भारत के लिए अशुभ है, एक ऐसे समय जब संघ-भाजपा लोकसभा चुनाव के पहले हिंदू भावनाएं भड़का कर उनका राजनीतिक दोहन करने की रणनीति पर चल रही है। प्रधानमंत्री की जिम्मेदारी तो देश को शांति और समृद्धि के रास्ते पर ले जाना होता है। उदयनिधि, जो तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे हैं, ने जाति-ग्रस्त सनातन धर्म के विनाश का आह्वान किया था।

स्वाभाविक रूप से, हंगामे ने 'उत्तर भारत' को अपनी चपेट में ले लिया, जहां साल खत्म होने से पहले मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान जैसे राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। कुछ ही महीनों में तेलंगाना में भी चुनाव होने हैं और भारतीय जनता पार्टी को उम्मीद है कि वह उदयनिधि स्टालिन की भड़काऊ टिप्पणियों का अपनी पूरी क्षमता से उपयोग करके इन सभी राज्यों में हिंदू मतदाताओं को एकजुट कर लेगी।

> प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए, उदयनिधि स्टालिन का सनातन धर्म के लिए अंतिम समाधान उन्हें तीसरा कार्यकाल जीतने का भी समाधान है। 'उचित प्रतिक्रिया' से उनका तात्पर्य मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में चुनावी मुद्दे के रूप में स्टालिन की टिप्पणियों का उपयोग करना हो सकता है और निर्भर करता है रणनीति सफल होती है या विफल, इस पर विचार करते हुए इसे 2024 के आम चुनाव तक आगे बढ़ायें।

ठीक यही बात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तब कही जब उन्होंने अपने मंत्रियों से भारत/इंडिया पर धीमी गति से आगे बढ़ने और सनातन धर्म पर उदयनिधि की अपमानजनक टिप्पणियों पर 'उचित प्रतिक्रिया' देने पर ध्यान केंद्रित करने को कहा। 'उचित प्रतिक्रिया' से प्रधानमंत्री का क्या तात्पर्य है?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'उचित प्रतिक्रिया' से क्या मतलब है, इस पर जूरी अभी भी असमंजस में है। अर्थ अलग-अलग हो सकते हैं। जो तुरंत दिमाग में आता है वह है 'जैसे को तैसा' या 'सड़कों पर हमला' और 'ईंट-बल्लेबाजी' आदि पर तुल जाना। उदयनिधि की सनातनी विरोधी टिप्पणियों का हवाला देकर 'सनातन धर्म के वोटों को मजबूत करना' एक और तरीका हो सकता है। अहम बात यह है कि क्या मोदी प्रधानमंत्री के तौर पर बोल रहे थे या भाजपा नेता के तौर पर अपनी बात रख रहे थे?

एक प्रधानमंत्री को सतर्क रहना चाहिए था और खुद को संयमित रखना चाहिए था, स्पष्ट रूप से और खुले तौर पर 'उचित प्रतिक्रिया की आवश्यकता है' इस प्रकार की प्रतिक्रिया नहीं देनी चाहिए थी,विशेषकर उनको जिनमें नागरिक को नागरिक के खिलाफ खड़ा करने की क्षमता है - सनातनी समर्थक बनाम सनातनी विरोधी।

नि:संदेह, उदयनिधि स्टालिन मुसीबत मोल ले रहे थे और उन्होंने न तो अफसोस जताया है और न ही पछतावा। इसके बजाय, उनका कहना है कि जब तक पर्दा नीचे नहीं आ जाता, वह इसे जारी रखेंगे। क्या एमके स्टालिन ने बच्चे को अनुशासन में न रखकर बिगाड़ दिया?

लेकिन स्टालिन से ज्यादा यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रणनीति है, जिस पर सवाल उठाया जाना चाहिए, क्योंकि वह दयानिधि से बहुत बड़े नेता हैं। लगता है कि मोदी और भाजपा के लिए सब कुछ चुनावी राजनीति तक सिमट कर रह गया है। मोदी और शाह की पार्टी लगातार अपना रुख इस आधार पर बदल रही है कि उसकी चुनावी जरूरतें क्या हैं और कहां हैं? इसलिए, जब तक उदयनिधि स्टालिन सनातन धर्म पर जहर नहीं उगल रहे थे, तब तक भाजपा द्रविड़ आइकनईवीरामास्वामी नायकर, उदयनिधि स्टालिन के वैचारिक 'तानथाई' की प्रशंसा कर रही थी, जो 'पिता' के लिए तमिल है।

भाजपा के लिए, पेरियार को एक महान इंसान और सुधारक के रूप में प्रतिष्ठित करना पूरी तरह से दलित तक राजनीतिक पहुंच बनाने के लिए है। वही भाजपा अब 'पेरियार' के प्रति नफरत से भरी हुई है, जिसे प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू 'पागलखाने' में भेजना चाहते थे। नेहरू पेरियार की हिंसक हरकतों को पचा नहीं सके, लेकिन मोदी सरकार ने- उदयनिधि स्टालिन की समाधि तोड़ने से पहले- पेरियार को 'महान भारतीयों' की कतार में ऊपर रख दिया।

डीएमके भ्रमित नहीं है। द्रमुक के लिए, पेरियार 'पिता' और आदर्श हैं। विशेष रूप से उदयनिधि पूरी तरह से पेरियार के वश में हैं। हिंदू धर्म पर पेरियार के 'विचारों का समूह' खोखला है। उदयनिधि स्टालिन की सनातन धर्म विरोधी टिप्पणियां सीधे तौर पर पेरियार की विचारधारा से निकली हैं। अब प्रधानमंत्री का कहना है कि उदयनिधि स्टालिन की टिप्पणी को 'उचित प्रतिक्रिया की आवश्यकता है'।

प्रधानमंत्री को रोकने वाली एकमात्र चीज़ जी-20 शिखर सम्मेलन ही है। मोदी का झुंड पहले ही प्रतिक्रिया दे चुका है। कैलिब्रेटेड प्रतिक्रिया ऑनएयर है। टीवी स्टूडियो में प्रचारित किया जा रहा है। मोदी सरकार के अनुकूल मीडिया उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ हर संभव प्रयास कर रहा है और भाजपा आईटी सेल हिंसा भरी धमकियां दे रहा है- एक एफआईआर के लिए एक एफआईआर। क्या मोदी को तीसरा कार्यकाल न देने की जिम्मेदारी तमिलनाडु और डीएमके पर आ गई है? ईश्वरविहीन द्रमुक बनाम ईश्वर से डरने वाली भाजपा- उत्तर और दक्षिण का युद्ध।

डीएमके के प्रवक्ता कॉन्स्टेंटाइन रवींद्रन का कहना है कि यह 'शिक्षित दक्षिण' और 'अशिक्षित उत्तर' की लड़ाई है। उनके लिए, उत्तर प्रदेश और बिहार सनातन धर्म के अशिक्षित अनुयायियों का घर है, ऐसे लोग जो न तो शिक्षित हैं और न ही बुद्धिमान। शेष भारत, विशेष रूप से दक्षिणी राज्यों के निवासी, 'सभ्य' लोग हैं जो बुतपरस्त मान्यताओं के धर्म से बच गये हैं। सनातन धर्म में सुधार करना भारत में पनप रहे इब्राहिम धर्म के प्रचारकों का कर्तव्य बन गया है। कॉन्स्टेंटाइन रवींद्रन जैसे सज्जन इस बात का प्रमाण हैं कि 'धर्मनिरपेक्षता' संविधान में एक शब्द के अलावा और कुछ नहीं है। उनके विचार में शायद धर्मनिरपेक्ष सनातनी हिंदुओं के लिए यह कहीं अधिक सार्थक है कि वे दिखावा छोड़ दें और किसी न किसी इब्राहिम धर्म को अपना लें। धर्मनिरपेक्षता से काम नहीं चलता।

लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए, उदयनिधि स्टालिन का सनातन धर्म के लिए अंतिम समाधान उन्हें तीसरा कार्यकाल जीतने का भी समाधान है। 'उचित प्रतिक्रिया' से उनका तात्पर्य मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में चुनावी मुद्दे के रूप में स्टालिन की टिप्पणियों का उपयोग करना हो सकता है और निर्भर करता है रणनीति सफल होती है या विफल, इस पर विचार करते हुए इसे 2024 के आम चुनाव तक आगे बढ़ायें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना चुनाव जीतने का फॉर्मूला बताया। इसके साथ ही वह यह भी स्वीकार कर रहे हैं कि उनकी पसमांदा मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति ख़त्म हो चुकी है।

## गुरवाणी विचार

### जो सुख को चाहे सदा-सरण राम की लेह

जा कै सिमरणि होई अनंदा विनसै जनम मरण मैं दुखी।
चारि पदारथ नवनिघि पावहि बहुरि न त्रिसना भुखी।
जा को नाम्र लैत तू सुखी-सामिस सासि धिआवहु ठकुर।
कउ मन तक जीअरे सुखी (रहाओ)
सांति पावहि होनहि मन सीतल अगनि न अंतरि धुखी।
गुरुनानक कउ प्रभु दिखाइआ जल थलि त्रिभुवणि दुखी।।

गुरवाणी की यह पक्तियां सोरठि राग से ली गई हैं जो श्री गुरु ग्रंथ साहिब के 617 अंग पर सुशोभित है। इन पंक्तियों द्वारा पांचवें नानक गुरु अर्जुन देव मानव मन को समझाईश देते हुए फरमा रहे हैं कि हे भाई, जिस प्रभु परमात्मा के सिमरन करते रहने पर आप खुशी से भरा जीवन व्यतीत कर सकते हो। जनम-मरण के सारे दुखों का अंत हो सकता है सारे संसार के चारों पदार्थ-(धर्म अर्थ काम और (मोख) हासिल कर सकता है। नवनिधियां अठारह सिधियां तेरे कदम चूमती रहेंगी। ऐसे प्रभु परमात्मा का सिमरन सदा करते रहना चाहिए।

जो सुख को चाहो सदा-सरण राम की लेह।। जिस प्रभु के सिमरन करने मात्र से माया की भूख-प्यास तुम्हें कभी भी नहीं सताएगी। इसीलिए उसका सिमरन श्वांस श्वांस करते रहना चाहिए। अगली पंक्ति में आप समझा रहे हैं कि सिमरन करते रहने पर हर वक्त तुझे सुखों की प्राप्ति होती रहेगी। अतएव इंसान को चाहिए कि उस परमपिता परमात्मा जो सारे संसार की रचना करते हैं और सारे संसार की पालना कर रहे हैं । उसकी सिमरन भक्ति में हर वक्त रमे रहना चाहिए। उनके सिमरन करते रहने पर हर तरह से आनंद ही आनंद और सुखों की व धन दौलत की प्राप्ति होती रहती है-

सांस सांस सिमरो गोविंद मन अंतर की उतरे चिंद।

प्रभु परमात्मा के सिमरन करते रहने से हमारी तृष्णा भी खत्म हो जाएगी। हर प्रकार के दुखों से निजात हो जाएगी। इसीलिए हमें गुरवाणी द्वारा पग पग परस मझाया गया है कि

अविनाशी जीवन को दाता सिमरन सब मल खोई।
गुण निधान भगवन को बरतन बिरला पावै कोई।।

सिमरन भी हम तभी कर पाएंगे जब प्रभु परमात्मा की हम पर विशेष कृपा होगी। शुरु शुरु में हमारा मन प्रभु भक्ति में न लगे पर धीरे-धीरे अभ्यास करते रहने पर यह सम्भव हो जाएगा। हमें अपने मन को सिमरन रूपी मथनी से मथना पड़ेगा। इसलिए हर वक्त अपना कार-विहार करते रहना है पर मन निरंकार से जुड़ा रहना चाहिए। तभी हम अपने अंदर विराजमान प्रभु परमात्मा में मन लगा पाएंगे तभी हमारा इस संसार में आना सफल हो सकेगा।

घटि घटि में हरि जू बसै संतन कहियो पुकार।

सिमरन करते रहने से हमें हर वस्तु में जीव जंतु में प्रभु के दर्शन होने लग जाएगा। फिर हमें वन कंदराओं उसे ढूंढने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसलिए हमें प्रभु परमात्मा से प्रार्थना करते रहना चाहिए।

बिसर नाहीं दातार अपना नाम देओ।
गुण गावां दिन रात नानक चाओ ऐहो।।

**इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

### बुजुर्गों को मिलें गरिमापूर्ण जीवन का अधिकार!

धर्मराज यह भूमि किसी की, नहीं क्रीत है दासी,
है जन्मना समान परस्पर, इसके सभी निवासी।

यानी सबको मुक्त प्रकाश चाहिए, सबको मुक्त समीकरण, बाधारहित विकास, मुक्त आशंकाओं से जीवन। रामधारी सिंह दिनकर की ये पंक्तियां आधुनिक होती युवा पीढ़ी के लिए कई सवाल खड़े करती है। तथाकथित व्यक्तिवादी एवं सुविधावादी सोच ने वर्तमान दौर में समाज की संरचना को असभ्य, अशालीन, बदसूरत एवं संवेदनहीन बना दिया है। अब रिश्तों का मर्म बस इतना रह गया है कि जरूरत के हिसाब से लोग रिश्ते निभा रहे हैं। जरूरत ख़त्म होते ही घर के बड़े-बुजुर्ग भी बोझ समझे जाने लगे हैं। डिजरायली का मार्मिक कथन है कि, 'यौवन एक भूल है, पूर्ण मनुष्यत्व एक संघर्ष और वार्धक्य एक पश्चाताप' ऐसे में माता-पिता के जीवन को पशचाताप का पर्याय न बनने दें। आज हर घर की यही कहानी है कि घर के बड़े बुजुर्ग अकेलेपन, तिरस्कार, परिवार के सदस्यों द्वारा उपेक्षा और भय से अपमानित जीवन जीने को मजबूर है। आधुनिकता के इस दौर में उपभोक्तावादी संस्कृति तथा महानगरीय अधुनातन बोध के चलते सामाजिक मूल्यों के बदलते परिवेश में नई पीढ़ी की सोच में परिवर्तन आ गया है। एकीकृत जीवनशैली ने बड़े-बूढ़ों के लिए अनेक समस्याएं खड़ी कर दी है।

संविधान का अनुच्छेद- 21 प्रत्येक मनुष्य को गरिमापूर्ण जीवन जीने का अधिकार देता है, लेकिन जब अपने ही इस अधिकार में बाधक बन जाए तो हम किस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं? ये कोई बताने या समझाने वाली बात नहीं! वैसे हमारे समाज की यह बहुत बड़ी विडम्बना है कि हम बेटों की चाहत में इतने अंधे हो गए हैं कि बेटियों को वो प्यार ही नहीं दे पाते जिसकी वे असल हकदार होती हैं। आज भी हमारे समाज में पुरुषवादी मानसिकता भरी हुई है। हम आज भी बेटे को कुलदीपक मानते हैं तो वहीं बेटियों को पराया धन माना जाता है, लेकिन अक्सर यही कुलदीपक अपने ही जन्मदाता को वृद्धा आश्रम छोड़ कर चले आते हैं।

हम च्वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना रखने वाले देश के लोग हैं। फ़िर आधुनिकता की दौड़ में इतना अंधे कैसे हो रहें कि अपने संस्कारों को ही तिलांजलि देने पर तुले हैं। क्या यही आधुनिकता है, जिसमें अपनों का सम्मान करना ही भूल जाए? हम तो विश्वगुरु बनने की राह में आगे बढ़ रहे हैं फिर कैसे अपने जीवन के प्रथम गुरु के साथ बदसलूकी पर उतर आए? ये सच है कि भागदौड़ भरी ज़िंदगी में हम अपने लिए ही समय नहीं निकाल पाते हैं, तो फिर अपनों की जिम्मेदारियों का ख्याल कैसे रखें? लेकिन जिस मां- बाप ने जन्म दिया उसकी जिम्मेदारी से मुंह तो मोड़ नहीं सकते। हम यह क्यों भूल जाते है कि जिस मां ने अपनी जिंदगी का सबसे बड़ा दर्द सहन कर हमें इस दुनिया में जन्म दिया है। जिस पिता ने हमें उंगली पकड़कर चलना सिखाया। जिसने हमें इस लायक बनाया कि हम सही गलत का फर्क समझ सके। फ़िर जिस वक्त उन्हें हमारे सहारे की ज़रूरत फ़िर हम कैसे मुकर सकते हैं?

पिछले कुछ दशकों में हमारे सामाजिक मूल्यों में काफ़ी बदलाव आ गया है, तभी सरकार को साल 2007 में 'माता-पिता और वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण और कल्याण' कानून ही नहीं बनाना पड़ा। बल्कि वरिष्ठ नागरिकों के हितों की रक्षा और सम्मानपूर्वक जीवन के लिए न्यायपालिका को भी कड़े कदम उठाने पड़े। यह वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा के लिए सम्बल तो दे रहा है। बावजूद इसके आए दिन देश के किसी न किसी कोने से मां-बाप पर अत्याचार की खबरें भी आ रही हैं। इसके लिए सिर्फ सरकार ही नहीं. परिवार को भी अपने बुजुर्ग माता-पिता की जिम्मेदारी उठानी होगी।

**- सोनम लववंशी**

देशबन्धु

संस्कारधानी

5 बिलासपुर

सोमवार 11 सितंबर 2023


उल्टा पुल्टा

पप्पू लड़की देखने गया-
पप्पू- कितने तक पढ़ी हो?
लड़की- बी.ए.
पप्पू ने मना कर दिया और बोला- दो अक्षर पढ़ी है वो भी उलटे।

## संपादकीय

### बड़े शहरों में सावधान रहें महिलाएं

*छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के राजेन्द्र नगर की रहने वाली रूपल ओगरे की मुम्बई में हुई हत्या उन सैकड़ों महिलाओं के लिये एक सबक की तरह है जो अपने घरों से दूर रहकर महानगरों में अकेली या कुछ साथियों के साथ रहती हैं। रूपल भी एक ऐसी ही युवती थी जो मुम्बई में एक एयरलाइन में एयर होस्टेस का काम करती थी। मंगलवार को वह अपने फ्लैट में अकेली थी। उसके साथ रहने वाली जा चुकी थी तथा उसकी बहन जो उससे मिलने आई थी, वह भी लौट गई थी। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने पाया कि उस इमारत का हाऊस कीपर विक्रम अटवाल उस दौरान उसके फ्लैट में गया था। पूछताछ करने पर उसने कुबूल किया कि सफाई के नाम पर रूपल ने उससे डांट-डपट की थी। इससे नाराज होकर उसने तेज हथियार से उसकी हत्या कर दी। वैसे विक्रम ने अंधेरी पुलिस स्टेशन में शुक्रवार की सुबह अपनी पैंट के कपड़े से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह अलग कहानी है।*

*बहरहाल, इस वारदात से उन लड़कियों व महिलाओं को कई तरह के सबक मिलते हैं। सबसे पहली बात है सावधानी। बाहरी आदमी से संवाद करने के लिये ज़रूरी नहीं कि उसे अंदर तक आने दिया जाये। सबसे अच्छा तो यही है कि अनावश्यक विवादों में पड़े ही नहीं। सफाई के बाबत या कोई भी शिकायत हो तो सोसायटी के पदाधिकारियों से मिलना चाहिये। साफ-सफाई, हाऊस कीपिंग, पार्किंग आदि को लेकर बाहरी लोगों से उलझना बेकार है। बहुत सी बातों को नज़रंदाज किया जाना चाहिये। इसका यह मतलब कतई नहीं है कि अपनी आवश्यकताओं एवं शिकायतों को लेकर चुप रहा जाये।*

*महानगर में महिलाओं को तरक्की के जितने अवसर मिलते हैं, दुश्वारियां भी उतनी ही अधिक हैं। महिलाओं के मामले में मुम्बई अपेक्षाकृत अधिक सुरक्षित है और वहां महिला उत्पीड़न भी कम है। उस शहर में उन्हें अन्य महानगरों के मुकाबले ज्यादा स्वतंत्रता है। इसके बावजूद अनहोनी कहीं भी और कभी भी हो सकती है। बेशक महिलाएं अपने जीवन को अपनी मर्जी के अनुसार व्यतीत करें लेकिन यह नहीं भूलना चाहिये कि समाज में अभी भी आपराधिक तत्वों का बोलबाला है। लोगों से सम्बन्ध बनाकर रखें क्योंकि अकेले रहते में उन्हें स्थानीय लोगों की मदद और कई बार सहारे की ज़रूरत पड़ती है। महानगरों या बड़े शहरों में अकेलापन ज्यादा महसूस होता है। वे लोगों से घुले-मिलें परन्तु बहुत सावधानी बरतनी चाहिये। छोटे शहरों, कस्बों या गांवों से निकली लड़कियां अपेक्षाकृत भोली-भाली होती हैं। अक्सर वे बाहरी लोगों के बहकावे में आ जाती हैं। कई बार प्रेम सम्बन्धों या लिव इन में रहने वाली महिलाओं को अपने पार्टनर के हाथों भी ऐसे ही प्रताड़ित होने या मारे जाने की खबरें आती हैं। इसलिये सतर्कता बेहद ज़रूरी है।*

# वरिष्ठजनों की समस्याओं का निराकरण करना पहली प्राथमिकता-शैलेष

## स्वास्थ्य पेंशन कल्याण संघ का प्रथम सम्मेलन में धारा 49 को हटाने की गई मांग

## छग स्वास्थ्य पेंशनर कल्याण संघ का सम्मान समारोह आयोजित



**बिलासपुर** , 10 सिंतबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य पेंशनर कल्याण संघ का सम्मेलन एवं सम्मान कार्यक्रम श्रीकांत वर्मा मार्ग, हॉटल बंशीवाला बिलासपुर में शैलेश पाण्डेय विधायक विधानसभा बिलासपुर के मुख्य आतिथ्य में पेंशनरों के विभिन्न समस्याओं तथा 70 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठजनों का सम्मान करने के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

संघ के अध्यक्ष आर. के. थवाईत एवं सचिव सुन्दर सिंह ने बताया की स्वास्थ्य पेंशन कल्याण संघ द्वारा स्वास्थ्य विभाग के पेंशनधारी अधिकारी-कर्मचारी की विभिन्न समस्याओं के निराकरण हेतु गठित किया गया है। संघ द्वारा पेंशन से जुड़े हुए विभिन्न समस्याओं को लेकर सम्मेलन के प्रथम चरण में मुख्य रूप से डॉ. आर.ए.शर्मा, सर्जन एवं पूर्व प्रांतपाल रोटरी इंटरनेशनल, डॉ. परस शर्मा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आयुर्वेद अधिकारी संघ, जी. आर. चन्द्रा, प्रदेश अध्यक्ष छ.ग. प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ, ओ.पी. शर्मा संरक्षक एवं सलाहकार स्वास्थ्य कर्मचारी संघ, विरेन्द्र नामदेव, प्रदेश अध्यक्ष छ.ग. राज्य पेंशनर संघ, आर. पी. शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष छ.ग. प्रगतिशील पेंशनर्स कल्याण संघ, श्री ललित कुमार मानिकपुरी, प्रदेश अध्यक्ष छ.ग. वेलफेयर पेंशनर सोसायटी चर्चा किया गया तथा सभी ने पेंशनरों से संबंधित धारा 49 को विलोपित किये जाने एवं शासकीय कर्मचारियों की तरह पेंशनरों को मान्यता प्राप्त चिकित्सालयों में चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की मांग मुख्य अतिथि के सामने रखी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शैलेष पाण्डेय द्वारा वरिष्ठजनों से संबंधित मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य मंत्री चर्चा करने की बात कही। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि वरिष्ठजनों की समस्याओं का निराकरण करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने अपने बुजुर्ग माता-पिता के कार्यकलापों के अनुभव को भी सभा में व्यक्त किया और बताया कि आप सभी वरिष्ठजन मेरे परम सम्मान्नीय हैं, इसलिए आप सभी का सम्मान करना मेरा कर्तव्य है। कार्यक्रम के अंत में 70 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठजनों का साल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह के रूप में बैंग प्रदाय कर सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रुप से संघ के अध्यक्ष आर. के थवाईत, उपाध्यक्ष आर. एन.राजपूत, श्रीमती पुष्पा मिश्रा, आर. पी. साहू, सचिव सुन्दर सिंह ठाकुर, संयुक्त सचिव एस.के.कंवर, कोषाध्यक्ष शर्मा, डी.के.शर्मा, शिव थवाईत, देवानंद दुबे, बी. एल. कश्यप, महेश साव, आर. एन. चौबे आदि भारी संख्या में पेंशनर संघ के पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन परस शर्मा एवं आभार प्रदर्शन आर. के. थवाईत ने किया।

## सार-संक्षेप

### दिव्यांगों व उभयलिंगी व्यक्तियों के जन जागरूकता के लिए रैली आज

**बिलासपुर** , 10 सिंतबर (देशबन्धु)। जिला निर्वाचन कार्यालय एवं समाज कल्याण विभाग बिलासपुर के संयुक्त तत्वरधान में 11 सितंबर समय प्रात: 8.30 स्थान कलेक्ट्रेट कार्यालय बिलासपुर से देवकीनंदन कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिलासपुर में संपन्न होगी। उक्त रैली को कलेक्टर जिला बिलासपुर द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे तथा रैली देवकीनंदन स्कूल प्रांगण में आकर सभा में परिवर्तित हो जाएगी। उक्त सभा में अतिथियों द्वारा दिव्यांगों एवं उभयलिंगी व्यक्तियों को मतदान का शपथ करवाया जाएगा।

### एयू में छात्रों ने मनाई जन्माष्टमी



**बिलासपुर** , 10 सिंतबर (देशबन्धु)। अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय मे जनमाष्टमी के तीसरे तीन दिन भी मनाया गया। जन्माष्टमी फेस्ट यूटीडी (यूनिवर्सिटी टिचिंग डिपार्टमेंट) के सभी डिपार्टमेंट के छात्रों ने मिलकर एक साथ मनायी जन्माष्टमी फेस्ट दही हांडी फोड़ने का प्रतियोगिता भी रखा गया। जिसमे छात्राओं ने विशेष रूप से भाग लिया। दही हांडी आयोजन मे मुख्य रूप से यूटीडी के सवितेश गढ़ेवाल, तृसाल, संस्कार चौबे, घनश्याम साहू, आर्यन सिन्हा, अतिंद्र दीवान, लोमेश साहू अंश चन्द्रा आदि सैकड़ों छात्र शामिल रहे ।

### रद्द की गई गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस को परिवर्तित मार्ग से चलाई जाएगी

**बिलासपुर** , 10 सिंतबर (देशबन्धु)। अधोसंरचना विकास हेतु उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के वाराणसी स्टेशन यार्ड का रिमाडलिंग हेतु एनआई का कार्य किया जा रहा है । इस कार्य के फलस्वरुप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर चलने वाली 15231 बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस को 11 सितम्बर से 15 अक्टूबर तक तथा 15232 गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस को 12 सितम्बर से 16 अक्टूबर तक रद्द की गई थी । यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये रेलवे प्रशासन द्वारा इन दोनों गाड़ियों को रिस्टोर करते हुये उपरोक्त अवधि में परिवर्तित मार्ग व्हाया प्रयागराज छिवकी-पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन-पाटलीपुत्र-हाजीपुर स्टेशनों के रास्ते चलाई जाएगी। अत: ये गाडियाँ इस अवधि में रद्द नहीं रहेगी उपरोक्तानुसार परिवर्तित मार्ग से चलेगी।

### 96 पाव शराब के साथ ग्रामीण पकड़ाया

**बिलासपुर** , 10 सिंतबर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा चुनाव 2023-24 के मददेनजर कानून व्यवस्था एवं अवैध कार्यों पर निगरानी रखने पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा कड़े निर्देश दिए गए थे जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा,उप पुलिस अधीक्षक डी आर टंडन के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रविन्द्र अनंत के नेतृत्व में आज टीम बनाकर हमराह स्टाफ प्रधान आरक्षक तेज कुमार रात्रे ,आरक्षक कृष्ण कुमार महिलांगे,रामस्नेही साहू,शशिकिरण कुर्रे,शिवधन बंजारे,सुरेन्द्र जांगड़े एवं महिला आरक्षक मीना राठौर के साथ जुर्म जरायम पतासाजी पर रवाना किया गया था। जरिये मुखबीर सूचना मिला कि ग्राम खैरा में नंदराम उर्फ पुनिया खांडेकर अपने घर के आंगन में देशी प्लेन शराब अवैध रूप से बेचने के लिए रखा हुआ है कि सूचना पर हमराह स्टाफ मौके पर पहुचकर रेड की कार्यवाही किया जहां उक्त व्यक्ति के घर के पीछे आंगन की तलाशी लेने पर एक सफेद रंग की बोरी में 96 नग देशी प्लेन शराब प्रत्येक में 180 लीटर रखा हुआ मिलने पर आरोपी नंदलाल उर्फ पुनिया पिता रामनाथ खांडेकर उम्र 29 वर्ष ग्राम खैरा थाना मस्तूरी के कब्जे से बरामद किया गया।बरामद देशी प्लेन शराब की कुलमात्रा17 लीटर 280 व कीमती 7680 रूपये है। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनयम की धारा 34 (2) के तहत कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

# बच्चे बने राधा कृष्ण, माताएँ बनकर आई यशोदा

## बेगलेस डे पर बच्चों ने मनाई कृष्ण जन्माष्टमी

**बिलासपुर**,10 सिंतबर (देशबन्धु)। शासकीय प्राथमिक शाला तारबाहर में बेगलेस डे पर श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव का आयोजन किया गया। शनिवार जो कि विद्यालय में बैगलेस डे होता हैं , वहाँ सैटरडे फनडे के रूप में मनाया जाता हैं। इसी तारतम्य में विद्यालय द्वारा जन्माष्ठमी उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी बच्चे राधा कृष्णा बन कर आये और



उनके साथ उनकी माताएं यशोदा बनकर आईं। मटकी फोड़ प्रतियोगिता में बच्चे , पालक , डीएड के शिक्षक, शाला की प्रधान पाठक , शिक्षिकायें, सफाईकर्मी, रसोइया सभी ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। मटकी फोड़ प्रतियोगिता के विजेता को उपहार दिया गया। बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम किये गये। सभी बच्चों को चॉकलेट दिया गया। कार्यक्रम में शाला की प्रधान पाठक पूजा तिवारी , शिक्षिकायें माधुरी निर्मलकर, ईश्वरी अय्यर , सफाईकर्मी राजिम खुटले, रसोईया शिखा रॉबिन्सन, अभिभावक और सभी बच्चे उपस्थित थे।

# अमर ने किया मस्तूरी केंद्रीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

## अग्रवाल ने दोनों हाथ को ऊपर उठाकर मस्तुरी को जीतने का दिलाया संकल्प

**बिलासपुर**, 10 सिंतबर (देशबन्धु)। पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल ने रविवार को मस्तुरी विधानसभा के केंद्रीय चुनाव कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख पदाधिकारी एवम बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजुद रहे कार्यक्रम के दौरान पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल ने कहा कि चुनाव कार्यकाल के उद्घाटन के साथ ही आज से पार्टी के हरेक कार्यकर्ता को घर घर जाकर कमल खिलाने का काम करना है। आज यहां उपस्थिति भीड़ इस बात प्रमाण दे रही है कि अब



लबरा भूपेश सरकार के विदाई का समय आ गया है। इस दौरान उन्होंने ने छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर जमकर निशान साधा। और कहा कि लबरी भूपेश सरकार ने हर वर्ग किसान, माता बाहिनी, युवा, विधवा माता को ठगने में शर्म नही आई। 6-6 महीने से पेंशन नहीं मिल रहा। विधवा बहनों को धोका देने का पाप भूपेश सरकार ने किया है। भूपेश सरकार ने छत्तीसगढ़ में लूट मचा रही है। केवल और केवल पांच साल में लूटते का काम किया है। कोयला में, रेत में, चावल में, शराब में घोटाला हर चीज में घोटाला किया है। छत्तीसगढ़ की ढाई करोड़ जनता को भगवान भरोसे छोड़ कर भूपेश बघेल अपने आका एक परिवार को खुश करने में लगे है। आज हर सरकारी दफ्तर में छोटा से बड़ा कोई काम बिना पैसों के नही होता। भ्रष्टचार का बोलबाला है। छत्तीसगढ़ियावाद के नाम पर भी जनता को ठगा गया। तीन तीन सांसद बाहर के बना दिए। 2023 का विधानसभा चुनाव छत्तीसगढ़ को बचाने का चुनाव है।

प्रदेश में खुशहाली, विकास, तरक्की के लिए भाजपा को जितना हैं उन्होंने उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओ को दोनो हाथ उठाकर जिताने का संकल्प दिलाया। इसके पहले मस्तूरी पहुंचे पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल का भाजपा के जिले से लेकर बूथ स्तर के पदाधिकारियों ने आतिशबाजी और पुष्पमाला के साथ भव्य और आत्मीय स्वागत किया। कार्यक्रम में भाजपा नेतृत्व ने मस्तूरी से भाजपा को जीतने का आव्हान किया। मस्तुरी विधायक डॉ बांधी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार में कुशासन का राज है। यहां का पैसा पानी की तरह बहाया जा रहा है। सरकार में आराजकता का माहौल है। किसान, मजदूर, युवा, महिलाए सभी हताश और निराश है। भूपेश सरकार ने जनता को ठगने का काम किया। इस सरकार को उखाड़ना ही नही पूरे देश से उखाड़ फेंकना है। इस सरकार ने भ्रष्टचार के इमारत लिख डाली। गरीबों के चावल, कोयला, गोबर योजना सभी में घोटाला किया है।

# देर रात तक जाम छलकाते 17 युवक पकड़ाए



## तारबाहर पुलिस की कार्रवाई

**बिलासपुर**, 10 सिंतबर (देशबन्धु)। शहर के बीच देर रात तक शराब पर परोसने वाले बार के पार्किंग एरिया में शराब की महफिल सजाए युवकों को तारबाहर टीआई और उनकी टीम ने रेड कर पड़का है। सभी शराबियो के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।

तारबाहर टीआई मनोज नायक ने बताया कि एमिगोस बार में दवाई दुकान के तर्ज पर 24-7 शराब बेचने की शिकायत मिल रही थी। शनिवार की देर रात स्टाफ के साथ रेड किया गया तो बार के पार्किंग एरिया में नशे में झूमते 17 युवक पुलिस के हाथ लगे। पुलिस ने बताया कि जैसे ही पुलिस की टीम एमिगोस बार के में रेड करने पहुंची तो पार्किंग एरिया में नशे से झूमते लोगों का हुजूम लगा था। पुलिस को देखते ही सभी इधर-उधर भागने लगे तकरीबन रात दो से तीन के बीच रेड करवाई के दौरान पुलिस की टीम बार के कैश काउंटर और डिस्को क्लब तक नशे में टल्ली युवाओं की भीड़ के कारण नही पहुंच पाई, पुलिस की माने तो पार्किंग एरिया में जो युवक मिले उन्हें भागने से पहले पकड़ लिया गया। जिसमे लगभग 50 से अधिक लोग थे। एक दर्जन से अधिक के खिलाफ आबकरी एक्ट की करवाई की गई तो वही 17 युवकों पर धारा 151 का जुर्म दर्ज किया गया है। जिले में पुलिस कप्तान संतोष कुमार सिंह के चार्ज लेने के बाद से ही आपरेशन निजात के बूते लगातार नशे के खिलाफ की जा रही करवाई है। कई ऐसे मामले भी सामने आए जहा आबकारी विभाग नदारद देखा गया। एमीगोस बार में देर रात तक शराब परोसने की बात किसी से छुपी नहीं है।

ज्यादा रेट में बार बंद होने के बाद भोर तक वाइन, बियर बेची जाती है। इधर हर बार आबकारी विभाग की अनदेखी से समझ आ ही जाता है कि सारा खेल जिले के आबकारी विभाग की शह पर चल रहा है। वैसे भी नशे के खिलाफ कार्रवाई में एसपी सिंह का निजात अभियान अव्वल नंबर पर नाम कमा रहा है।

# वाहन चेकिंग के दौरान ढाई लाख नकद जब्त

**बिलासपुर** , 10 सिंतबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक बिलासपुर संतोष सिंह के द्वारा कानून एवं सूरक्षा व्यवस्था ड्यूटी तथा अगामी विधान सभा चुनाव 2023-2024 को मददेनजर रखते हुये सीमावर्ती थाना क्षेत्र में चेक पोस्ट के माध्यम से राज्य से बाहर आने जाने वाली वाहनो पर सतत निगरानी रखने के उद्देश्य से जगह जगह चेक पोस्ट लगाकर वाहनों की तलाशी की जा रही है। अतिरिक्त अधीक्षक राहुल देव शर्मा के निर्देशन पर उप पुलिस अधीक्षक डीआर टंडन के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी मस्तूरी निरीक्षक रविन्द्र अनन्त के द्वारा मस्तूरी टीम के साथ रायगढ़-बिलासपुर मार्ग पर चेक पोस्ट लगाकर वाहनों की सघन चेकिग किया जा रहा हैं। आज वाहन चेकिंग दौरान टाटा जेस्ट कार क्रमांक सीजी 12 ह 9959 जो बिलासपुर से पामगढ़ जा रहा था कि चेकिग दौरान उक्त कार में 500-500 सौ रूपये के पांच बंडल सामने की डिक्की में रखा हुआ मिला। उक्त रकम के संबंध में कार के ड्रायवर से पूछताछ करने पर उक्त रुपये के स्त्रोत के संबंध में कोई ठोस जानकारी नही दिया गया। उक्त रकम की गिनती करने पर 250000 रुपए (दो लाख पचास हजार रुपये) होना पाया गया।उक्त रकम को जप्त मुताबिक जप्ती पत्रक के जप्त किया गया। चूंकि राज्य में एक महीने पश्चात अगामी विधान सभा चुनाव संपन्न होना हैं । उपरोक्त तथ्यों को ध्यान में रखकर धारा 102 जाफौ के तहत जप्त किया गया है।

# बाजारों से बाइक चोरी करने वाला शातिर चोर गिरफ्तार

## आरोपी से चोरी की दस बाइक बरामद

**बिलासपुर** , 10 सिंतबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह (भापुसे) द्वारा पूर्व में थाना प्रभारियों की मीटिंग लेकर जिले में हो रही लगातार मोटर सायकल चोरियों पर अंकुश लगाने एवं अवैध करोबार करने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है।

क्षेत्र में हो रहे चोरी के रोकथाम तथा आरोपियों के धरपकड़ हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र जायसवाल एवं सी.एस.पी. (सरकंडा ) श्रीमति पूजा कुमार के मार्ग दर्शन एवं थाना प्रभारी सरकंडा निरीक्षक जय प्रकाश गुप्ता के निर्देशन में थाना सरकण्डा से एक टीम तैयार कर पतासाजी किया जा रहा था, कि मुखबीर से सूचना मिला कि चिंगराजपारा क्षेत्र में रहने वाला राहुल देवदास नामक व्यक्ति बलौदाबाजार भाठापारा रेल्वे स्टेशन के पास मो.सा. क्र. सीजी 10 पी 0712 में घूम रहा है, और मोटर सायकल बिक्री करने के लिए ग्राहक ढूंढ रहा है जो चोरी का मोटर सायकल होना प्रतीत होता है, उक्त सूचना के आधार पर मोटर सायकल के संबंध में थाना सरकण्डा के रिकार्ड के अवलोकन पर प्रार्थी जगमोहन




यादव पिता स्व. मदनलाल उम्र 38 वर्ष साकिन गणेश चौक चिंगराजपारा सरकण्डा का चोरी का मोटर सायकल होना एवं उक्त मोटर सायकल चोरी के संबंध में अपराध क्रमांक 1161 / 2023 धारा 379 भादवि दर्ज कराना पाये जाने से मुखबीर सूचना तस्दीक पर तत्काल टीम भाठापारा रवाना किया गया, जहां पुलिस टीम द्वारा रेल्वे स्टेशन के पास घेराबंदी कर राहुल देवदास को पकड़कर पूछताछ करने पर उक्त मोटर सायकल को चोरी करना स्वीकार करते हुये बिलासपुर शहर के अलग-अलग भीड़भाड़ वाले इलाकों से अन्य मोटर सायकल चोरी करना एवं चिंगराजपारा के अलग-अलग जगहों में झाड़ी- झुरमुट में मोटर सायकल को छिपाकर रखना बताया। आरोपी के कब्जे से प्रकरण में चोरी गये मोटर सायकल क्रमांक सीजी 10 क्र0712 को बरामद कर भाठापारा से बिलासपुर लाया गया एवं आरोपी के बताये अनुसार उसके निशानदेही पर सरकण्डा क्षेत्र के अलग-अलग झाड़ियों से 02 स्कूटी, 08 मोटर सायकल सहित कुल 10 नग वाहन जिनकी कुल कीमत करीब 5,00,000 रू. को बरामद किया गया एवं आरोपी को गिरफ्तार कर रिमाण्ड पर न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश गुप्ता, सउनि रमेश ध्रुव, प्र.आर. विनोद यादव, प्रमोद सिंह, आरक्षक मनोज बघेल, मिथलेश सोनी, संजीव जांगड़े, विवेक राय, राकेश यादव, रवि यादव, रितेश मिश्रा का विशेष योगदान रहा।

## सार-संक्षेप

### विधानसभा की परिस्थितियों का अवलोकन करने पहुंचे असीम



**कोरबा-पाली,** 10 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव की तैयारियां जोरों पर है। पाली तानाखार विधानसभा में पश्चिम बंगाल के विधायक असीम विश्वास रविवार को पहुंचे। उन्होंने प्रथम बैठक कटघोरा में रखी और विभिन्न क्षेत्र के पदाधिकारियों, सदस्यों से अलग-अलग चर्चाएं की। प्रवासी विधायक एक सप्ताह तक विधानसभा में रहकर मंडलों तक जाकर संगठन को मजबूत करने व कार्यकर्ताओं को रिचार्ज करने का काम करेंगे।

आयोजन के दौरान वाल पेंटिंग भी किया गया जिसमें नारे उल्लेखित किए गए। असीम विश्वास प्रवास के दौरान ही विधानसभा स्तरीय भाजपा कार्यालय का भी उद्घाटन किया जाएगा। आयोजित बैठक में विधानसभा संयोजक संजय भावनानी, विधानसभा सह प्रभारी अजय जायसवाल, सहित चिंटू राजपाल, देवी सिंह टेकाम, रामदयाल उइके, श्याम लाल मरावी, किरण मरकाम, गोवर्धन कंवर, प्रकाश जाखड़, कीर्ति कश्यप,रूप विलास गोस्वामी, रघुनंदन जायसवाल,कृष्णा यदु,पवन पोया,रवि मरकाम, रामफल यादव, विधानसभा मीडिया प्रभारी दीपक शर्मा, विक्की अग्रवाल, छोटू पटेल,मनोज डिकसेना, बृजेश यादव,दिलीप पटेल आदि उपस्थित थे।

### दो पक्षों में मारपीट पर बलवा का जुर्म दर्ज

**कोरबा-बांकीमोंगरा**, 10 सितंबर (देशबन्धु)। बांकीमोंगरा क्षेत्र के बजरंग चौक के पास मटका फोड़ कार्यक्रम के दौरान दो पक्षों में पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट हो गयाँ दोनों पक्ष के लोगों को चोटें आई है। दोनों पक्ष ने बांकीमोंगरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर एक-दूसरे के खिलाफ बलवा व मारपीट का अपराध दर्ज किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बांकी दो नंबर में रहने वाले राहुल बंजारे पीड़ित ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। राहुल ने रिकेश चौहान उर्फ बगीरा, नीरज साहू, बिट्टू खान, सोनू तिवारी, अखिलेश सिंह उर्फ मल्लू, रोहित शर्मा अन्य 20-25 लोगों पर मारपीट का आरोप लगाया है। राहुल का आरोप है कि वह बजरंग चौक के पास मटका फोड़ देखने के बाद दोस्त के साथ लौटने के लिए बाइक पर सवार हुआ। बाइक से खींचकर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। मारपीट की घटना को अंजाम दिया। घटना में उसके नाक, आंख, दोनों पैर के एड़ी सहित शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई है। पर्स गुम गया। पर्स में 5 हजार रूपए नगद, एटीएम कार्ड, आधार कार्ड व ड्राइविं लाइसेंस था। मोबाइल क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं गायत्री मंदिर के पास रहने वाले मुशर्रफ अहमद ने नरेंद्र, माइकल व राहुल पर पुराने वाद-विवाद की बात को लेकर मारपीट किया। मुशर्रफ को भी चोटें आई है।

### श्री सप्तदेव मंदिर में जन्माष्टमी मनाने दिखा उत्साह

कोरबा, 10 सितंबर (देशबन्धु)। श्री सप्तदेव मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। हजारों भक्तगणों ने बारिश होने के पश्चात भी मंदिर में भगवान के दर्शन किये। मंदिर में भगवान श्री कृष्ण के बाल लीलाओं पर आधारित विभिन्न झांकियां श्रद्धा का केंद्र रही। मंदिर में बच्चों के लिये श्री कृष्ण बनो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 70 से अधिक बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के सभी वर्गो में प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। अन्य प्रतिभागियों को भी साांत्वना पुरस्कार दिए गए।

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मंदिर में भजन कार्यक्रम रखा गया जिसमें विजयबहादुर एवं पार्टी के द्वारा जीवंत नाटिका के साथ प्रस्तुति दी गयी। रात 12 बजे भगवान का जन्म कराया गया व जन्म के खुशी में बैंड बाजा बजाया गया, शंखनाद किया गया, बधाईयॉ दी गयी। सफल आयोजन के लिए श्री सप्तदेव मंदिर परिवार ने सहयोगी संस्थानों के साथ ही समस्त भक्तजनों, सामाजिक संगठनों, पुलिस प्रशासन, यातायात प्रशासन, नगर पालिक निगम तथा प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार प्रगट किया है।

### छत्तीसगढ़ में बनेगी आप की सरकार, कोरबा में स्वास्थ्य व शिक्षा मुख्य मुद्दा : केलकर



**कोरबा,** 10 सितंबर (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी ने 10 सीटों के लिए अपने प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया है। कोरबा विधानसभा से इस बार पार्टी ने विशाल केलकर पर भरोसा जताया है। रविवार को तिलक भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में विशाल केलकर ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि जनता अपनी पीढ़ी सुधारने के लिए इस बार आम आदमी पार्टी को प्रचंड बहुमत से जीत दिला रही है। आम आदमी पार्टी की सरकार बनती है, तो दिल्ली और पंजाब की तरह छत्तीसगढ़ में भी हर महीने हर घर को 300 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी। इसके अलावा शिक्षा की गारंटी ,स्वास्थ्य की गारंटी और भ्रष्टाचार मुक्त छत्तीसगढ़ की गारंटी भी आम आदमी पार्टी दे रही है। आम आदमी पार्टी की सरकार बनती है, तो 10 लाख बेरोजगारों की सरकारी नौकरी में भर्ती की जाएगी। बेरोजगारों को प्रतिमाह 3000 रूपए सहायता राशि दी जाएगी। इसी तरह 18 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रूपए सम्मान राशि दी जाएगी। बुजुर्गों को तीर्थ स्थल की मुफ्त यात्रा सरकार कराएगी। शहीदों की सम्मान राशि एक करोड़ दी जाएगी। सभी विभागों के संविदा ,प्लेसमेंट ठेका व अनियमित कर्मचारियों को नियमित किया जाएगा। किसानों और जनजातियों के लिए गारंटी का आने वाले दिनों में अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भागवत मान इसका ऐलान करेंगे। विशाल केलकर ने प्रत्याशी घोषित करने के लिए पार्टी के पदाधिकारियों के प्रति आभार भी जताया।

# ऊर्जाधानी भूविस्थापित सगंठन की त्रैवार्षिक आमसभा आयोजित

### सपुरन कुलदीप अध्यक्ष, विजयपाल सचिव निर्वाचित हुए



कोरबा- 10 सितंबर (देशबन्धु)। ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति की त्रैवार्षिक आमसभा उत्साह पूर्ण माहौल में संपन्न हुई। कार्यकाल पूर्ण होने पर नवीन प्रबंध कमेटी का चुनाव किया गया जिसमें निर्विरोध सपुरन कुलदीप अध्यक्ष, विजयपाल सिंह तंवर सचिव चुने गए।

नराईबोध कार्यालय में हुई आम सभा से पूर्व रैली निकाली गई जिसमें ग्राम भ्रमण कर देवस्थान में पहुंचकर पूजा-अर्चना की गई और वापस सम्मेलन स्थल में कार्यक्रम हुआ। इंद्रपाल सिंह कंवर, मनीराम, विजयपाल सिंह, तिरिथ केशव, बृजकुंवर की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही शुरू हुई। निवर्तमान अध्यक्ष सपुरन कुलदीप, सचिव विजयपाल के द्वारा पिछले तीन साल के दौरान सन्गठन की गतिविधियों व उपलब्धियों के साथ समीक्षा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। कोषाध्यक्ष ने आय -व्यय की जानकारी प्रस्तुत किया जिसे सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया। विभिन्न सदस्यों ने अपने सुझाव ,प्रस्ताव भी रखे जिन्हें स्वीकार किया गया। प्रस्तुत प्रतिवेदन में स्पष्ट किया गया कि सन्गठन में भूविस्थापित किसानों सहित विस्थापन से जुड़े अन्य सभी समस्याओं के लिए और उनके कल्याण के लिए बनाए गए उद्देश्यों की भलीभांति पालन हुआ है। भविष्य में संघर्ष को और ज्यादा मुखर करने का निर्णय लिया गया। प्रदेश स्तर पर सन्गठन का विस्तार करने अन्य संगठनों के साथ साझा मंच तैयार करने का निर्णय भी लिया गया। राज्यपाल से भेंट कर ज्ञापन सौंपने पर भी चर्चा हुई।

**तीन साल के लिए गठित हुई कार्यकारिणी:** आगामी तीन वर्ष के लिए सर्वसम्मति से निर्विरोध नवीन प्रबंध समिति में बंसत कुमार कंवर उपाध्यक्ष, रूद्र दास महंत कोषाध्यक्ष, दीपक यादव सह-सचिव, सदस्य अनसुईया राठौर,इंद्रपाल सिंह, सम्मानीय सदस्य श्यामू जायसवाल, मनीराम , कमला बाई,बृजकुंवर, धनकुंवर, कार्यकारणी सदस्य कुलदीप राठौर,संतोष चौहान, ललित महिलांगे,चंदन सिंह बंजारा, तिरिथ केशव,गोपाल सिंह बिंझवार, दशरथ सिंह, विष्णु,जगदीश पटेल, जयलाल सिंह खुसरो, फुलेंद्र सिंह, कृपाल कामरो, प्रकाश कोर्राम, भागीरथी, सोनू चौहान, अशोक साहू, विद्याधर साहू,रामचरण,शत्रुहन सिंह करपे, सती कुमार बिंझवार,नवीन दास,कामजी पटेल,रमेश पटेल,नंद कुमार,प्रीतम सिंह भामरा, रमेश यादव,दीपक श्रीवास, दानेंद्र ठाकुर, सतीश चन्द्रा, राकेश सिंह कंवर,विजय कुमार, संतोष दास महंत (अन्य 5 रिक्त) चुने गए हैं।

**इन पदाधिकारियों का निष्कासन :** त्रैवार्षिक आमसभा में संगठन के अनुशासन भंग करते हुए तथा कोर कमेटी के निर्णय के विरुद्ध, संगठन और संगठन के पदाधिकारियों की सार्वजनिक तौर पर गलत तथ्यों पर आधारित बयानबाजी करने, गुटबाजी कर सन्गठन को कमजोर करने, संगठन के आंदोलन को तोड़ने का प्रयास करने, प्रबंधन को मदद करने एवं गैर संगठनों के साथ अपनी मनमर्जी से मंच साझा करने जिससे सन्गठन की गरिमा व मर्यादा को क्षति पहुंची है। ऐसे कारणों से बृजेश श्रीवास, प्रतापसिंह कंवर, संतोष राठौर, दिलहरन दास को आमसभा द्वारा निष्कासित कर दिया गया।

# करील लेने जंगल गई ननद-भाभी को हाथियों ने कुचला, मौत

**दहशत में है ग्रामीण, चोटिया डंपिंग एरिया में हुई घटना**

### फसलों को रौंद रहे गजराज, किसानों का हो रहा नुकसान





**कोरबा-कटघोरा,** 10 सितंबर (देशबन्धु)। जिले के कटघोरा वन मंडल में हाथियों की लगातार मौजूदगी के बीच जहां फसलों के रौंदे जाने से किसानों को आर्थिक नुकसान हो रहा है, वहीं दहशत का आलम भी है। दहशत के बीच हाथियों ने आज दो महिलाओं को मौत के घाट उतार दिया। इस घटनाक्रम के दौरान दो अन्य महिलाएं घायल हो गई है, जिनका उपचार जारी है।

जानकारी के अनुसार घटना कटघोरा वनमंडल अंतर्गत ग्राम चोटिया के डंपिग एरिया से लगे जंगल में आज सुबह करीब 11 बजे घटित हुई। बताया गया कि ग्राम कोरबी में नरसिंह पैकरा 42 वर्ष अपनी पत्नी राजकुमारी 39 वर्ष और बहन पुन्नी बाई तथा पुत्र दीपक के साथ निवासरत है। आज ये लोग चोटिया के निकट कोयला डंप एरिया में करील लेने के लिए गए थे। इस दौरान यहां हाथियों ने हमला कर दिया, जिसमें राजकुमारी और पुन्नी बाई की मौत हो गई जबकि नरसिंह और दीपक भी चोटिल हो गए हैं। नरसिंह की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामवासियों में शोकमिश्रित भय का वातावरण निर्मित हो गया। सूचना उपरांत वन अमला और कटघोरा वन मंडल अधिकारी कुमार निशांत मौके पर पहुंचे और आवश्यक जानकारी ली। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहीं राजकुमारी व पुन्नी बाई के शव को पोस्टमार्टम उपरांत परिजनों के सुपुर्द किया गया। पीड़ित परिवार को 25-25 हजार रुपए की तात्कालिक सहायता उपलब्ध कराई गई, वहीं क्षतिपूर्ति की शेष राशि 5.75 लाख रूपए प्रति मृतक प्रदान करने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### 41 हाथियों का दल कर रहा विचरण

वन अधिकारियों के बताए अनुसार कटघोरा वनमंडल के केंदई रेंज में अभी भी 41 हाथी घूम रहे हैं। हाथियों के इस दल ने पसान रेंज के पनगंवा व बनिया में पहुंचकर उत्पात मचाते हुए ग्रामीणों की फसल को तहस-नहस कर दिया है। उसके बाद केंदई के सिरमिना सर्किल अंतर्गत साल्ही पहाड़ पर चले गए। केंदई और ऐतमा नगर रेंज में हाथियों का दल फसलों को नुकसान पहुंचा रहा है। बताया जा रहा है कि झुंड से बिछड़े हाथी ने घटना को अंजाम दिया है। वन विभाग की टीम द्वारा हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ने की कोशिश की जा रही है।

### धर्म सेना की बैठक हुई राम जानकी मंदिर में



**कोरबा,** 10 सितंबर (देशबन्धु)। धर्म सेना कोरबा विभाग की बैठक बुधवारी स्थित राम जानकी मंदिर में संपन्न हुई व आगामी कार्यो को लेकर चर्चा हुई। बैठक में जिला कोरबा, सक्ती व मालखरौदा क्षेत्र से 100 से अधिक संख्या में धर्म सैनिक व मातृशक्ति एकत्र हुए। तमिलनाडु के राज्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन द्वारा सनातन धर्म को नष्ट करने व समाप्त करने के बयान के विरुद्ध में कार्यकर्ताओं द्वारा बाइक रैली निकाल कर रामपुर सिविल लाइन थाना में एफआईआर की मांग संबंधी ज्ञापन सौंपा गया। इस बैठक में मुख्य रूप से सक्ती जिला से रूपेंद्र गभेल, राजू दास ,ओमप्रकाश, मालखरौदा से श्याम चौहान, कोरबा विभाग पूर्व संयोजक विष्णु पटेल, पूर्व प्रान्त संयोजक सुरेंद्र बाहदुर सिंह , जिला संयोजक साकेत शर्मा ,घनश्याम राठौर, नरेश राजपूत,सदानंद सिंह व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## जनपद की बैठक से अधिकारी नदारद जनप्रतिनिधियों ने जताया आक्रोश



**कोरबा-पाली,** 10 सितंबर (देशबन्धु)। जनपद पंचायत पाली में होने वाली विभिन्न विभागों की समीक्षा और सामान्य सभा की बैठक को लेकर अधिकारियों व कर्मचारियों की उदासीनता और लापरवाही पर जनपद सदस्यों ने आक्रोश जाहिर किया है। उपेक्षित व्यवहार की शिकायत कलेक्टर सहित सांसद और विधायक से करने की बात कही गई है।

जनपद पंचायत पाली में विगत दिनों बैठक जनपद अध्यक्ष दुलेश्वरी सिदार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जनपद उपाध्यक्ष नवीन सिंह ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि अनिल गुप्ता, भैयाराम यादव, सभापति अंजू श्यामा पांडे, मुकेश जायसवाल एवं अन्य जनपद सदस्यों तथा जनपद सीईओ भूपेंद्र सोनवानी समेत कई जनप्रतिनिधि उपस्थित थे लेकिन अधिकांश विभाग के अधिकारी अथवा उनके प्रतिनिधि बैठक में नहीं पहुंचे। वर्तमान पंचवर्षीय कार्यकाल के दौरान महज दो बैठक हुई है। इसमें भी अधिकारियों स्वयं उपस्थित होना तो दूर अपना प्रतिनिधि भेजना भी मुनासिब नहीं समझा। जनपद की बैठक से जिम्मेदार अधिकारी अक्सर नदारद रहते हैं। इसे लेकर जनपद प्रतिनिधियों में आक्रोश व्याप्त है।

विभिन्न विभाग के अधिकारियों द्वारा बैठक की अनदेखी किए जाने से जनपद सदस्य, जनप्रतिनिधि सामान्य सभा का बहिष्कार करते हुए बैठक छोड़कर सदन से बाहर निकल गए। सभापति श्यामा पांडे ने कहा कि अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारी तय करनी पड़ेगी। उन्होंने जनपद सदस्यों की ओर से कलेक्टर से भेंटकर लिखित शिकायत भी की है, साथ ही मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद, विधायक को भी पत्र प्रेषित कर अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई तथा उनकी स्वेच्छाचरिता पर अंकुश लगाने की मांग की है।

### मानसिक दिव्यांग युवती से अनाचार का प्रयास, चालक जेल दाखिल

कोरबा-बालकोनगर, 10 सितंबर (देशबन्धु)। घर के सामने टहल रहे मानसिक रूप से नि:शक्त युवती पर ट्रेलर चालक की नीयत बिगड़ गई। वह युवती से अनाचार का प्रयास करने लगा। परिजन पहुंचे तो पकड़े जाने के भय से भागते समय आरोपी गिरकर घायल हो गया। पुलिस ने उसे जेल दाखिल करा दिया है।

जानकारी के अनुसार घटना बालको थाना क्षेत्र की है। मूलत: भैंसामुड़ा थाना उरगा निवासी रवि केंवट 35 वर्ष बांगो थाना क्षेत्र के ग्राम कछार धसकापारा में रहता है। वह राखड़ परिवहन में लगे एक कंपनी मे ट्रेलर चालक था। चार दिन पूर्व रात करीब 9 बजे चालक वाहन लेकर बालको पहुंचा। इसी दौरान उसकी नजर घर के सामने टहल रही मानसिक रूप से नि:शक्त युवती पर पड़ी। युवती को अकली देख चालक की नीयत बिगड़ गई और उसने अनाचार का प्रयास किया। पीड़िता की आवाज सुनकर परिजन मौके पर जा पहुंचे। उन्हें देखते ही आरोपी युवक भागने लगा। इस दौरान लड़खड़ाकर जमीन पर जा गिरा जिससे युवक को चोटें आई। घटना की सूचना परिजनों ने थाना पहुंच कर दी। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची व खोजबीन के बाद आरोपी रवि केंवट को गिरफ्तार कर लिया। धारा 354 भादवि के तहत जुर्म दर्ज कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कराया गया।

### डीएफओ के वाहन चालक ने लेखा अधीक्षक से की मारपीट

**कोरबा,** 10 सितंबर (देशबन्धु)। कोसाबाड़ी-रजगामार मार्ग में वन विभाग कालोनी के समीप वन विभाग के लेखा अधीक्षक से डीएफओ को ड्राइवर ने गाली-गलौज कर मारपीट किया। मामले की शिकायत पीड़ित लेखा अधीक्षक ने पुलिस से की है।

घटना शुक्रवार की देर रात की बताई जा रही है। पोड़ीबहार निवासी अशोक वाहने कोरबा वन मंडल कार्यालय में लेखा अधीक्षक पदस्थ हैं। वर्तमान में लेखा अधीक्षक अवकाश पर हैं क्योंकि उनका पुत्र अस्वस्थ है। वे पुत्र के लिए दवा लेने कोसाबाड़ी आए हुए थे और दवा लेकर घर जाने के दौरान वन विभाग कालोनी के ठीक सामने वन मंडल कार्यालय में पदस्थ लिपिक रितेश कुमार भारद्वाज से हो गई। श्री वाहने लिपिक से बातचीत कर रहे थे कि इसी दौरान दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी श्रीचंद साहू मौके पर पहुंचा। उसने लेखा अधीक्षक से गाली-गलौज शुरू कर दिया। लेखा अधीक्षक ने आपत्ति जताई तो श्रीचंद साहू आक्रोशित हो गया और लेखा अधीक्षक से मारपीट करने लगा। वह खुद को डीएफओ का वाहन चालक बताता रहा तथा जिले के उच्च अधिकारियों को अपने हाथ में होने की बात चीख-चीख कर कहता रहा। विवाद के दौरान यहां बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए तथा हंगामा कर रहे युवक को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह मानने को तैयार नहीं था। मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह मामले को शांत कराया। बाद में पता चला कि श्री चंद साहू सेवानिवृत्त वन कर्मी का पुत्र है जो विभाग में दैनिक वेतन भोगी के रूप में कार्यरत है और वर्तमान में डीएफओ के वाहन चालक के रूप में सेवा दे रहा है। शनिवार को पीड़ित लेखा अधीक्षक ने श्रीचंद साहू के विरुद्ध सिविल लाइन थाना रामपुर में शिकायत दर्ज कराया जिस पर जांच की जा रही है।




■ राजेन्द्र जायसवाल

#### ➡ कटघोरा में दिव्य गणेश

जल्द ही देवों में प्रथम पूज्य भगवान गणेश की आराधना का दस दिवसीय पर्व शुरू होने जा रहा है। गणेश चतुर्थी की तैयारियों में विभिन्न उत्सव समितियां जोर-शोर से जुटी हैं। कटघोरा नगर में दिव्य गणेश के दर्शन कराने की तैयारियों में समिति जुटी है। अन्य पूजा पंडालों में भी विभिन्न स्वरूपों में गणपति के दर्शन होंगे। चित्रा टाकीज मार्ग में भी विशालकाय पंडाल तैयार हो रहा है।

#### ➡ आरोप पत्र पर चुप्पी

राजधानी रायपुर में अमित शाह ने भाजपा के द्वारा जारी आरोप पत्र विमोचित किया। नेता प्रतिपक्ष ने कोरबा में इसके लिए समय निकाला और आरोप पत्र में प्रदेश सरकार के विरुद्ध उल्लेखित आरोपों को जोर-शोर से रखा और आरोप पत्र को बांटा भी। इसी आरोप पत्र में 21 बिंदुओं पर स्थानीय विधायक सह मंत्री के विरुद्ध भी आरोप पत्र डालकर दिया गया, लेकिन इस आरोप पर नेता प्रतिपक्ष चुप्पी साधे रहे और एक शब्द भी बयां नहीं किया।

#### ➡ प्रभारी चुस्त-बाकी सुस्त

चुनाव का समय नजदीक आते-आते प्रभारियों पर दारोमदार बढ़ गया है। संगठन के प्रभारी काफी चुस्त-दुरुस्त नजर आ रहे हैं और वे लगातार दौरे पर दौरा कर पदाधिकारियों सहित कार्यकर्ताओं को चार्ज कर रहे हैं। अब चर्चा है कि प्रभारी तो चुस्त हैं, लेकिन बाकी लोग सुस्त क्यों हैं?

#### ➡ विकास गिरफ्त में

पुलिस में दर्ज अपराध और न्यायालयीन मामले में आखिरकार पीसीसी सचिव विकास सिंह की गिरफ्तारी कर ली गई। वैसे तो यह गिरफ्तारी काफी समय से लंबित थी, लेकिन न्यायालय के स्टे के कारण हाथ नहीं डाल रहे थे। जैसे ही स्टे खत्म हुआ, सक्रिय हुई पुलिस ने शिकंजा कस लिया।

#### ➡ भड़के कांग्रेसी

प्रदेश कांग्रेस सचिव विकास सिंह की गिरफ्तारी के बाद कांग्रेसी भड़क उठे। नेताओं ने साझा बयान जारी कर पुलिस की भूमिका को संदेहास्पद बताते हुए दर्ज मामलों पर भी सवाल उठा दिए हैं, लेकिन जब कानून और पुलिस ने अपना काम कर दिया है तब भड़कना और बयानबाजी सांप निकल जाने के बाद लकीर पीटने जैसा है।

#### ➡ भूविस्थापितों में रार

भूविस्थापितों के हक की लड़ाई लड़ने वाली एक समिति को लेकर तकरार मच गई है। इससे अलग हुए एक धड़े ने ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति के चुनाव व कार्यप्रणाली पर सवाल उठाकर लंबी-चौड़ी बयानबाजी की है तो दूसरी तरफ समिति ने अपनी आमसभा आयोजित कर नई कार्यकारिणी घोषित कर दी है। भूविस्थापितों के लिए संघर्ष करते-करते अब आपस में ही नेतागण संघर्ष कर रहे हैं।

#### ➡ कहां गए दावेदार

भाजपा में टिकट के लिए बड़े-बड़े दावे करने वाले और जगह-जगह वॉल राइटिंग करवाकर दमदार दावे का दंभ भरने वाले नेता प्रत्याशी घोषणा के तीन हफ्ते बाद भी बाहर नहीं निकल सके हैं। ये कहीं भी आयोजनों में न तो नजर आ रहे हैं और न ही बैठकों में इनकी उपस्थिति ज्यादातर दिख रही है।

#### ➡ कांग्रेस की टिकट

कांग्रेस की टिकट बीरबल की खिचड़ी की तरह हो गई है जिसके वितरण की उम्मीद में बैठे कई लोग अब उम्मीद भी छोड़ बैठे हैं। पहले 6 फिर 7 सितंबर को जारी होने वाली टिकट की घोषणा अब तक नहीं हो सकी है। बनाई गई पहली सूची को होल्ड कर दिए जाने से उम्मीदवारों की धड़कन बढ़ गई है।

#### ➡ अफवाह यह भी

अब यह अफवाह कौन फैला रहा है कि रज्जाक एक सुनिश्चित योजना के लिए कोरबा विधानसभा क्षेत्र में सक्रिय हैं।

#### ➡ एक सवाल आपसे?

कोरबा के कांग्रेसी चुनिंदा दो-तीन लोगों पर आंच आने पर ही क्यों भड़कते हैं?

#### ➡ और अंत में

कटघोरा विधानसभा में कांग्रेसी एकजुट हो गए हैं। कटघोरा से सामान्य या ओबीसी वर्ग का प्रत्याशी उतारे जाने की मांग हो रही है। 7 बार के विधायक और इसके बाद पुत्र को गद्दी दिलवाने वाले आदिवासी विधायक के विरुद्ध ये कांग्रेसी माहौल क्यों बना रहे हैं।

# सार-संक्षेप

## नवीन मतदाताओं का किया गया चिन्हांकन




**कोरिया** 10 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विनय कुमार लंगेह के निर्देशन व मार्गदर्शन में आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के अंतर्गत निर्धारित कार्यक्रम अनुसार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-03 (बैकुंठपुर) अंतर्गत डाईट एवं मार्गदर्शन नर्सिंग कॉलेज बैकुण्ठपुर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर नवीन मतदाताओं का चिन्हाकन किया गया साथ ही मतदान करने व मतदाताओं को प्रेरित करने हेतु शपथ लिया गया।

नवीन मतदाता चिन्हांकन व मतदाता सम्मान कार्यक्रम में पंचायत स्तर पर चलाये जा रहे अभियान के तहत विधानसभा क्षेत्र भरतपुर-सोनहत व बैकुंठपुर के विभिन्न ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, कार्यक्रम के प्रारंभ में विशेष कर नवीन मतदाताओं को आमंत्रित कर शिक्षकों व अन्य कर्मियों के द्वारा तिलक लगाकर पुष्पगुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया जा रहा है। उपस्थित मतदाताओं को मतदान के महत्व व इसकी उपयोगिता के साथ ही ईव्हीएम व व्हीव्हीपैड मशीन के माध्यम से मतदान करने की प्रकिया से अवगत कराया जा रहा है। नवीन मतदाताओं के पंजीयन हेतु आयोग द्वारा निर्धारित प्रपत्र भरवाकर ऑनलाईन करने हेतु स्थानीय बीएलओ को प्रदाय किया जाता है। जिला स्वीप समिति के द्वारा मतदाता जागरूकता का विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाताओं में सकारात्मक प्रभाव देखा जा रहा है। कार्यक्रम में डाईट व मार्गदर्शन संस्थान बैकुण्ठपुर के प्राचार्य स्वीप नोडल श्री महेश शिवहरे व अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण

**अम्बिकापुर** 10 सितंबर (देशबन्धु)। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स ई-रोल, पोस्टल बैलट, ईईएम, एमसीसी, डीईएमपी, व्हीएम के जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण का 11 से 16 सितंबर 2023 तक आयोजन प्रात: 10:00 बजे से शाम 06:30 बजे तक न्यू सर्किट हाउस, सिविल लाईन रायपुर स्थित ऑडिटोरियम में आयोजित है।

प्रशिक्षण में विधानसभा क्षेत्र 09 लुण्ड्रा, 10 अंबिकापुर और 11 सीतापुर के लिए जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर की प्रशिक्षण दी जा रही है जिसमें ईवीएम, वीवीपेट, ई रोल, पोस्टल बैलेट हेतु 12 एवम 13 सितंबर 2023 को पीजी कॉलेज अंबिकापुर के सहायक प्राध्यापक डॉक्टर दीपक सिंह, गर्ल्स पीजी कॉलेज अंबिकापुर के सहायक अध्यापक डॉक्टर आनंद कुमार शामिल होंगे। इसी प्रकार 12 सितंबर को पीजी कॉलेज अंबिकापुर के सहायक अध्यापक श्री संजीव लकड़ा, स्वामी आ0शा0अ 0मा0 आदर्श महाविद्यालय के डॉक्टर नीलाभ कुमार , शासकीय श्याम प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय सीतापुर पीजी कॉलेज के सहायक प्राध्यापक डॉक्टर रोहित बारगाह, पीजी कॉलेज अंबिकापुर के सहायक प्राध्यापक डॉक्टर पीयूष पांडे, 15 सितम्बर को एमसीसी, ईईएम, एमसीएमसी और कंपलेंट मॉनिटरिंग हेतु गर्ल्स पीजी कॉलेज अंबिकापुर के सहायक अध्यापक डॉक्टर अखिलेश द्विवेदी, पीजी कॉलेज अंबिकापुर के सहायक अध्यापक डॉक्टर अजय पाल सिंह, 16 सितंबर को वीएम व डीईएमपी हेतु पीजी कॉलेज अंबिकापुर के सहायक अध्यापक श्री संदीप कुशवाह, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय गांधीनगर के व्याख्याता श्री संजय श्रीवास्तव मास्टर ट्रेनर शामिल होंगे।

## दो दिवसीय रोजगार मेला में होगी 395 पदों की भर्ती

**रायगढ़,** 10 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के प्रयासों से जिले के युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने लगातार कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में 11 एवं 12 सितम्बर को दो दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन होने जा रहा है, जिसमें करीब 395 पदों पर भर्तियां ली जाएगी। पोर्टल में पूर्व से पंजीकृत अर्हताधारी आवेदक सीधे रोजगार मेले में शामिल हो सकते है। जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि 11 एवं 12 सितम्बर 2023 को रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। जिसमें 11 नियोजकों के माध्यम से लगभग 395 पदों पर भर्ती की जाएगी। आवेदक ट्रेड के अनुसार जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायगढ़ में साक्षात्कार के लिए पूर्वान्ह 11 बजे उपस्थित हो सकते है। रोजगार मेला में जिन पदों पर भर्ती की जाएगी। इनमें 11 सितम्बर को 106 पदों पर भर्ती की जानी है। जिसमें तकनीकी रिक्तियां एवं अप्रेंटिसशिप शामिल है। जिसके लिए शैक्षणिक योग्यता आईटीआई, डिप्लोमा, बी.ई.बी.टेक है। इसी तरह 12 सितम्बर को 289 पदों पर भर्ती की जानी है। जिसमें गैर तकनीकी एवं सिक्युरिटी सर्विस से संबंधित रिक्तियां है। जिसके लिए शैक्षणिक योग्यता 10 वीं, 12 वीं, स्नातक उत्तीर्ण के साथ कम्प्यूटर का ज्ञान आवश्यक है।

## मैराथन दौड़ में शहर वासियों ने लिया हिस्सा



**सारंगढ** 10 सितंबर (देशबन्धु)। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भारत माता चौक से राधा कृष्ण हॉस्पिटल तक 5 किलोमीटर मैराथन दौड़ का आयोजन भैरवनाथ सेवा समिति द्वारा किया गया। इसमें प्रथम पुरस्कार 8000 द्वितीय पुरस्कार 5000 तृतीय पुरस्कार 3000 रखा गया था ओमकार वर्मा बेमेतरा, ईश्वर प्रसाद बलौदा बाजार ,छोटेलाल कुमार रामगढ़ (रांची) और महिला वर्ग में प्रियंका साहू दुर्ग ,मीरा दुर्ग, टिकेश्वरी जायसवाल कौवाताल ने प्राप्त किया । अमित तिवारी रिंकू, राजेश नायक ,सतीश यादव ,अविनाश जयसवाल संचालक एंजल स्पोर्ट्स, व्यायाम शिक्षक फकीरा यादव सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी, विजेंद्र गुड्डू यादव कराटे कोच, मोहनलाल कैवर्त सर,त्रिलोक मैत्री सर, गुहालाल लाल चौहान, अघोरी लाल चौहान, गुलजारीलाल चंद्रा ,किशन लाल कोसरिया, आदि लोगों के द्वारा हरी झंडी दिखाकर दौड़ प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंच संचालक अजय देवांगन , सह संयोजक दुर्गेश पटेल,राजेश यादव ,प्रतीक तिवारी ,ओमकार मल्होत्रा, पूरन यादव शिवरतन सिदार राजेश पटेल आशीष पटेल दिनेश पटेल, डमरू पटेल, परमानंद, सौरभ , हिमांशु,नरेंद्र ,चमरू, रमेश , सुमेन, प्रभाकर, अभिषेक, धीरेंद्र, सागर ,विवेक पुष्कर, छोटू दुर्गेश, कृष्णा, गुलशन, सियाराम , वेद प्रकाश मैत्री, पंकज पटेल ,हिमांशु निषाद, रिंकू जायसवाल आदि एवं भैरवनाथ सेवा समिति के सभी

# पथनाट्य व डोर टू डोर जाकर मतदाताओं को वोट डालने किया प्रेरित

**स्वीप अभियान के तहत निकाली गई रैली**







**अंबिकापुर** 10 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में जिले में कम वोटिंग प्रतिशत वाले क्षेत्रों में विशेष जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को आगामी निर्वाचन में मतदान अवश्य करने प्रेरित किया जा रहा है। इस कड़ी में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी स्वीप श्री नूतन कुमार कंवर एवं अन्य जिला अधिकारियों द्वारा में डोर टू डोर जाकर मतदाताओं एवं नवीन मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित किया गया।

स्वामी आत्मानंद स्कूल अंबिकापुर, दशमेश पब्लिक स्कूल अंबिकापुर के छात्र छात्राओं द्वारा विशाल रैली और होली क्रॉस सीनियर सेकेंडरी स्कूल अंबिकापुर के विद्यार्थियों द्वारा शहरी मतदाताओं एवं 70 प्रतिशत से कम वोटिंग वाले मतदान केंद्र से संबंधित क्षेत्र में जागरूक करने के उद्देश्य से विशाल रैली निकालकर पथनाट्य के माध्यम से शत प्रतिशत मतदान हेतु जागरूक किया गया। इसी तरह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रघुनाथपुर, और शासकीय महाविद्यालय उदयपुर, में मतदाता जगरूकता के तहत मानव श्रृंखला का निर्माण किया गया और छात्रों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की जानकारी दी गई। अन्य लोगों को भी मतदान हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर स्वीप सरगुजा की टीम, संस्था के सभी शिक्षक गण विद्यार्थी एवं स्थानीय नागरिकगण उपस्थित रहे।

# नेशनल लोक अदालत में पक्षकारों के राजीनामा के आधार पर हुआ प्रकरणों का निपटारा



**रायगढ़** 10 सितंबर (देशबन्धु)। नेशनल लोक अदालत जो वर्चुअल एवं फिजिकल दोनों माध्यमों से जिला न्यायालय रायगढ़ सहित तहसील न्यायालय सारंगढ़, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, खरसिया तथा बिलाईगढ़ एवं भटगांव में आयोजित किया गया।

जिला मुख्यालय रायगढ़ के न्यायालयीन परिसर में जिला न्यायाधीश श्री अरविन्द कुमार सिन्हा के द्वारा सर्वप्रथम दीप प्रज्जवलित कर तथा माता सरस्वती, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा में माल्यार्पण कर नेशनल लोक अदालत का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, समस्त अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तथा अन्य समस्त न्यायाधीशगण सहित जिला अधिवक्ता संघ से प्रशासक/अध्यक्ष श्री सत्येन्द्र सिंह, अधिवक्तागण तथा राजीनामा हेतु उपस्थित पक्षकारगण, न्यायालयीन एवं विधिक स्टॉफ उपस्थित रहे।

जिला एवं तहसील न्यायालयों को मिलाकर कुल 24 खण्डपीठों का गठन किया गया। श्रम न्यायालय एवं किशोर न्याय बोर्ड का भी खण्डपीठ गठन किया गया। जिला रायगढ़ एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ के राजस्व न्यायालयों में भी खण्डपीठों का गठन किया गया। जिला एवं तहसील न्यायालयों में विभिन्न प्रकृति के राजीनामा योग्य मामले जैसे-मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, बैंक वसूली के प्रकरण, आपराधिक मामले, विद्युत मामले, श्रम विवाद, पारिवारिक विवाद, चेक अनादरण, सिविल मामले के साथ-साथ आपदा प्रबन्धन अधिनियम 2005 एवं अन्य छोटे अपराधों के मामले, जिसमें यातायात उल्लंघन के मामलों को भी शामिल करते हुए खण्डपीठों में लंबित प्रकरण 2971 एवं प्रीलिटिगेशन प्रकरण 21741 को राजीनामा के आधार पर निराकरण हेतु लोक अदालत में रखा गया। रखे गये कुल 24712 प्रकरणों में से लंबित 2067 एवं प्रीलिटिगेशन 14350 प्रकरण निराकृत हुये। इस प्रकार कुल 16417 प्रकरणों का निराकरण, जिला न्यायालय, परिवार न्यायालय, श्रम न्यायालय, किशोर न्याय बोर्ड, उपभोक्ता फोरम रायगढ़ एवं तहसील स्थित व्यवहार न्यायालय सारंगढ़, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, खरसिया, भटगांव, बिलाईगढ़ न्यायालय में राजीनामा के आधार पर किया गया और उन प्रकरणों के अंतर्गत कुल 3 करोड़ 58 लाख 52 हजार 91 रूपये का सेटलमेंट हुआ। राजस्व न्यायालयों में खातेदारों के मध्य आपसी बंटवारे के मामले, वारिसों के मध्य बंटवारे के मामले, कब्जे के आधार पर बंटवारा के मामले, दण्ड प्रक्रिया संहिता 145 के कार्यवाही के मामले, विक्रयपत्र/दानपत्र/वसीयतनामा के आधार पर नामान्तरण के मामले एवं शेष अन्य प्रकृति के कुल 14491 मामले रखे गये जिनमें से 14293 मामलों का निराकरण आज की लोक अदालत में राजस्व न्यायालयों की गठित खण्डपीठ द्वारा किया गया।

# 25.92 लाख की लागत से संवारा जाएगा रामलीला मैदान

**डीएमएफ मद से कलेक्टर सिन्हा ने जारी की राशि**

**रायगढ़** 10 सितंबर (देशबन्धु)। महापौर नगर निगम श्रीमती जानकी काटजू के मुख्य आतिथ्य में रामलीला मैदान में निर्माण और विकास कार्य के लिए भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित हुआ।

इस दौरान श्रीमती अनुपमा शाखा यादव, श्री अनिल शुक्ला, श्री शाखा यादव, दीपक पांडेय, अशरफ खान, रमेश भगत, संजय चौहान, श्याम साहू, चंद्रशेखर चौधरी, नारायण घोरे, रंजना पटेल, गौतम महापात्रे, रिंकी पांडेय, संजुक्ता सिंह, रिंकू केशरी, राजा शुक्ल, धीरज प्रजापति, शारदा गहलोत, विजेंद्र यादव संतोष निषाद, साकेत पांडेय, नवनिश पांडेय शामिल थे।

शहरवासियों की मांग थी कि रामलीला मैदान का जीर्णोद्धार हो ताकि खेल के लिए उपयुक्त जगह मिले साथ ही मैदान की खूबसुरती भी बनी रहे। जिसके लिए कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा ने रामलीला मैदान के जीर्णोद्धार व समुचित विकास हेतु डीएमएफ मद से 25.92 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की है। रामलीला मैदान में पाथवे गैलरी, बाउंड्री, मिट्टी शेड टॉयलेट आदि कार्य होना है। आज भूमिपूजन के उपरांत एमआईसी सदस्य अनुपमा शाखा यादव व लोककर्म विभाग के सदस्य विकास ठेठवार द्वारा फुटबॉल खेल आयोजित किया गया, जिसमें स्थानीय खिलाडियों का उत्साहवर्धन भी हुआ। इस मौके पर खिलाडियों जिन्हें विशेष रूप से सम्मान दिया गया इनमें रज्जन शुक्ला, गोरखनाथ यादव, मुकेश चटर्जी, जेम्स वर्गीस, रवि ठाकुर, सेवा जोगी, आरजू पांडेय, अरुण शाह, वीरेन्द्र पांडेय, संजय ठाकुर, विजय दास शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य श्री राजेश डेनियल ने किया।

## कलेक्टर जनचौपाल स्थगित

**रायगढ़,** 1 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की अध्यक्षता में सप्ताह के प्रति सोमवार को कलेक्टोरेट में कलेक्टर जनचौपाल का आयोजन होता है।कल 11 सितम्बर को होने वाली कलेक्टर जनचौपाल अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है।

## सागर साय को मिला प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान

**अम्बिकापुर** 10 सितंबर (देशबन्धु)। हर नागरिक के लिए रोटी, कपड़ा और मकान अनिवार्य आवश्यकताओं में है यदि ये तीनों चीजें लोगों के पास रहेगी तो निश्चित ही उनका गुजर-बसर आसानी से हो सकेगा। ऐसे गरीब असहाय परिवार, जिनके पास अपने लिए कच्चा घर का ही सहारा था और अपने रहने के लिए पक्का आशियाना बनाने में असमर्थ थे, उनके प्रति संवेदनशीलता रखते हुए केंद्र एवं प्रदेश सरकार के आपसी सहयोग से प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी महत्वपूर्ण योजना चलाकर लोगों को आशियाना उपलब्ध करा रही है, जो गरीबों के लिए वरदान साबित हुई है। इसी क्रम में जिले के जनपद पंचायत सीतापुर के तहत ग्राम पंचायत आमाटोली हैं जहां श्री सागर साय नाम पिछले कई पीढ़ियों से निवासरत है। स्वयं तथा अपने बच्चों के साथ छोटी सी कच्चे छत के घर में जीवन यापन कर रहे थे।

परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण वे पक्का मकान बनाने का सपना भी नहीं देख पा रहे थे। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत उनका पक्के मकान का सपना साकार हुआ है। वर्ष 2019-20 में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उन्हें। स्वीकृति मिली थी। पूर्व में इनका कच्चा आवास था जहां उसी कमरा में रहना, खाना बनाना, सोना इत्यादि होता था, पर अब प्रधानमंत्री आवास मिल जाने से हितग्राही को पक्का आवास में रहने का मौका मिला।

## सर्वाधिक लेन-देन करने पर बीसी सखी सगीता को राज्यस्तरीय सम्मान




**बलरामपुर** 10 सितंबर (देशबन्धु)। पहले गांवों में बैंक के बाहर लंबी-लंबी लाइन लगना आम बात थी, लेकिन अब ऐसा नहीं होता। बीसी सखी के सपनों ने उड़ान क्या भरी, बैंकिग अब आसान हो गई। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत बिहान योजना अंतर्गत बीसी सखी के माध्यम से आज दूरस्थ अंचलों के गांवों में घर-घर बैंक पहुंच रहा है। बैंक सखियों ने बैंकिंग की जटिलताओं को दूर करते हुए परिभाषा ही बदल दी है। जिले में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती रेना जमील के मार्गदर्शन में आजीविका मिशन के स्वसहायता समूह की कुल 126 बैंक सखी कार्यरत हैं तथा अभी तक 2 बैच में 174 बीसी सखियों को प्रशिक्षित किया गया है। हाल ही में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा आयोजित डिजीटल मड़ई में जिले की बीसी सखी संगीता खलखो को वर्ष 2023 में सर्वाधिक लेन-देन करने पर राज्यस्तरीय सम्मान से नवाजा गया। बैंक सखी के माध्यम से वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्र की वित्तीय सेवाओं में अनेक परिवर्तन हुए हैं, ग्रामीण लोगों की बैंकिंग आदतों एवं उनके द्वारा वित्तीय लेनदेन में तेजी आई है, साथ ही बीसी सखी अब सिर्फ जमा-निकासी के स्त्रोत न होते हुए आधार, केवाइसी, बीमा, पेंशन जैसे अनेक कार्य कर रही हैं। मनरेगा, छात्रवृति, पेंशन, किसान सम्मान निधि आदि में पारदर्शिता दिखाते हुए सीधे लाभार्थी के खाते में धनराशि, हस्तांतरित कर रही हैं, इससे लोगों के धन निकासी एवं हस्तांतरण कार्य में बढ़ोत्तरी तथा सुगमता आई है। जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनआरएलएम श्री सिमेन्द्र सिंह ने बताया कि सामान्य जनमानस तक वित्तीय सेवाओं को विस्तार प्रदान करने एवं बैंकिग सेवाओं को हर व्यक्ति के दरवाजे तक सुगम एवं सुरक्षित तरीके से पहुंचाने में बीसी सखियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इस कार्य हेतु ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान से बीसी सखियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। इससे ग्रामीण जनता को घर बैठे बैंकिग की सुविधा मिलेगी तथा समूह की महिलाओं को भी रोजगार का अवसर प्राप्त होगा।

# कांग्रेस सरकार ने किसानों के साथ किया छलावा-चंदेल

### नेता प्रतिपक्ष ने कहा की प्रदेश बना अपराधगढ़, भ्रष्टाचार का बोलबाला



**सूरजपुर** 10 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने भ्रष्टाचार का रिकॉर्ड बना दिया है।कोयला,शराब, गौठान व पीएससी सहित न जाने कितने भ्रष्टाचार इस प्रदेश में हुए हैं।उन्होंने आरोप लगाया की सिर्फ कमीशन व करप्शन का खेल इस सरकार में चल रहा है जिसके कारण भाजपा को भूपेश सरकार के खिलाफ आरोप पत्र लाने की जरूरत पड़ी,इस आरोप पत्र को लेकर भाजपा जनता के बीच जाएगी और कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार की पोल खोलेगी।

स्थानीय सर्किट हाउस में नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने आरोप पत्र की जानकारी देते हुए पत्रकारों से चर्चा करते हुये कहा कि जन विरोधी झूठे वायदे कर प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आ गई मगर इस सरकार के पौने 5 साल के कार्यकाल में जनता खुद को ठगा सा महसूस कर रही है कांग्रेस ने 36 बिंदुओं का जनघोषणा पत्र जारी कर लोक लुभाने वायदे किए थे और सत्ता पर आसीन होते ही जनता के साथ छलावा करना प्रारंभ कर दिया जिसे जनता अच्छी तरह से जान चुकी है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि इस सरकार में किसानों को सबसे ज्यादा छला गया सिर्फ सहकारी बैंक से ऋृण लिए हुए किसानों का कर्जा माफ कर वाह-वाही लूटने का प्रयास किया जबकि निजी व राष्ट्रीयकृत बैंक से ऋृण लिए किसानों के कर्ज माफ नहीं हुए जिससे वह खुद को ठगा सा महसूस कर रहे हैं।किसानों का एक-एक दाना धान खरीदने की बात कही गई थी मगर यहां तो गिरदावरी के नाम पर उनका रकबा ही घटा दिया गया जिससे किसानों को धान बेचने से वंचित होना पड़ रहा है।किसानों को धान का पैसा लेने सहकारी बैंकों में भारी मशक्कत करनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार जब से बनी है तब से देखा जा रहा है कि यहां अपराध का ग्राफ बढ़ गया है हत्या बलात्कार साइबर क्राइम सहित खुलेआम चाकू बाजी जैसे घटनाएं हो रही हैं,दूसरे प्रांत के लोग यहां आकर अपराध की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं ऐसे लोगों को पुलिस का संरक्षण प्राप्त है जिससे अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने यह जानते हुए भी की बहुमत के आधार पर छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनेगी एक अलग राज्य का निर्माण किया इस राज्य का निर्माण बड़ा मन करके किया गया था ताकि यहां के लोगों का विकास हो सके। गरीबी,भुखमरी बेरोजगारी दूर हो सके अंतिम छोर के व्यक्तियों के चेहरे में हंसी-खुशी लाई जा सके मगर प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने पौने 5 साल के कार्यकाल में प्रदेश को सिर्फ लूटने का काम किया,भ्रष्टाचार व अपराधों का गढ़ बना दिया गया है जिसे देखकर जनता को खुद पछतावा हो रहा है और वे बदलाव के मूड में है।उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि चुनाव में भाजपा के सामने कोई चुनौती नहीं है भूपेश सरकार की असफलताओं व कारगुजारियों से खुद जनता छुटकारा पाना चाहती है जिससे इस सरकार का परिवर्तन तय हैं।इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल,पूर्व सांसद कमलभान सिंह,भाजपा प्रत्याशी भूलन सिंह मरावी,लक्ष्मी राजवाड़े सहित अनूप सिन्हा,संदीप अग्रवाल,शशि तिवारी थलेश्वर साहू,अजय अग्रवाल,संस्कार अग्रवाल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### एलईडी वैन से किया जा रहा छत्तीसगढ़ सरकार के योजनाओं का प्रचार प्रसार



**सारंगढ़** 10 सितंबर (देशबन्धु)। जनसंपर्क विभाग द्वारा जिलों में एलईडी प्रचार वाहन से छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं का प्रचार प्रसार गांव गांव शहर शहर में किया जा रहा है। जिले के बरमकेला विकासखंड के ग्राम बुदेली, सराइपाली, कुम्हारी, मल्दा, लेंधरा, दमदमा, झिकीपाली, कंचनपुर में एलईडी वैन से योजनाओं का प्रचार प्रसार किया गया। राज्य सरकार की अक्ती तिहार का कैलेंडर, योजनाओं के पाम्पलेट आदि का वितरण भी किया गया है। यह एलईडी प्रचार वाहन जिले के सारंगढ़ और बिलाईगढ़ विकासखंड के गावों शहरों में प्रचार प्रसार करेगा। एलईडी प्रचार वाहन से राजीव गांधी किसान न्याय योजना, मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना, मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना, मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना, नई औद्योगिक नीति, राजीव युवा मितान क्लब, पौनी पसारी योजना, स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल योजना, शहीद महेंद्र कर्मा तेंदूपत्ता संग्राहक सामाजिक सुरक्षा योजना, हाफ बिजली बिल, बेरोजगारी भत्ता, किसानों के कर्ज माफ, राम वन गमन पर्यटन परिपथ का विकास, मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना, राजीव गांधी भूमिहीन खेतिहर मजदूर न्याय योजना और सुराजी योजना  नरवा, गरवा, घुरवा बाड़ी का वीडियो क्लिप के माध्यम से प्रचार किया जा रहा है।

### भाजपा प्रत्याशी ने किया चुनाव कार्यालय का उद्घाटन




**खरसिया** 10 सितंबर (देशबन्धु)। रविवार को खरसिया विधानसभा भाजपा चुनावी कार्यालय का उदघाटन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रुप में पश्चिम बंगाल के सोनामुखी के विधायक व अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष दिबाकर धरम शामिल हुए। इस दौरान गिरधर गुप्ता, गोपाल शर्मा,कमल गर्ग,दिनेश गबेल, जय प्रकाश पटेल, सनत नायक, पालू राठौर, सतीश अग्रवाल, कन्हैया राठिया, विरेंद्र पटेल, लोचन पटेल एवं विधायक प्रत्याशी महेश साहू व अन्य दिग्गज कार्यकर्ता व नेता की गरिमामई उपस्थित उपस्थिती रहीं। और सभी मंडल के सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

दिबाकर धरम ने महेश साहू  को भारी प्रचंड बहुमत से विजय बनाने का आवाहन किया और उन्होंने पश्चिम बंगाल की स्थिति से अवगत कराया की कैसे गुंडागर्दी का माहौल रहते हुए जहां प्रचार प्रसार करना मुश्किल हों जाता था एसी परस्थितियों में भाजपा का दामन थामे हुए संघर्ष किया और विधानसभा सीट सोनामुखी से विजय होकर विधायक बने।  खरसिया भाजपा प्रत्याशी महेश साहू ने  कहा की मुझ जैसी गरीब किसान घर के बेटे को भाजपा परिवार ने विधानसभा प्रत्याशी बनाया है, मैं भाजपा का सदैव तन मन धन से आभारी रहूंगा। आप सभी जनता जनार्दन मानव सेवा माधव सेवा की तर्ज कर जीवन पर्यन्त करता रहू ऐसी कामना लेकर चुनावी मैदान में कदम रखा हूं, सेवा को और आगे बढ़ाने के लिऐ अत्यंत प्रचंड बहुमत से वोट देकर भारी मतो से विजय बनाने का आवाहन किया।

### साहू संघ लेन्ध्रा का चुनाव सम्पन्न



**सारंगढ** 10 सितंबर (देशबन्धु)। लेंध्रा परिक्षेत्र से विभाज्य होकर नया परिक्षेत्र  बनाए गए  कपिस्दा परिक्षेत्र का आज चुनाव  शिवचरण साहू, जिला अध्यक्ष साहू संघ सारंगढ़ के नेतृत्व में संपन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष कौशल प्रसाद साहू उपाध्यक्ष  शत्रुघ्न साहू उपाध्यक्ष महिला श्रीमती संतोषी बाई साहू समस्त ग्राम अध्यक्षों की उपस्थिति में निर्विरोध निर्वाचित हुए सभी निर्वाचित हुए ।

# गांव की बेटी सुमन बनी डीएसपी,परीक्षा में 19 वां रैंक हासिल किया

**जांजगीर**, 10 सितम्बर (देशबन्धु)। गांव के होटल संचालक की बेटी के प्रथम प्रयास में ही डीएसपी बनने पर हर्ष है। लोगों ने उनके घर जाकर बधाई दी और फटाखे फोड़कर खुशियां जताई। बम्हनीडीह गांव के बनवारी होटल संचालक फिरत जयसवाल की बेटी सुमन जायसवाल राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में सफल हुई है।



गांव के होटल संचालक की बेटी के प्रथम प्रयास में ही डीएसपी बनने पर हर्ष है। लोगों ने उनके घर जाकर बधाई दी और फटाखे फोड़कर खुशियां जताई। बम्हनीडीह गांव के बनवारी होटल संचालक फिरत जयसवाल की बेटी सुमन जायसवाल राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में प्रथम प्रयास में ही सफलता हासिल करते हुए डीएसपी के पद पर चयनित हुई है। उनके तीन भाई हैं जो अभी स्कूल में पढ़ रहे हैं। सुमन की प्रारंभिक शिक्षा लाल बहादुर शास्त्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हुई। उसने बताया की जब वह 9 वी कक्षा में थी तब ही उसने ठान लिया था कि आगे चलकर आईएएस या आईपीएस बनना है। 10 वी बोर्ड की परीक्षा अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होने के बाद उसने गणित लेकर पढ़ाई की और 12 वी कक्षा में पूरे प्रदेश में 7 वां स्थान प्राप्त किया था । जिसके बाद उसने आगे की पढ़ाई बिलासा गर्ल्स डिग्री कालेज बिलासपुर से की । वहां उसने बीएससी और एमएससी की पढ़ाई की। उसके बाद सिविल सेवा परीक्षा के लिए बिलासपुर के ही टूटेजा ट्यूटोरियल में प्रवेश लिया कोचिंग ली। वर्ष 2022 में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में शामिल हुई और प्रथम प्रयास में ही डीएसपी के पद पर उनका चयन हुआ। उन्होंने इस परीक्षा में 19 वां रैंक हासिल किया है। उन्होंने अपनी इस कामयाबी का श्रेय अपने माता ममता जायसवाल, पिता फिरत राम जायसवाल व परिवार के सदस्यों और शिक्षकों को दिया है। सुमन के डीएसपी बनने से परिवार सहित गांव में हर्ष है। सुमन जायसवाल ने कहा कि सफलता का कोई शार्ट कट नहीं होता। इसके लिए कठोर परिश्रम और लगन जरूरी है। मन लगाकर पढ़ाई करने और लक्ष्य बनाकर आगे बढ़ाने से सफलता निश्चित है।

# नेशनल लोक अदालत में निराकृत हुए 1589 मामले

### 3,36,15,181 रूपये का हुआ अवार्ड पारित

**जांजगीर**, 10 सितम्बर (देशबन्धु)। जिला स्तर पर वर्ष की तृतीय नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुरेश कुमार सोनी, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष नरेश शर्मा एवं अन्य न्यायाधीशों ने किया। लोक अदालत में 1589 मामलों का निराकरण किया गया और 3 करोड़ 36 लाख 15 हजार 181रूपए का अवार्ड पारित किया गया।सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रियंका अग्रवाल ने बताया कि न्यायालयों में लंबित मामलों के अतिरिक्त राजस्व न्यायालयों में लंबित मामलों एवं प्री-लिटिगेशन मामलों के निराकरण के लिए जिले में कुल 34 खण्डपीठों का गठन किया गया था ।

हाईब्रिड माध्यम से आयोजित इस लोक अदालत में मामले पक्षकारों की प्रत्यक्ष उपस्थिति तथा



आनलाईन उपस्थिति के माध्यम से निराकृत किए गए। आनलाईन माध्यम से खण्डपीठों के सुविधाजनक संचालन के लिए प्रत्येक खंडपीठ को ई-लिंक उपलब्ध कराया गया ।

जिससे जिटसी मीट एप ब्लू जिन या वीडियो कान्फ्रेसिंग के लिए किसी भी अन्य उपयुक्त माध्यम से पक्षकार अपने-अपने अधिवक्ताओं के साथ सुविधायुक्त स्थान से उनके ई-लिंक से संपर्क स्थापित कर न्यायालय में बैठे संबंधित खण्डपीठ के पीठासीन अधिकारी के समक्ष अपना पक्ष रख सकें।

नेशनल लोक अदालत में भादवि की धारा 188 एवं आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 व अन्य सूक्ष्म मामलों के प्रकरणों के निराकरण के लिए उच्च न्यायालय द्वारा मजिस्ट्रेट न्यायालयों को अधिकृत किया गया था। जिसके परिप्रेक्ष्य में जिले के न्यायिक मजिस्ट्रेटों के लिए गठित खण्डपीठों के द्वारा विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट की हैसियत से कार्य करते हुए प्रकरणों का निराकरण किया गया।

### बच्ची को मिला माता-पिता दोनों का संरक्षण

एक दूसरे से अलग रह रहे दम्पत्तियों के दो मामलों में नेशनल लोक अदालत में कुटुम्ब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश राजेन्द्र कुमार वर्मा की समझाईश पर उभयपक्ष साथ-साथ रहने को तैयार हुए और न्यायालय से एक साथ अपने घर गए। प्राधिकरण की सचिव प्रियंका अग्रवाल ने बताया कि कुटुम्ब न्यायालय में लंबित प्रकरण लाखन विरूद्ध रोहिणी कश्यप में उभयपक्ष का कुटुम्ब न्यायालय जांजगीर में आयोजित नेशनल लोक अदालत में प्रकरण निराकृत हुआ। वर्ष 2 3 में दोनों का विवाह हुआ था। विवाह के पश्चात स्वाती का जन्म हुआ । पति-पत्नी के मध्य लम्बे समय से विवाद होने के कारण पत्नी अपनी पुत्री के साथ मायके में निवास कर रही है। उसके पति ने अपनी पुत्री के संरक्षण के लिये यह मामला पेश किया था। प्रकरण का गुण-दोष पर निराकरण होता, तो अवयस्क स्वाती को उसके माता या पिता में से किसी एक का संरक्षण ही प्राप्त होता। नेशनल लोक अदालत में समझौता के बाद दोनों ने साथ-साथ रहना स्वीकार किया। इस तरह बच्ची को राजीनामा उपरांत उसके माता-पिता दोनो का संरक्षण प्राप्त हुआ । इन्हीं पक्षकारों के मध्य दो अन्य मामले भी इसी न्यायालय में लंबित थे, जिसका निराकरण भी राजीनामा के आधार पर हुआ।

# महिलाओं के कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम पर कार्यशाला

**जांजगीर**, 10 सितम्बर (देशबन्धु)। महिलाओं के कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम अधिनियम 2013  से संबधित कार्यशाला आयोजित किया गया, जिसमें पल्लवी तिवारी द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा  उपस्थित महिलाओं को कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से रोकथम अधिनियम 2013 के संबध में जानकारी देते हुये विशाखा कमेटी के दिशानिर्देशों के संबंध में जानकारी दी। अधिनियम के अंतर्गत गठित कमेटी, स्थानीय परिवार समिति, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की शिकायत की प्रक्रिया, अपील की व्यवस्था, पाक्सो अधिनयम, व घरेलु हिंसा के संबंध में जानकारी देते हुए महिलाओं के साथ हो रहे अपराधों का बिना डर के शिकायत करने के लिए कहा गया। प्रियंका अग्रवाल सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर द्वारा इस कार्यक्रम का उद्देश्य व कार्यस्थल पर या अन्य स्थानों पर होने वाले लैंगिक अपराध तथा प्राधिकरण द्वारा संचालित नालसा के विभिन्न योजनाओं एवं विधिक सहायता की जानकारी दी गई। अर्चना झा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जांजगीर अधिनयम के संबंध में जानकारी देते हुए महिलाओं के साथ हो रहे यौन अपराधों की शिकायत करने पर हर संभव सहायता करने का आश्वासन दिया गया साथ ही अभिव्यक्ति एप के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों को अभिव्यक्ति एप उनके मोबाईल मे डाउनलोड कराया गया। साथ ही जिला पुलिस जांजगीर द्वारा संचालित जन जागरूकता अभियान विश्वास के संबंध में जानकारी दी गई। अराध्या राहुल कुमार संयुक्त कलेक्टर जांजगीर द्वारा अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी दी गई साथ उपस्थित सभी विभागों के उक्त अधिनियम के तहत् गठित समिति को महिलाओं के संबंध में हो रहे अपराध की शिकायत मिलने पर समुचित कार्यवाही करने के लिए कहा गया। कल्पना त्रिपाठी अतिरिक्त लोक अभियोजन अधिकारी जांजगीर द्वारा अधिनियम के प्रावधानों का विस्तृत जानकारी दिया गया। अनिता अग्रवाल जिला कार्यक्रम अधिकारी जांजगीर द्वारा आयोजित कार्यक्रम की सराहना की गई और ऐसे ग्राम स्तर से लेकर तालुका स्तर पर कराया जाने की आवश्यकता बताया। तान्या अनुरागी अध्यक्ष जिला शिकायत समिति जांजगीर द्वारा महिलाओ के साथ हो रहे अपराधो में अन्य महिलाओं द्वारा उनके सहयोग करने व उनकी सम्मान की रक्षा करने के संबंध में कहा गया। डॉ. इन्दु साधवानी सदस्य किशोर न्याय बोर्ड जांजगीर, उषा शांडिल्य अधिवक्ता जांजगीर द्वारा कार्यक्रम का मंच संचालन व प्रियंका अग्रवाल सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर द्वारा कार्यक्रम के समापन पर आभार प्रकट किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के समस्त विभागों के उक्त अधिनियम के तहत गठित समिति के अध्यक्ष व सदस्य उपस्थित रहे।

# आकृति महिला मंडल ने मनाया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव



**जांजगीर**, 10 सितम्बर (देशबन्धु)। अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह (एबीवीटीपीएस) मड़वा के आवासीय कॉलोनी में आकृति महिला मंडल द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक एसके बंजारा ने महिला मंडल द्वारा आयोजित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव की सराहना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता आकृति महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती निवेदिता बंजारा ने की। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ, अतिरिक्त मुख्य अभियंता प्रवीण श्रीवास्तव एवं एसडी द्विवेदी की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीकृष्णजी की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इस अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण एवं राधारानी की सुंदर झांकी निकाली गई। इसके अलावा महिला मंडल की सदस्य एवं बच्चों द्वारा श्रीकृष्णजी की नृत्य नाटिका के रूप में मनमोहक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में पूजा की थाली सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन भी रखा गया। इस स्पर्धा में अनामिका मिश्रा, देवश्री ठाकुर और सुमन ठाकुर ने शानदार प्रदर्शन किया। रात्रि करीब 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण जी की आरती के साथ दही हांडी फोड़कर भगवान श्रीकृष्ण की बाललीलाओं का आनंद लिया गया।

# ओव्हर लोड वाहनों पर की गई कार्रवाई

**जांजगीर**, 10 सितम्बर (देशबन्धु)। ओव्हर लोड वाहन के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए मोटरयान अधिनियम के तहत लगातार कार्यवाही की जा रही है।

मोटरयान अधिनियम के विभिन्न धाराओ के तहत कुल 60 वाहनों पर कार्यवाही करते हुए कुल 41,600 रूपये समन शुल्क लिया गया। वही क्षमता से अधिक भार परिवहन करने वाले 02 वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही कर 24,000 रुपये समन शुल्क लिया गया।

नो पार्किंग में वाहन खड़ा किये पाए गए, वाहन का नंबर प्लेट अस्पष्ट लिखे पाए गए वाहनों पर कार्यवाही किया गया। सड़क दुर्घटना में कमी लाने एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर पुलिस द्वारा लगातार मोटरयान अधिनियम के तहत कार्यवाही किया जा रहा है। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 60 वाहनों पर कार्यवाही करते हुए कुल 41,600 रूपये समन शुल्क लिया गया। मोटरयान अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई जिसमें क्षमता से अधिक भार परिवहन करने वाले 02 वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही कर 24,000 रुपये, नम्बर प्लेट अस्पष्ट होने पर 05 वाहन चालकों से 1500 रुपये, नो पार्किंग में वाहन खड़ी करने वाले 10 वाहन चालकों से 3000 रुपये, मोटरसाइकिल में तीन सवारी चलने वाले 05 चालको से 1500 रुपये, बिना रिफ्लेक्टर  के वाहन चलाते पाए जाने पर 34 वाहन चालक से 10,200 रुपये एवं  मोटरयान अधिनियम के अन्य धाराओं के तहत कार्यवाही कर 04 वाहन चालको से 1200 रुपये समन शुल्क लिया गया। यातायात पुलिस द्वारा वाहन चालको को भविष्य में यातायात नियमों का पालन करने, अपने वाहन के आगे पीछे रिफ्लेक्टर लगाने एवं नो पार्किंग में वाहन खड़ी नहीं करने एवं मो.सा. में तीन सवारी नहीं चलने हेतु समझाईस दी जा रही है।

# खुले आम घूम रहे हैं आरोपी, पुलिस फरार बात कर पल्ला झाड़ रही

### शिवरीनारायण के भोगहा पारा में फर्जी तरीके से भूमि का बिक्री नामा निष्पादित करने का मामला

**जांजगीर**, 10 सितम्बर (देशबन्धु)। एक ओर जहां जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना प्रभारी की मीटिंग में हर बार पेंडिंग प्रकरणों के शीघ्र निराकरण का निर्देश दिया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर अपने ही भू स्वामित्व के जमीन पर कब्जा पाने व फरार आरोपियो की गिरफ्तारी की मांग लेकर पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई है। प्रार्थी का दावा है कि आरोपी खुले आम घूम रहे हैं जबकि पुलिस बार-बार फरार बात कर पल्ला झाड़ रही है।

थाना शिवरीनारायण के भोगहापारा में अवस्थित 1.308 हैकटेयर भूमि को भूमि स्वामी की जानकारी के बिना उसके हम नाम व्यक्ति द्वारा अन्य लोगों के नाम बिक्री किए जाने के मामले में पुलिसिया कार्यवाही को लेकर प्रार्थी ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत करते हुए मामले में संलिप्त फरार आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक को दिए आवेदन में प्रार्थी रविंद्र राव जाधव पिता स्वर्गीय शंकर राव जाधव ने बताया है कि उनके नाम भोगहा पारा शिवरीनारायण में खसरा नंबर 740,789,828,रकबा क्रमशः 0.445, 0.454, 0.409 हेक्टर कुल रकबा 1.308 हेक्टर पैत्रिक जमीन है उक्त भूमि को मेरे नाम से मिलता जुलता व्यक्ति रविंद्र राव भोसले पिता शंकर राव भोसले द्वारा  कुट रचनाकार हरिशंकर राव पिता लाल जी राव जाति मराठा निवासी तिलकेजा जिला कोरबा के नाम आम मुख्तियार नामा नियुक्त किया गया तथा 9 मई 2006 को विक्रेता रविंद्र राव भोसले की ओर से आम मुखिया हरिशंकर राव विक्रेता एवं क्रेत्तागण क्रमशः नटवरलाल, रमेश कुमार, ने फर्जी तरीके से आपस में षड्यंत्र कर उक्त भूमि का बिक्री नामा निष्पादित कर लिया, जिसकी जानकारी होने पर प्रार्थी द्वारा थाना शिवरीनारायण में शिकायत दर्ज कराई गई थी। जिस पर  शिवरीनारायण थाने में भादवी की धारा 420, 467, 468, 471, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी रविंद्र राव भोसले निवासी ग्राम छुरी, हरिशंकर राव भोसले निवासी ग्राम तिलकेजा जिला कोरबा, नटवरलाल अग्रवाल पिता सत्यनारायण अग्रवाल निवासी शिवरीनारायण तथा रमेश कुमार अग्रवाल पिता सत्यनारायण अग्रवाल निवासी शिवरीनारायण के विरुद्ध अपराध पंजीपथ किया गया था। इस मामले में 17 मार्च 2021 को प्रकरण के एक आरोपी रविंद्र भोंसले को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया गया तथा इस प्रकरण के तीन अन्य आरोपी हरिशंकर राव भोसले नटवरलाल अग्रवाल रमेश अग्रवाल को फरार बताया गया और उनके विरुद्ध 173 (8) के तहत पृथक से विवेचना कर चालान तैयार कार्यालय में पेश किया जाना लिखकर अंतिम प्रतिवेदन पेश कर दिया गया। इस मामले में प्रार्थी ने पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाते हुए बताया कि आरोपी खुलेआम ग्राम शिवरीनारायण में घूमते देखे जा रहे हैं साथ ही प्रार्थी को धमका रहे हैं जिससे प्रार्थी को  अप्रिय घटना की आशंका परेशान कर रही है। इसी बात से परेशान होकर प्रार्थी रविंद्र राव जाधव ने विगत दिनों पुलिस अधीक्षक कार्यालय में लिखित आवेदन देते हुए फरार बताए जा रहे आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।

# छत्तीसगढ़ का स्वर्ग जैसा है एमसीबी जिला

**एमसीबी 1 सितंबर (देशबन्धु)। जिले में बसता है छत्तीसगढ़ का स्वर्ग यहां धार्मिक पर्यटन के केंद्र भी यहां है जो पूरे सूबे में अपनी पहचान रखते हैं. जिले में आदिवासियों  की जनसंख्या करीब 5 प्रतिशत है. गोंड़, उरांव, कोल, अगरिया, धनुहार, कंवर, पण्डो, कोरवा, बैगा और कोड़ाकू जनजातियां निवास करती हैं.**

### जिले में बसता है छत्तीसगढ़ का स्वर्ग

आदिवासियों का है गढ़ मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिला छत्तीसगढ़ के नवीनतम जिलों में से एक है. 9 सितंबर, 2022 को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कोरिया जिले से अलग हुए इस नए जिले का उद्घाटन किया. मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में कोयले का भंडार है, जो जिले की अर्थव्यवस्था का आधार भी है. प्राकृतिक रूप से भी ये जिला बेहद समृद्ध है. 'छत्तीसगढ़ का जन्नत×स39; कहा जाने वाला चिरमिरी हिल स्टेशन भी इसी जिले में स्थित है. इसके साथ ही कई धार्मिक पर्यटन के केंद्र भी यहां है जो पूरे सूबे में अपनी पहचान रखते हैं. जिले में आदिवासियों की जनसंख्या करीब 50 प्रतिशत है. यहां प्रमुख रूप से गोंड़, उरांव, कोल, अगरिया, धनुहार, कंवर, पण्डो, कोरवा, बैगा और कोड़ाकू जनजातियां निवास करती हैं.




### चिरमिरी राज्य का खूबसूरत सा हिल स्टेशन

हरे-भरे पेड़, नदियों और पहाड़ों से सजे इस हिल स्टेशन की खूबसूरती पर्यटकों का दिल जीत लेती है. यह हसदेव नदी के किनारे बसा है, यह नदी महानदी की सबसे प्रमुख सहायक नदियों में से एक है. पूरे साल यहां मौसम सुहावना रहता है. इस क्षेत्र में घने जंगल भी हैं जिनमें विदेशी वनस्पतियां और जानवर पाए जाते हैं. यहां एक बेहद प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर भी है, जो पुरी के जगन्नाथ मंदिर की डिजाइन पर बना है.

### चिरमिरी में कोयले का भंडार

चिरमिरी क्षेत्र में कोयले का विशाल भंडार है. कोयला खदानों की निकटता के कारण इस क्षेत्र में कोयला औद्योगिक क्षेत्र विकसित हुआ है. सबसे प्रतिष्ठित सरकारी उपक्रम और भारत में सबसे बड़ा कोयला उत्पादक उद्योग, साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की इकाई यहां स्थित है. चिरमिरी कोयला उद्योग के 1 3 प्रशासनिक क्षेत्रों में से एक है.

### दूध सा दिखता है अमृतधारा का पानी

महानदी की सहायक नदी हसदेव से अमृतधारा जलप्रपात का उद्गम हुआ है. यह छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े वॉटरफॉल्स में से एक है. यहां पानी 90 फीट की ऊंचाई से गिरता है और दूध की तरह सफेद नजर आता है. आस-पास की हरियाली इसकी खूबसूरती में चार चांद लगाते हैं. यहां एक मशहूर शिव मंदिर भी है, जहां हर साल शिवरात्रि पर मेला लगता है. मेले की शुरुआत साल 1936 में रामानुज प्रताप सिंहदेव ने किया था, जो कोरिया राज्य के राजा थे.

### 260 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब जब्त

**जांजगीर**, 10 सितम्बर (देशबन्धु)। राजस्व विभाग व बिर्रा पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में 260 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई।

मामले पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिला कि ग्राम महुवाडीह निवासी आरोपी आशा राम कोशल उम्र 60 वर्ष द्वारा अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब बिक्री करने हेतु रखा है। कि सूचना पर रेड कार्यवाही किया गया आरोपी के कब्जे से प्लास्टिक जरीकेन में अलग - अगल रखे अवैध कच्ची महुआ शराब हाथ भठ्ठी का जुमला 260 लीटर,  कीमती 26,000 रू मिला जिसे समक्ष गवाहों के जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया।

# देश विदेश

## चीन ने भारी बारिश के लिए येलो अलर्ट जारी किया

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि देश के कुछ हिस्सों में भारी बारिश होने के आसार हैं। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र ने रविवार को येलो चेतावनी जारी करते हुए कहा कि रविवार सुबह आठ बजे से सोमवार सुबह आठ बजे तक गुआंग्डोंग, हांगकांग, मकाओ, गुआंग्शी, हैनान, ताइवान और सिचुआन के कुछ हिस्सों में भारी बारिश होने का अनुमान है। इन क्षेत्रों में भारी बारिश हो सकती है, मौसम रिपोर्ट में प्रति घंटा वर्षा 80 मिलीमीटर से अधिक वर्षा होने के अनुमान जताये गए हैं।

# जी-20 सम्मेलन में फर्राटेदार हिन्दी में बोली अमेरिकी अधिकारी

**नई दिल्ली,** 10 सितम्बर (एजेंसियां) जी -20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने आये अमेरिकी दल में शामिल विदेश

- वैश्विक मुद्दों पर मीडियाकर्मियों के साथ की बात
- मार्गरेट ने दिल्ली विश्वविद्यालय में की है पढ़ाई



मंत्रालय की प्रवक्ता मार्गरेट मैकलियोड भारतीय मीडिया कर्मियों के साथ सहज रूप से फर्राटेदार हिन्दी में बात करने के लिए खासी चर्चा में रही। सुश्री मैकलियोड ने प्रगति मैदान में जी -20 के लिए बनाये गये मीडिया केंद्र में भारत-अमेरिकी संबंधों तथा वैश्विक मुद्दों पर मीडियाकर्मियों के साथ बातचीत में हिन्दी में सवालों के जवाब दिये। वह बीच-बीच में उर्दू के शब्दों का भी बखूबी इस्तेमाल करती हैं। उन्होंने कहा, हमारे (अमेरिका और भारत के) नेताओं के आपसी संबंध बहुत मधुर हैं, जो हमारे लोगों के बीच बढते संबंधों का प्रतीक है। भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिक दोनों देशों के आपसी रिश्तों को जीवंत बनाये रखने की प्रेरणा शक्ति हैं। दुनिया भर के देशों के बीच परस्पर विश्वास की बढती कमी और जी 20 सम्मेलन में इस पर चिंता व्यक्त किये जाने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि कूटनीति में बातचीत का बहुत महत्व है और विश्वास की इस कमी को पूरा करने के लिए बातचीत और एक दूसरे को समझकर आगे बढना ही सबसे बड़ी जरूरत है। भारत की जी 20 अध्यक्षता के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि भारत आबादी के लिहाज से बड़ा देश है और उभरती हुई बड़ी अर्थव्यवस्था है। भारत ने सम्मेलन के एजेन्डे में अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों को शामिल किया है। सम्मेलन के दौरान सभी देश एक दूसरे के साथ अपने नजरिये को साझा कर रहे हैं जिसके आधार पर मुद्दों पर सहमति बनती है।

**मुखर्जी नगर इलाके में रहती थी मार्गरेट**

सुश्री मार्गरेट ने दिल्ली विश्वविद्यालय में अध्ययन किया है और इस दौरान वह उत्तरी दिल्ली के मुखर्जी नगर इलाके में रहती थी। उसी समय उन्हें अपने भारतीय मित्रों और पास-पड़ोस के लोगों के सम्पर्क में आने पर हिन्दी सीखने का अवसर मिला। बाद में उन्होंने अमेरिकी विदेश सेवा विभाग के शिक्षकों से हिन्दी सीखी और हिन्दी की किताबें पढ़ कर अपना ज्ञान बढाया। सुश्री मार्गरेट ने कहा कि अमेरिका में कई विद्यालय हैं जहां हिन्दी सिखायी जाती है। वहां लोग हिन्दी समझना, पढना और बोलना सीख सकते हैं।

## कलाकारों ने दुनिया के सामने देश की वाद्य परंपराओं का जादू बिखेरा

**नई दिल्ली।** राजधानी में जी-20 शिखर सम्मेलन में आए राष्ट्राध्यक्षों और शासनाध्यक्षों के सम्मान में राष्ट्रपति दौपदी मुर्मु की ओर से शनिवार को आयोजित रात्रिभोज में भारत के विभिन्न भागों से आए कलाकारों ने दुनिया के समक्ष देश की समृद्ध शास्त्रीय एवं लोक संगीत तथा वाद्य परंपराओं का जादू बिखेरा। भारत मंडपम में आयोजित इस कार्यक्रम के लिए पारंपरिक संगीत और विभिन्न राज्यों के लोक-गीत चुने गए थे। इस संगीत लहरी का मुख्य आकर्षण गंधर्व अतोद्यम था। यह एक अद्वितीय संगीतमय मिश्रण है जिसमें पूरे भारत के संगीत वाद्ययंत्रों की एक उत्कृष्ट संगति दिखती है। गंधर्व अतोद्यम में शास्त्रीय वाद्ययंत्रों के समूह के साथ हिंदुस्तानी, कर्नाटक, लोक और समकालीन संगीत का प्रदर्शन किया जाता है। कार्यक्रम में प्रस्तुत किए गए हिंदुस्तानी संगीत के राग दरबारी कांदा और काफ़ी में 'खेलत होरी..का गायन , लोक संगीत में राजस्थानी- केसरिया बालम , घूमर और निम्बुरा निम्बुरा , कर्नाटक संगीत के राग मोहनम में स्वागतम कृष्ण , कश्मीर, सिक्किम के लोक संगीत और मेघालय का बोम्रू बोम्रू , हिंदुस्तानी संगीत के अंतर्गत राग देश और एकला चलो रे, महाराष्ट्र के अभंग में अबीर गुलाल, रेशमा चारे घानी (लावनी), गजर (वारकरी), कर्नाटक संगीत के राग मध्यमावती - लक्ष्मी बरम्मा , लोक संगीत में गुजरात का मोरबनी , पारंपरिक और भक्ति संगीत में पश्चिम बंगाल का भटियाली और अच्युतम केशवम (भजन), लोक संगीत में कर्नाटक के मदु मेकम कन्नै, कावेरी चिंदु और आद पम्बे , भक्ति संगीत में श्री राम चंद्र कृपालु..., वैष्णव जन और रघुपति राघव.. हिंदुस्तानी, कर्नाटक और लोक संगीत के अंतर्गत राग भैरवी- दादरा में मिले सुर मेरा तुम्हारा.. का सुमधुर गायन हुआ। संगीत व्यवस्था में देश की अद्वितीय और अद्वितीय संगीत विरासत को प्रदर्शित करने वाले विभिन्न दुर्लभ वाद्ययंत्रों का उपयोग शामिल था।कार्यक्रम में हुए वादन में रसिंगार, मोहन वीणा, जलतरंग, जोडिया पावा, धंगाली, दिलरुबा, सारंगी, कमाइचा, मट्टा कोकिला वीणा, नलतरंग, तुंगबुक, पखावज, रबाब, रावणहत्था, थाल दाना, रुद्र वीणा आदि जैसे वाद्ययंत्र शामिल थे।

## सुडोकू 6313


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 5 | | 4 | |
| | | 5 | | 4 | | 6 | | |
| 4 | 3 | 8 | 2 | | | | | |
| | | | | 2 | | | 6 | |
| 7 | | 3 | | | | 1 | | 2 |
| | 4 | | | 8 | | | | |
| | | | | | 2 | 7 | 9 | 4 |
| | | 2 | | 3 | | 5 | | |
| | 6 | | 7 | | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

*हल आज ही के अंक में*

## वर्ग पहेली 6313



**बायें से दायें:-**

१. ठगी, धोखेबाजी धूर्तता
३. दीवारों पर बना चित्र
५. उम्मीद, चाह, इच्छा
६. जहरीला
७. मुठभेड़, भिड़ंत
९. देखने की क्रिया, दीदार
१०. मद्य निर्माण शाला
१२. मुखिया, प्रमुख
१३. श्रेष्ठ, उत्तम
१४. निरस्त करना, रद्द होना
१६. भरा-पूरा, संपन्न
१८. रसीला
२०. लाल कमल, चांदी, विष्णु, कपूर
२१. परिवर्तित करना
२३. एकाएक, सहसा (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. जिस पर असर पड़ा हो
२. जिसे खुशामद पसंद हो
३. भीख मांगते हुए घूमना
४. चित्रकार
५. आय
८. जिसने किसी से कोई वादा कर रखा हो
१०. इज्जत, सम्मान
११. वस्त्र
१२. कोशिश
१३. बहरा
१४. जिस पर कोई नियंत्रण या अंकुश या दबाव न हो
१५. संवेदनशील, भावुक
१७. कमल
१८. अभिप्राय, उद्देश्य, हेतु (उर्दू)
१९. सीख, अध्याय, पाठ, पुस्तक का उतना अंश जितना एक दिन में गुरु से पढ़ा जाए (उर्दू)
२२. तबाह, बर्बाद, अंत

## वर्ग पहेली-6312

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | र्व | मं | ग | ला | ■ | म | नो | ब | ल |
| ह | ■ | ग | ■ | क्षा | री | य | ■ | ढ़ि | ■ |
| पा | ग | ल | ■ | भ | ■ | खा | मि | या | जा |
| ठी | ■ | का | ■ | व | र | ना | ■ | ■ | फ |
| ■ | चि | ल | म | न | ■ | ■ | अं | त | रा |
| ■ | रां | ■ | दि | ■ | बे | हू | दा | ■ | न |
| अ | ध | म | रा | ■ | व | ■ | ज | रा | ■ |
| नि | ■ | क | ■ | र | क्त | प | ■ | जि | ■ |
| वा | जि | ब | ■ | ह | ■ | ह | र | का | रा |
| र्ण | ■ | रा | ज | म | ह | ल | ■ | ■ | ज |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## सुडोकू 6313 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 2 | 7 | 1 | 9 | 5 | 8 | 4 | 3 |
| 1 | 9 | 5 | 8 | 4 | 3 | 6 | 2 | 7 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 7 | 4 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 | 2 |
| 2 | 4 | 6 | 5 | 8 | 1 | 3 | 7 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 5 | 2 | 7 | 9 | 4 |
| 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 8 | 5 | 1 | 6 |
| 5 | 6 | 4 | 7 | 1 | 9 | 2 | 3 | 8 |

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : सोमवार 11 सितम्बर , 2023 भाद्र कृष्ण पक्ष 12**

### राशिफल

मेष - आज आपको सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। भावुक रूप से आप थोड़े कमजोर बने रहेंगे। किसी भी बात से आपका मन दु-खी हो सकता है। माता के स्वास्थ्य की चिंता आपको रहेगी।

वृषभ - आपकी चिंता कम होने से राहत का अनुभव होगा। आपका मन प्रेम से परिपूर्ण रहेगा। आपकी सृजनशीलता और कल्पना शक्ति में भी वृद्धि होगी। कला और साहित्य में आप अपनी कुशलता बता सकेंगे।

मिथुन - आपके द्वारा निर्धारित किए गए काम पूरे हो जाने से आप खुशी का अनुभव कर सकेंगे। आर्थिक योजनाएं भी आप सरलतापूर्वक पूरा कर सकेंगे। व्यवसाय या नौकरी में मेल-जोल रहेगा और सहकर्मियों की मदद मिलती रहेगी।

कर्क - आज का दिन मित्रों और परिजनों के साथ आनंद में व्यतीत कर सकेंगे। उनसे मिलने वाले भेंट- सौगात से आपको खुशी महसूस होगी। घूमने- फिरने और स्वादिष्ट भोजन मिलने का योग है। कोई अच्छा समाचार प्राप्त कर सकेंगे।

सिंह - आज कानूनी मामलों में न पड़ना आपके हित में है। आप मानसिक चिंता और बेचैनी महसूस करेंगे। शरीर भी अस्वस्थ रहेगा। जीभ पर लगाम नहीं हो, तो किसी के साथ मनमुटाव या संघर्ष हो सकता है। प्रेम की मात्रा अधिक रहेगी।

कन्या - आप अनेक क्षेत्र में प्रतिष्ठा और सम्मान प्राप्त कर सकेंगे। आपको महिला मित्रों से लाभ होगा। मित्रों और बुजुर्गों के कारण आपका समय खुशी से व्यतीत होगा। आप घूमने जाने के बारे में विचार कर सकते हैं।

तुला - आज घर और ऑफिस में अच्छा वातावरण मिलने के कारण आप खुश होंगे। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। नौकरी करने वाले लोग उच्च पद प्राप्त कर सकेंगे। अधिकारी आपके काम की कद्र करेंगे।

वृश्चिक - आज शरीर में सुस्ती के कारण उत्साह का अभाव रहेगा। इसका प्रभाव आपके काम पर भी पड़ेगा। आपके लिए समस्याएं बढ़ेंगी। अधिकारी आपके लिए अनुकूल नहीं होंगे। संतान के साथ अनबन हो सकती है।

धनु - आज का दिन नए काम करने के लिए अच्छा नहीं है। सर्दी, खांसी या पेट की तकलीफ हो सकती है। किसी भी तरह का ऑपरेशन कराने के लिए आज का दिन अच्छा नहीं है। आपके मन में चिंता और बेचैनी रह सकती है।

मकर - दैनिक कामों के अलावा आप अपना आज का समय मनोरंजन तथा मिलने जुलने में व्यतीत करेंगे। स्वादिष्ट भोजन प्राप्त होगा और दोस्तों के साथ घूमने जाएंगे। मित्रों के साथ अच्छा समय गुजरेगा। धन लाभ के प्रबल योग हैं।

